वर्ष-31, अंक- 286, पृष्ठ-12 | श्रावण शुक्ल पक्ष 09, संवत 2082 | डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com

डालटनगंज (मेदिनीनगर)
शनिवार
02 अगस्त 2025

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

₹2.00

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर









## एक नजर

### हत्या के मामले में दोषी को सश्रम आजीवन कारावास, 50 हजार का जुर्माना भी लगा

**मेदिनीनगर।** हत्या के एक मामले में पलामू जिला व्यवहार न्यायालय के नवम जिला एवं सत्र न्यायाधीश आभाष कुमार की अदालत ने नितेश शुक्ला उर्फ गोलू शुक्ला को सश्रम आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही अदालत ने आरोपी पर 50 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। जुर्माना अदा न करने पर एक वर्ष का अतिरिक्त साधारण कारावास भुगतना होगा। यह मामला शहर थाना कांड संख्या 306/2018, दिनांक 4 सितंबर 2018 से संबंधित है। प्राथमिकी पाटन थाना अंतर्गत पालहे खुर्द निवासी नितेश शुक्ला के विरुद्ध दर्ज की गई थी। मृतक के भाई ने आरोप लगाया था कि 3 सितंबर 2018 की रात 8:30 बजे, राजकीय मध्य विद्यालय (हरिजन स्कूल) के पास आरोपी ने उसके भाई को घर से बुलाकर गोली मार दी, जिससे उसकी मौत हो गई। मामले में भारतीय दंड संहिता की धारा 302, 120बी एवं आर्म्स एक्ट की धारा 27 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई थी।

### व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर **72094 53444** पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर **72094 03444** संपर्क करें।

### आज / कल




## आईआईटी-आईएसएम धनबाद के दीक्षांत समारोह में बोलीं राष्ट्रपति

# 2047 के विकसित भारत के लक्ष्य में सहभागी बनें युवा

- उत्कृष्ट अकादमिक प्रदर्शन के लिए 94 विद्यार्थियों को मिला गोल्ड, सिल्वर और ब्रांज मेडल

**नवीन मेल डेस्क**

**धनबाद।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आईआईटी-आईएसएम के 45वें दीक्षांत समारोह में शुक्रवार को युवाओं से आह्वान किया कि वे वर्ष 2047 तक विकसित भारत के निर्माण में रचनात्मक भूमिका निभाएं। उन्होंने कहा कि युवा अपने ज्ञान, नैतिकता व नवाचार के माध्यम से राष्ट्र की आकांक्षाओं को साकार करें। कहा कि शिक्षा केवल तकनीकी दक्षता तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि उसका उद्देश्य संवेदनशील और नैतिक व्यक्तित्व का निर्माण भी होना चाहिए। धनबाद स्थित आईआईटी-आईएसएम के दीक्षांत समारोह शेष पेज 11 पर...



## राष्ट्रपति की उपस्थिति से प्रेरणादायक बना यह दीक्षांत समारोह : राज्यपाल

**धनबाद।** आईआईटी आईएसएम, धनबाद के 45वें दीक्षांत समारोह में राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रपति की उपस्थिति से यह दीक्षांत समारोह अत्यंत प्रेरणादायक और ऐतिहासिक बन गया है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति का झारखंड से विशेष आत्मीय संबंध रहा है। अपने राज्यपाल कार्यकाल में उन्होंने शिक्षा, महिला सशक्तिकरण, स्वास्थ्य और जनकल्याण जैसे क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य किए हैं। उनकी सादगी, संवेदनशीलता और जनभावनाओं के प्रति समर्पण ने झारखंडवासियों के हृदय में विशेष स्थान बनाया है। राज्यपाल गंगवार ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के जीवन संघर्ष का उल्लेख करते हुए शेष पेज 11 पर...



## मातृत्व को सशक्त बनाने का प्रयास है 'विश्व स्तनपान सप्ताह': अन्नपूर्णा



- केंद्रीय मंत्री ने 'एक्स' पर लिखा, स्तनपान को बढ़ावा देना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है

**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** महिला एवं बाल विकास मंत्री और कोडरमा सांसद अन्नपूर्णा देवी ने विश्व स्तनपान सप्ताह (1-7 अगस्त) को मां और शिशु के बीच जीवनदायी रिश्ते को मजबूत करने का संकल्प बताया। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक वीडियो साझा करते हुए कहा, यह केवल स्वास्थ्य अभियान नहीं, बल्कि मातृत्व को सशक्त बनाने का प्रयास है। इस साल की थीम 'स्तनपान को प्राथमिकता दें : स्थायी सहायता प्रणालियां बनाएं' माताओं और शिशुओं के स्वास्थ्य को बढ़ावा देने पर केंद्रित है। उन्होंने कैप्शन में लिखा, 'विश्व स्तनपान सप्ताह' केवल एक स्वास्थ्य अभियान नहीं, बल्कि मां और शिशु के बीच जीवनदायी संबंध को सशक्त बनाने का संकल्प है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में मातृ वंदना योजना, जननी सुरक्षा योजना और पोषण अभियान जैसी पहल मातृत्व को सुरक्षा, सम्मान और शक्ति प्रदान कर रही हैं। आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और आशा बहनों के सतत प्रयासों के साथ-साथ पोषण ट्रैकर जैसे डिजिटल टूल्स माताओं को अधिक जागरूक, समर्थ और स्वास्थ्य-साक्षर बना रहे हैं। अन्नपूर्णा देवी ने कहा, स्तनपान को बढ़ावा देना समाज के लिए एक सामूहिक जिम्मेदारी है, जो मां और शिशु दोनों के लिए जीवन रक्षक है। इस अभियान का लक्ष्य समाज, कार्यस्थलों और सरकारी नीतियों में ऐसी व्यवस्थाएं बनाना है, जो माताओं को स्तनपान के लिए प्रोत्साहित करे। अन्नपूर्णा देवी ने वीडियो में अपील की कि गर्भवती महिलाओं को स्तनपान के महत्व के बारे में जागरूक करना जरूरी है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चल रही मातृ वंदना योजना, जननी सुरक्षा योजना और पोषण अभियान जैसी योजनाओं की सराहना की, जो माताओं को सुरक्षा और समर्थन प्रदान करती हैं। आंगनवाड़ी और आशा कार्यकर्ताओं शेष पेज 11 पर...

### विधानसभा का मानसून सत्र शुरू

# सदन को स्वस्थ बहस, रचनात्मक आलोचना का मंच बनाएं : स्पीकर

- कहा, आम जन की आकांक्षाओं की पूर्ति हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता हो

**नवीन मेल डेस्क**

**रांची।** झारखंड विधानसभा का मानसून सत्र शुक्रवार से शुरू हो गया। सत्र के पहले दिन विधानसभा अध्यक्ष रबींद्र नाथ महतो ने सदन को संबोधित करते हुए लोकतंत्र की आदर्श परंपराओं के निर्वहन, सदन में रचनात्मक संवाद और सहभागिता की अहमियत पर बल दिया। विधानसभा अध्यक्ष (स्पीकर) ने कहा, आम जन की आकांक्षाओं की पूर्ति ही हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। लोकतंत्र तभी सफल होता है, जब हम सभी अपने दायित्वों का समर्पण के साथ निर्वहन करें। उन्होंने कहा कि संवाद, सहमति और सहभागिता से ही सदन जनता की अपेक्षाओं का प्रतीक बनता है। स्पीकर महतो ने कहा, लोकतंत्र केवल बहुमत का शासन नहीं है, बल्कि अल्पमत का सम्मान भी जरूरी है। सदन को स्वस्थ बहस, रचनात्मक आलोचना और विचार-विमर्श का मंच बनना चाहिए। मानसून सत्र के पहले दिन स्पीकर ने भाजपा के विधायक नवीन जायसवाल को पार्टी के मुख्य सचेतक तथा राज सिंहा और नागेंद्र महतो को सचेतक के रूप में मान्यता प्रदान की। सत्र के पहले दिन देश-राज्य की कई विभूतियों, पूर्व सांसदों और विधायकों के निधन पर शोक प्रस्ताव लाया गया।

शेष पेज 11 पर...

#### 4 अगस्त को वर्ष 2025-26 का पहला अनुपूरक बजट पेश होगा

विधानसभा अध्यक्ष रबींद्र नाथ महतो ने सत्र के कार्यक्रम की आधिकारिक सूचना सदस्यों के साथ साझा की। उन्होंने बताया कि सत्र 7 अगस्त 2025 तक चलेगा। इसमें कुल पांच कार्य दिवस निर्धारित किए गए हैं। 4 अगस्त को वित्तीय वर्ष 2025-26 का पहला अनुपूरक बजट पेश किया जाएगा। 5 अगस्त को प्रश्नकाल के बाद अनुपूरक बजट पर चर्चा होगी। 6 अगस्त को प्रश्नकाल और राजकीय विधेयकों पर विचार किया जाएगा। 7 अगस्त को प्रश्नकाल के बाद राजकीय विधेयक और गैर सरकारी संकल्पों पर चर्चा होगी।

#### सत्र के लिए सभापतियों के नामों की घोषणा हुई

विधानसभा अध्यक्ष रबींद्र नाथ महतो ने मानसून सत्र के पहले दिन सत्र के लिए सभापतियों के नामों की घोषणा की। इनमें स्टीफन मरांडी, सीपी सिंह, निरल पूर्ति, रामचंद्र सिंह और नीरा यादव शामिल हैं। कार्यमंत्रणा समिति की भी घोषणा की गई, जिसमें अध्यक्ष स्वयं स्पीकर होंगे। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, राधाकृष्ण किशोर, बाबूलाल मरांडी, सरयू राय, निरल पूर्ति और अरूप चटर्जी को सदस्य बनाया गया है। वहीं, विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में दीपक बिरुआ, मथुरा महतो, सीपी सिंह, स्टीफन मरांडी, प्रदीप यादव, सुरेश पासवान, नवीन जायसवाल, जर्नादन पासवान, बसंत सोरेन, नीरा यादव, कल्पना सोरेन मुर्मू, निर्मल महतो और जयराम महतो को शामिल किया गया है।



रांची के जगन्नाथपुर स्थित नवनिर्मित विधायक आवासीय परिसर में शुक्रवार को आयोजित 76वें वन महोत्सव में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, विधायक कल्पना सोरेन, वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर व अन्य।

## रॉयल्टी बकाया मामले में पैनम कोल माइंस की संपत्ति कुर्क होगी

**नवीन मेल डेस्क**

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने शुक्रवार को रॉयल्टी बकाया रखने के मामले में पैनम कोल माइंस के खिलाफ कुर्की-जब्ती के आदेश का अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति तरलोक सिंह चौहान की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने इस संबंध में दायर एक जनहित याचिका पर शुक्रवार को सुनवाई करते हुए निर्देश दिया कि संपत्ति कुर्क करने में बंगाल के वर्धमान जिले के एसपी भी झारखंड पुलिस को सहयोग करें। कोर्ट ने इस मामले में अगली सुनवाई 11 अगस्त निर्धारित की है। सुनवाई के दौरान कोर्ट को बताया गया कि पैनम कोल माइंस पर कोयला खनन के एवज में 118 करोड़ रुपए की रॉयल्टी बकाया है। झारखंड के दुमका जिले के अफसर ने इस मामले में कंपनी के खिलाफ वारंट और कुर्की का आदेश पहले ही जारी कर दिया है, लेकिन इसपर कार्रवाई नहीं हो रही है। ज्ञात हो कि झारखंड सरकार ने दुमका और पाकुड़ जिलों में कोयला खनन के लिए पैनम माइंस कंपनी को लीज पर जमीन दी थी। आरोप है कि कंपनी ने लीज की शर्तों का उल्लंघन करते हुए तय सीमा से अधिक मात्रा में कोयला खनन किया, जिससे राज्य सरकार को 100 करोड़ रुपए से अधिक का राजस्व नुकसान हुआ।

## इंडिया

# पकिस्तान से डील तो बहाना है बलूचिस्तान निशाना है



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

अपने को विश्व का स्वघोषित चौधरी समझने वाले अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप 26 बार भारत पाक सहित अन्य के युद्ध विराम का विवादास्पद दावा कर चुके हैं पर इस बार उन्होंने एक नया धमाका किया है कि पाकिस्तान और अमेरिका के बीच तेल डील हो चुका है पर इससे सबसे ज्यादा बलूचिस्तान के लोग भड़के हैं। इस कथित डील का का राजनैतिक मकसद तो जो है वह है ही पर पाकिस्तान के अंदर मौजूद आपार प्राकृतिक संसाधनों खासकर तेल, गैस और दुर्लभ खनिज का दोहन करना है और वो सारा कुछ बलूचिस्तान में है। ये संसाधन वास्तव में पाकिस्तान के उस बलूचिस्तान के हैं जो दशकों से अपनी आजादी की लड़ाई के लिए लड़ाई लड़ रहा है और भारत से सहयोग भी चाहता है । लड़ाके बलूचों ने घोषणा की है कि बलूचिस्तान की भूमि बिकाऊ नहीं है। भारत पर 25 प्रतिशत टैरिफ का ऐलान करने वाले डोनाल्ड ट्रंप पर पूरा बलूचिस्तान टूट पड़ा है। बलूचिस्तान डोनाल्ड ट्रंप को वैसे ही धमका रहा है जैसे वो शहबाज शरीफ को धमकाता रहा है। कह सकते हैं कि बलूचिस्तान ने भारत का साथ देते हुए डोनाल्ड ट्रंप को खुली चुनौती दी है। बलूच एक्टिविस्ट मीर यार बलोच ने कहा कि तेल और खनिज भंडारों के मामले में ट्रंप की जानकारी बिल्कुल सही है पर ट्रंप शायद यह नहीं जानते कि ये तेल और प्राकृतिक संसाधन पाकिस्तान के नहीं बल्कि बलूचिस्तान के हैं और बलूचिस्तान पाकिस्तान का नहीं है। तेल, नैचुरल गैस, कॉपर, लिथियम, अल्युम्युनियम और रेयर अर्थ मेटल पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में नहीं बल्कि रिपब्लिक ऑफ बलूचिस्तान में है और अपना ये खजाना हम डोनाल्ड ट्रंप को तो कतई नहीं लेने देंगे। बलूच नेता ने कहा कि हम अमेरिका, पाकिस्तान और चीन जैसे किसी भी देश को बलूचिस्तान में घुसने नहीं देंगे। जिस तरह से चीन और पाकिस्तान पिट रहे हैं उसी तरह से अमेरिका भी पिटेगा। जबकि प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने अमेरिका के राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप का आभार जताते हुए कहा कि यह ढील दोनों देशों की साझेदारी को नए मुकाम तक ले जाएगी। ट्रंप ने सोशल मीडिया प्लैटफॉर्म 'टूथ सोशल' पर कहा कि पाकिस्तान और अमेरिका अपने विशाल तेल भंडार को मिलकर विकसित करेंगे और कौन जाने शायद एक दिन वे भारत को तेल बेचें। हालांकि उन्होंने यह नहीं बताया कि ये भंडार कहां स्थित है? विशेषज्ञों के अनुसार पाकिस्तान लंबे समय से अपने समुद्री तटों पर तेल और गैस संसाधनों की बात करता रहा है, लेकिन व्यावहारिक दोहन में अब तक कोई बड़ी सफलता नहीं मिली।




## जुलाई में झमाझम बरसे बादल, जून की तुलना में दोगुनी से अधिक हुई बारिश

- मानसून की सक्रियता से खेती को मिला संजीवनी, जलजमाव की भी आईं शिकायतें

**राणा अरुण सिंह**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले में जुलाई महीने में मानसून ने पूरी ताकत से दस्तक दी। मौसम विभाग से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार, जुलाई 2025 में कुल 598.1 मिमी वर्षा दर्ज की गई, जबकि जून 2025 में मात्र 271.7 मिमी बारिश हुई थी। इस प्रकार जुलाई में जून की तुलना में दो गुना से अधिक वर्षा हुई है। बारिश के इन आंकड़ों ने जिले में खरीफ फसलों की बुआई को गति दी है। विशेषकर धान जैसी फसलें अब तेजी से लहलहाने लगी हैं। किसानों के चेहरों पर संतोष और उम्मीद की चमक देखी जा रही है। कृषि विभाग ने भी इस मानसून को अनुकूल बताया है। हालांकि, अधिक वर्षा के कारण कई ग्रामीण क्षेत्रों में जलजमाव और सड़कों की क्षति की शिकायतें भी सामने आई हैं। कुछ जगहों पर नालियों की सफाई न होने से पानी का निकास बाधित हुआ है, जिससे स्थानीय लोगों को परेशानी उठानी पड़ी। प्रशासन द्वारा बारिश के मौसम को देखते हुए संबंधित विभागों को अलर्ट पर रखा गया है और आपदा प्रबंधन की टीमों को भी तैयार रहने को कहा गया है। समग्र रूप से देखा जाए तो जुलाई की झमाझम बारिश ने जिले में खेती-किसानी के लिए राहत दी है, लेकिन आधारभूत संरचना की कमियों को भी उजागर कर दिया है।

# मोहम्मदगंज बना मछली उत्पादन का प्रमुख केंद्र



**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** जून-जुलाई की अत्यधिक बारिश से मोहम्मदगंज प्रखंड के कादलकुर्मी, रामनगर, राजनडीह और भीगहातर जैसे इलाकों के आहरों और तालाबों में जल संचयन बेहतर हुआ है। इससे मछली उत्पादन में जबरदस्त बढ़ोतरी की उम्मीद की जा रही है। जानकारों के अनुसार, भीमबराज और कांशीस्रोत डैम की वजह से अब सालभर मछली उपलब्धता संभव हो पाई है, जबकि पहले केवल कोयल और अन्य नदियों पर निर्भरता थी। अब, स्थानीय तालाबों में मछली पालन कर स्थानीय जरूरतों की पूर्ति के बाद निर्यात भी किया जा रहा है, जिससे क्षेत्र को आर्थिक रूप से मजबूती मिल रही है। इस वर्ष कुल 720.1 मिमी वर्षा दर्ज की गई है, जो इस क्षेत्र के लिए रिकॉर्ड है मछली पालकों को मत्स्य विभाग, मेदिनीनगर और निजी सप्लायर्स (विशेषतः पश्चिम बंगाल के) से जीरा (मछली के बच्चे) आसानी से मिल जाते हैं। मछुआरों की घनी आबादी भी उत्पादन और विपणन को बढ़ावा दे रही है।

# थाने के पास तीन दुकानों में चोरी, 50 हजार से अधिक की संपत्ति पर हाथ साफ

● पुलिस पर लापरवाही का आरोप, बढ़ी असुरक्षा की भावना



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** हुसैनाबाद थाना से महज 100 मीटर की दूरी पर बुधवार रात अज्ञात चोरों ने तीन दुकानों में सेंधमारी कर करीब 50 हजार रुपये से अधिक की संपत्ति पर हाथ साफ कर दिया। चोरी की ये घटनाएं अम्बेडकर चौक पर हुईं, जहां शशि पटेल की दुकान से 5 हजार रुपये नकद, रहमान राईन की फल दुकान से तीन पेटी अनार, एक पेटी कीवी, एक पेटी सेब, बर्तन और 1,000 रुपये रेजगारी गायब कर दी गई। तीसरी चोरी नसीर की आलू दुकान में हुई, जहां से सामान चोरी होने की सूचना है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पुलिस गश्ती की कमी और असामाजिक तत्वों की बढ़ती गतिविधियों से क्षेत्र असुरक्षित होता जा रहा है। पुलिस को सूचना मौखिक रूप से दी गई है, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। इंस्पेक्टर सोनू कुमार चौधरी ने कहा कि लिखित शिकायत मिलते ही कार्रवाई की जाएगी।

## न्यूज बॉक्स

### त्रिस्तरीय पंचायती राज अधिकारों की मांग को लेकर 5 अगस्त को विधानसभा का घेराव करेंगे पंचायत प्रतिनिधि

**हैदरनगर।** पंचायती राज व्यवस्था को संविधान के अनुरूप अधिकार दिलाने के उद्देश्य से हैदरनगर प्रखंड के सभी पंचायत प्रतिनिधि आगामी 5 अगस्त को रांची स्थित झारखंड विधानसभा का घेराव करेंगे। शुक्रवार को आयोजित बैठक में इस निर्णय पर सर्वसम्मति बनी प्रतिनिधियों ने कहा कि यह लोकतांत्रिक प्रदर्शन पंचायतों को वास्तविक अधिकार दिलाने, राज्य वित्त आयोग और 15वें वित्त आयोग की लंबित राशि का भुगतान कराने तथा पूर्व में किए गए वादों की पूर्ति की मांग को लेकर किया जा रहा है। बैठक में उप प्रमुख पप्पू कुमार पासवान, प्रमुख प्रतिनिधि प्रमेतोष सिंह, पंचायत समिति सदस्य गुप्तेश्वर पांडेय, मुखिया जितेंद्र सिंह, नवाजीश खान, सज्जू खान सहित अन्य पंचायत प्रतिनिधियों ने आंदोलन की रणनीति पर चर्चा की। सभी ने एक स्वर में कहा कि पंचायतों को आज भी प्रशासनिक एवं वित्तीय मामलों में स्वतंत्र निर्णय लेने का अधिकार नहीं है, जिससे स्थानीय विकास बाधित हो रहा है। प्रतिनिधियों ने बताया कि यह आंदोलन केवल हैदरनगर तक सीमित नहीं है, बल्कि पूरे राज्य के पंचायत प्रतिनिधि इस प्रदर्शन में शामिल होंगे। सभी जिलों से पंचायत प्रतिनिधि 5 अगस्त को राजधानी पहुंचेंगे और अपनी मांगों को विधानसभा के समक्ष प्रस्तुत करेंगे। उन्होंने राज्य सरकार से आग्रह किया है कि पंचायतों को संविधान द्वारा प्रदत्त अधिकारों के अनुरूप पूर्ण स्वायत्तता दी जाए, जिससे ग्राम स्वराज की अवधारणा को व्यवहार में उतारा जा सके। प्रतिनिधियों ने यह भी बताया कि प्रदर्शन के दौरान मुख्यमंत्री एवं ग्रामीण विकास मंत्री को एक ज्ञापन सौंपा जाएगा, जिसमें पंचायतों के अधिकार, लंबित अनुदान, पदाधिकारियों की नियुक्ति, और कार्यदायित्व से जुड़ी मांगों का विस्तृत विवरण शामिल होगा। बैठक में यह भी प्रस्ताव पारित किया गया कि यदि 5 अगस्त के प्रदर्शन के बाद भी सरकार की ओर से कोई सकारात्मक पहल नहीं की जाती है, तो आंदोलन को चरणबद्ध तरीके से आगे बढ़ाया जाएगा।

### राजकीय विद्यालय सोबा में प्रधानाध्यापक का विदाई समारोह, बच्चों की आंखें हुई नम

**हैदरनगर।** राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय, सोबा में प्रधानाध्यापक चक्रवर्ती कुमार सिंह के सेवानिवृत्त होने पर सम्मान सह विदाई समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व मुखिया दयानंद मेहता ने की जबकि संचालन प्रेम कुमार चौधरी और अरुण कुमार चौधरी ने किया। कार्यक्रम में दीप प्रज्वलन कर शुभारंभ किया गया। शिक्षिका प्रियंका कुमारी और छात्राओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। अजाप्टा जिलाध्यक्ष सुधीर कुमार दूबे, संगठन सचिव राजीव रंजन पांडेय, और राकेश कुमार (क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी) समेत अनेक शिक्षाविदों ने चक्रवर्ती कुमार सिंह की शिक्षण शैली, अनुशासन और सादगी की प्रशंसा की। विद्यालय परिवार ने उन्हें शॉल, अंगवस्त्र, कलम और डायरी भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में दर्जनों शिक्षकों, समाजसेवियों और ग्रामीणों ने भावुक विदाई दी। ग्रामीणों ने बाजा-गाजा के साथ पारंपरिक तरीके से विदाई दी। बच्चों की आंखों से बहते आंसू उनके प्रति गहरी भावनात्मक जुड़ाव और आदर को दर्शा रहे थे।

### उपप्रमुख के नेतृत्व में कांवरियों का जत्था हुआ देवघर रवाना



**मोहम्मदगंज।** सावन के पवित्र महीने में मोहम्मदगंज प्रखंड के पंसा पंचायत से शुक्रवार को उपप्रमुख नगीना सिंह के नेतृत्व में कांवरियों का जत्था बाबा बैजनाथ धाम, देवघर के लिए रवाना हुआ। जत्था में अरविंद सिंह, रवि मेहता, कामेश्वर बैठा और अनिल चंद्रवंशी सहित कई अन्य श्रद्धालु शामिल रहे। यात्रा प्रारंभ करने से पूर्व सभी भक्तों ने देवीधाम समेत विभिन्न स्थानीय मंदिरों में पूजा-अर्चना कर मंगलमय यात्रा की कामना की। उपप्रमुख श्री सिंह ने बताया कि यह यात्रा सुल्तानगंज से पवित्र गंगा जल लेकर देवघर स्थित बाबा वैद्यनाथ धाम तक लगभग 105 किलोमीटर की पैदल यात्रा होगी, जिसमें वे जलाभिषेक कर भगवान शिव से परिवार, गांव एवं समाज की सुख-समृद्धि की प्रार्थना करेंगे।

### जेएमएम किसान मोर्चा पदाधिकारियों का स्वागत, संगठन मजबूत करने का संकल्प

**हुसैनाबाद।** जेएमएम प्रखंड कार्यालय में शुक्रवार को किसान मोर्चा के नवनियुक्त पदाधिकारियों का भव्य स्वागत समारोह आयोजित किया गया। जिलाध्यक्ष बबलू सिंह, उपाध्यक्ष विजय पासवान, सचिव कमलेश पाठक, सह सचिव रविंद्र पासवान व कोषाध्यक्ष अरबिंद पाल को अंगवस्त्र और मिठाई खिलाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष सुरेंद्र साहनी और संचालन राजेश सिंह ने किया। बबलू सिंह ने कहा कि वे संगठन को गांव-गांव तक मजबूत बनाएंगे और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की जनोन्मुखी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाएंगे। कार्यक्रम में अशोक सिंह, इरफान अंसारी, राम प्रवेश सिंह, शशि भूषण सिंह, पिंटू गुप्ता समेत कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### सूचना के अधिकार के तहत मांगी गई ग्रामीण विद्युतीकरण योजना की जानकारी

**हरिहरगंज।** शहरी क्षेत्र के समाजसेवी रविन्द्र पासवान ने सूचना के अधिकार अधिनियम (फ्ळक) के तहत विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल छतरपुर से ग्रामीण विद्युतीकरण योजना से संबंधित पूरी जानकारी मांगी है। उन्होंने आवेदन में चयनित गांवों और पंचायतों में लगे विद्युत पोल, तार, मीटर की संख्या, प्राक्कलन राशि, संवेदक का नाम-पता, गरीबी रेखा से नीचे के लाभार्थियों की सूची तथा कार्य की गुणवत्ता जैसे बिंदुओं पर जानकारी मांगी है। रविन्द्र पासवान ने बताया कि योजना के तहत लगे पोल और तार वर्तमान में बारिश के मौसम में कई स्थानों पर झुक गए हैं, जिससे जान-माल का खतरा बना हुआ है और लोग असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। यह आवेदन दर्शाता है कि ग्रामीण विद्युतीकरण के कार्यों में पारदर्शिता और निगरानी की अत्यंत आवश्यकता है।

### सकारात्मक सोच के लिए लेस्लीगंज और कुंदरी स्कूल में खुशी क्लास का आयोजन



**नीलाम्बर पीताम्बरपुर।** प्रखंड के राजकीयकृत प्लस टू उच्च विद्यालय लेस्लीगंज और कुंदरी हाई स्कूल में ह्यखुशी क्लासह्न का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों में सकारात्मक सोच विकसित करना और जीवन में उत्साह बनाए रखना रहा। इस कार्यक्रम का संचालन समाजसेवी सह चिकित्सक डॉ. अरविंद तिवारी और खुशी मिशन के संस्थापक मुकेश सिंह चौहान ने किया। डॉ. तिवारी ने अपने संबोधन में कहा कि सकारात्मकता न केवल जीवन को संवारती है, बल्कि कठिनाइयों का समाधान भी आसान बनाती है। उन्होंने गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन और ओशो से जुड़ी प्रेरक बातें भी साझा कीं। मुकेश सिंह चौहान ने विद्यार्थियों को एक वैज्ञानिक और मेंढक की कहानी सुनाते हुए बताया कि क्रियाशील रहने वाला व्यक्ति ही समय आने पर संकट से उबर सकता है। उन्होंने स्कूल प्रबंधन से आग्रह किया कि किसी भी छात्र को मानसिक दबाव या तनाव महसूस हो, तो खुशी मिशन से निःशुल्क सहायता ली जा सकती है। अंत में लाइफ केयर हॉस्पिटल, रांची के खुशी दूत संदीप शाह ने धन्यवाद ज्ञापन दिया।

फाइलेरिया उन्मूलन के लिए 10 से 25 अगस्त तक चलेगा अभियान

# पांकी प्रखंड कार्यालय में हुई बैठक, सभी विभागों को सहयोग करने का निर्देश



**नवीन मेल संवाददाता**

**पांकी।** फाइलेरिया उन्मूलन अभियान (MDA/IDA 2025) के सफल क्रियान्वयन को लेकर पांकी प्रखंड कार्यालय में एक बैठक आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी ने की, जिसमें पीपीटी के माध्यम से अभियान की विस्तृत जानकारी दी गई। बैठक में बताया गया कि 10 से 25 अगस्त तक 2 वर्ष से कम उम्र के बच्चों, गर्भवती महिलाओं और गंभीर रूप से बीमार व्यक्तियों को छोड़कर, शेष सभी को DEC, अल्बेंडाजोल और आइवरमेक्टिन की एक खुराक दी जाएगी। बीडीओ ने आंगनबाड़ी केंद्रों, स्वास्थ्य केंद्रों, वार्ड कार्यालयों और सार्वजनिक स्थानों पर दवा वितरण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने पंचायत प्रतिनिधियों और डीलरों से जनजागरूकता अभियान में सक्रिय भागीदारी करने का भी आग्रह किया। नोडल अधिकारी अनल कुमार लव ने बताया कि दवा का सेवन कर फाइलेरिया जैसी गंभीर बीमारी से बचा जा सकता है। बैठक में स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग और स्थानीय संस्थाओं की सहभागिता की अपील की गई।

# बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना पलामू में फेल, सिर्फ 246 किसानों का हुआ बीमा



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना किसानों के लिए ह्यसुरक्षा कवचह्न बनकर आई थी, लेकिन पलामू जिले में यह पूरी तरह विफल रही। यह बात हुसैनाबाद व्यापार मंडल अध्यक्ष एवं जिला पैक्स अध्यक्ष संघ के जिला अध्यक्ष कृष्णा बैठा ने कही। उन्होंने प्रेस बयान में बताया कि सरकार ने 1,00,765 किसानों का बीमा कराने का लक्ष्य दिया था, लेकिन 31 जुलाई तक केवल 246 किसानों का बीमा हो सका। ल्उ्रङ्क एग्रो को बीमा एजेंसी बनाया गया था, पर नेटवर्क विफलता और सीएससी केंद्रों की निष्क्रियता से किसान इधर-उधर भटकते रहे। कृष्णा बैठा ने सरकार से मांग की है कि बीमा की समयसीमा एक माह तक बढ़ाई जाए और नेटवर्क समस्या का त्वरित समाधान किया जाए।

## रक्षाबंधन पर सतबरवा में होगा महिलाओं का सम्मान समारोह

**सतबरवा।** रक्षाबंधन के अवसर पर सतबरवा प्रखंड कार्यालय परिसर में 8 अगस्त को महिलाओं के सम्मान में एक भव्य समारोह का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में सामाजिक कार्यों से जुड़ी महिलाओं, स्वयं सहायता समूहों की सदस्यों, पंचायत प्रतिनिधियों और कार्यालय की महिला कर्मियों को सम्मानित किया जाएगा। इस आयोजन के संयोजक आशीष कुमार सिन्हा ने बताया कि यह कार्यक्रम महिलाओं की सामाजिक भूमिका को सम्मान देने और उनके योगदान को पहचान दिलाने हेतु आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम में पलामू के उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक, अनुमंडल पदाधिकारी सहित कई प्रशासनिक और सामाजिक हस्तियों के उपस्थित रहने की संभावना है।

# गोल्हना विद्यालय में छात्रों को वितरित हुई मुफ्त किताबें व कॉपियां



**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** झारखंड सरकार के स्कूली शिक्षा विभाग द्वारा संचालित शैक्षिक सामग्री वितरण योजना के अंतर्गत उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय, गोल्हना में कक्षा 1 से 5 तक के सभी नामांकित विद्यार्थियों के बीच निःशुल्क पाठ्यपुस्तकें और कॉपियों का वितरण किया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन समिति के सचिव सह प्रधानाध्यापक फिरोज अंसारी, अध्यक्ष कविता देवी, वार्ड सदस्य बचन सिंह, और सक्रिय सदस्य व युवा सामाजिक कार्यकर्ता अंकु सिंह राणा उपस्थित रहे। अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने बच्चों को नियमित स्कूल आने और पढ़ाई में मन लगाने की प्रेरणा दी। वार्ड सदस्य बचन सिंह ने सरकार की इस योजना की सराहना करते हुए कहा कि ₹हर बच्चे तक यह सुविधा पहुंचे, यह हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है।₹ कार्यक्रम का समापन विद्यालय समिति द्वारा सभी आगंतुकों के प्रति आभार प्रकट करते हुए किया गया।

## गढ़वा रोड जंक्शन पर फूट ओवर ब्रिज निर्माण की मांग

**विश्रामपुर।** खैरा विकास मंच के अध्यक्ष ललन प्रसाद पांडेय ने धनबाद में पूर्व मध्य रेलवे मंडल प्रबंधक अखिलेश मिश्रा से मुलाकात कर गढ़वा रोड जंक्शन (रेहला स्टेशन) पर फूट ओवर ब्रिज निर्माण की मांग की। पांडेय ने बताया कि रेहला स्टेशन एक मॉडल स्टेशन है, लेकिन रेलवे ट्रैक शहर के बीच से गुजरने के कारण शहर दो हिस्सों में बंट गया है, जिससे यात्रियों और आमजन को रोजाना भारी परेशानी होती है। उन्होंने ज्ञापन में इस मांग को वर्षों से लंबित बताया और इसे जन सुरक्षा से जुड़ा मुद्दा करार दिया। रेल प्रबंधक अखिलेश मिश्रा ने आश्वासन दिया कि इस दिशा में जल्द सकारात्मक कार्रवाई की जाएगी।

# हुसैनाबाद प्रखंड कार्यालय परिसर में 'वेजफ्रेश' दुकान महीनों से बंद




**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** प्रखंड कार्यालय परिसर में स्थापित वेजफ्रेश ऑर्गेनिक सब्जी दुकान महीनों से बंद पड़ी है। केवल दुकान का बोर्ड दिखाई दे रहा है, जिससे स्थानीय लोगों और अधिकारियों में असमंजस की स्थिति है। वरिष्ठ अधिवक्ताओं प्रेमतोष कुमार सिंह, अनिमेष अग्रवाल और योगेंद्र सिंह ने इस मामले की उच्च स्तरीय जांच की मांग की है। उन्होंने सवाल उठाया कि प्रखंड परिसर की जमीन पर किसके आदेश से दुकान आवंटित की गई, और यदि आवंटित की गई थी तो दुकान नियमित रूप से खुल क्यों नहीं रही। जांच में पता चला कि यह दुकान रांची स्थित वेजफ्रेश ऑर्गेनिक संस्था द्वारा डुमरहथा गांव निवासी प्रियरंजन सिंह को आवंटित की गई थी। प्रियरंजन सिंह ने बताया कि दुकान के पास पेड़ होने से चोरी की घटनाएं हो रही हैं, जिसकी शिकायत थाना और अधिकारियों को की गई है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। उन्होंने बताया कि उन्हें हुसैनाबाद अंचलाधिकारी द्वारा भूमि का आवंटन आदेश मिला है। यह मामला प्रशासनिक अनदेखी और सार्वजनिक भूमि के अनियमित उपयोग को लेकर चर्चा का विषय बना हुआ है।

# स्वच्छता सर्वेक्षण टीम ने तारा गांव का किया निरीक्षण, व्यवस्थाएं सराहनीय



**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता मूल्यांकन सर्वेक्षण के तहत रामबांध पंचायत के तारा गांव का निरीक्षण किया गया। यह निरीक्षण केंद्र सरकार द्वारा अधिकृत संस्था एकेडमिक ऑफ मैनेजमेंट स्टडी के प्रतिनिधियों ने किया। निरीक्षण के दौरान प्रखंड वॉश समन्वयक हरसू दयानिधि ने टीम को कचरा प्रबंधन, शौचालय व्यवस्था, विद्यालय और आंगनबाड़ी केंद्रों की स्वच्छता से संबंधित जानकारी दी सर्वेक्षण टीम के सदस्य बादल सिंह ने कहा कि ह्लगांव में स्वच्छता को लेकर की गई व्यवस्थाएं संतोषजनक हैं और यह ग्रामीण स्तर पर प्रतिस्पर्धा को प्रोत्साहित करेगा।ह्व स्वच्छता को लेकर जागरूकता और नागरिक सहभागिता की वजह से ग्रामीण स्वच्छता आंदोलन को गति मिल रही है।

## स्वच्छता सर्वेक्षण टीम ने तारा व सोनबरसा गांव में किया आकलन

**मोहम्मदगंज।** केंद्र सरकार प्रायोजित संस्था एकेडमिक ऑफ मैनेजमेंट स्टडी की सर्वेक्षण टीम ने शुक्रवार को मोहम्मदगंज प्रखंड अंतर्गत रामबांध पंचायत के तारा और सोनबरसा गांव का दौरा किया। टीम ने शौचालय, आंगनबाड़ी, विद्यालय और स्वास्थ्य केंद्रों में स्वच्छता व्यवस्था का आकलन किया। टीम सदस्य बादल सिंह ने व्यवस्थाओं को संतोषजनक बताते हुए कहा कि गांवों में ठोस और तरल कचरा प्रबंधन को लेकर जागरूकता बढ़ी है। निरीक्षण में ब्लॉक वाश कोऑर्डिनेटर हरसू कुमार दयानिधि और प्रेमतोष पांडेय भी शामिल थे। उन्होंने बताया कि सर्वेक्षण का उद्देश्य ग्रामीणों में प्रतिस्पर्धी भावना के साथ स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। इस सर्वेक्षण के आधार पर ग्रामीण स्वच्छता मिशन की रैंकिंग जारी की जाएगी।

# समीक्षा बैठक में जनप्रतिनिधियों की नाराजगी, कार्यशैली पर उठाए सवाल



**नवीन मेल संवाददाता**

**नीलाम्बर-पीताम्बरपुर।** प्रखंड सह अंचल कार्यालय के सभागार में शुक्रवार को मासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख सुनील कुमार पासवान ने की। बैठक में बीते एक माह के कार्यों की समीक्षा की गई और कार्यों में लापरवाही पर गंभीर चिंता जताई गई। अंचलाधिकारी सुनील कुमार सिंह ने कई अंचल कर्मियों की मनमानी कार्यशैली पर नाराजगी जाहिर की और स्पष्ट निर्देश दिया कि सभी लंबित कार्यों का निष्पादन एक सप्ताह के भीतर किया जाए, अन्यथा संबंधित कर्मचारियों पर कार्रवाई तय है। हल्का-8 की राजस्व कर्मचारी ज्योत्सना कुजूर को पिपरा खुर्द में अतिक्रमण की शिकायत पर दो दिन में जांच रिपोर्ट देने का निर्देश दिया गया। बैठक में कई जनप्रतिनिधियों ने विभागीय कार्यों में लापरवाही और फील्ड स्तर पर निष्क्रियता की बात कही और दोषी कर्मियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की। प्रखंड प्रमुख सुनील पासवान ने सख्त लहजे में कहा कि जनहित के कार्यों में लापरवाही बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में सीआई रणविजय ठाकुर, जेएसएलपीएस बीपीएम सत्यप्रिय तिवारी, बीएसओ आलोक तिवारी, मनरेगा बीपीओ चंद्रशेखर कुमार, डॉ. प्रमोद कुमार, नवीन एक्का, और कई पंचायत समिति सदस्य उपस्थित रहे।

## सावन की बारिश से हरियाली में नहाया 'भीमचुल्हा', पर्यटकों को लुभा रहा दृश्य

**मोहम्मदगंज।** सावन की झमाझम बारिश ने भीमचुल्हा पर्यटक स्थल को फिर से जीवंत बना दिया है। चारों ओर फैली हरियाली, लहलहाते पौधे और हरे-भरे फूलों ने इस स्थान को प्राकृतिक सौंदर्य का अद्वितीय उदाहरण बना दिया है। स्थानीय पुजारी और गाइड पंडित गंगा तिवारी के अनुसार, पिछले पाँच वर्षों में ऐसी हरियाली पहली बार देखी गई है। मृगशिरा नक्षत्र से शुरू हुई बारिश ने इस बार सभी पुराने रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं, जिससे क्षेत्र में एक नया जीवन संचारित हुआ है। स्थानीय सेवक सत्येंद्र कुमार चंद्रवंशी और उनकी टीम ने गर्मियों में पौधों को जीवित रखने के लिए सिंचाई कार्य को निरंतर जारी रखा, जिसका असर अब स्पष्ट रूप से दिख रहा है। भीमचुल्हा इस समय पर्यटकों के लिए आदर्श स्थल बन गया है।

# कोसीआरा में बना 'आयुष्मान आरोग्य मंदिर' भवन अब भी उद्घाटन का कर रहा इंतजार

▸ स्वास्थ्य सेवा के लिए बना भवन उपयोग में नहीं, एक एएनएम के सहारे संचालन की आशंका



**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** रामबांध पंचायत के कोसीआरा गांव में निर्मित आयुष्मान आरोग्य मंदिर भवन महीनों से उद्घाटन की प्रतीक्षा में है। इससे पूर्व यहां का पुराना हेल्थ सब सेंटर एक विद्यालय भवन में संचालित हो रहा था, जिससे स्थानीय लोगों को गंभीर असुविधा होती थी। बीडीओ विभूति कुमार गुप्ता ने बताया कि भवन का हैंडओवर हो चुका है और बहुत जल्द वहां से सेवाएं शुरू की जाएंगी। वर्तमान में पदस्थापित एएनएम रंजना कुमारी ही वहां सेवाएं देंगी। कांग्रेस नेता अफरोज अहमद सिद्दीकी ने इस भवन में सीएचओ (कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर) और एमपीडब्ल्यू (महिला-पुरुष) स्वास्थ्य कर्मियों की तत्काल नियुक्ति की मांग की है। उन्होंने कहा, ह्लअगर इस विशाल भवन में केवल एक एएनएम के भरोसे इलाज होगा, तो इसका कोई औचित्य नहीं है।ह्व यह मामला स्वास्थ्य सेवाओं के समुचित वितरण और प्रशासनिक निष्क्रियता को उजागर करता है।

**सराहनीय पहल** पूर्व सैनिकों ने बैंक मैनेजर से की मुलाकात, बुजुर्ग पेंशनर्स के लिए मांगा विशेष ध्यान

# घर-घर जाकर जीवन प्रमाण पत्र लेने की योजना पर मिली सहमति



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** शुक्रवार को पूर्व सैनिक संगठन, हुसैनाबाद इकाई ने भारतीय स्टेट बैंक की हुसैनाबाद शाखा में नवपदस्थापित शाखा प्रबंधक अमित कुमार से भेंट कर उन्हें शुभकामनाएं दीं और बुजुर्ग पेंशनरों की समस्याओं को लेकर संवाद किया। कैप्टन दुखन सिंह, लेफ्टिनेंट प्रेमतोष प्रसाद, सुबेदार अक्षय सिंह, हवलदार अभिमन्यु सिंह समेत अन्य पूर्व सैनिकों ने शाखा प्रबंधक को बताया कि वृद्ध, असहाय और चलने-फिरने में असमर्थ पेंशनर्स को बैंक से विशेष सहायता की आवश्यकता है।

**शाखा प्रबंधक अमित कुमार ने दिया आश्वासन**

- ऐसे पेंशनरों के घर जाकर जीवन प्रमाण पत्र लिया जाएगा
- स्पर्श पोर्टल से माइग्रेटेड पेंशनर्स के प्रमाणपत्र भी बैंक द्वारा भरे जाएंगे
- किसी भी पेंशनर का पेंशन बंद नहीं होगा
- वरिष्ठ नागरिकों को बैंक की ओर से सभी सुविधाएं सुलभ कराई जाएंगी।

**हस्तनिर्मित राखियों के जरिए दीदियों ने दिखाई सशक्तता व पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता**

# राखी बिक्री केंद्र का शुभारंभ पर्यावरण संरक्षण का भी दिया संदेश

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** सदर प्रखंड के चियांकी स्थित सीएमटीसी परिसर में शुक्रवार को उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी समीरा एस ने जेएसएलपीएस अंतर्गत संचालित सखी मंडल द्वारा निर्मित हस्तनिर्मित राखियों के बिक्री केंद्र का विधिवत उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने पर्यावरण संरक्षण पखवाड़े की भी शुरुआत करते हुए पौधरोपण किया और उपस्थित सभी को प्रकृति रक्षा का संकल्प दिलाया।

उपायुक्त ने दीदियों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि जब किसी कार्य को सामूहिक रूप से किया जाता है, तो उसका परिणाम और गुणवत्ता दोनों बेहतर होती हैं। उन्होंने कहा कि राखी केवल एक धागा नहीं, बल्कि हमारे पारंपरिक मूल्यों और रिश्तों का प्रतीक है, और यदि इसे स्थानीय स्तर पर बनाकर विक्रय किया जाए, तो यह आत्मनिर्भरता और महिला सशक्तिकरण का अद्भुत उदाहरण बनता है।



**20 हजार से अधिक राखियों का निर्माण, पर्यावरण आधारित राखियां बनीं विशेष आकर्षण** : कार्यक्रम में बताया गया कि लेस्लीगंज, पड़वा, नवा बाजार और छतरपुर प्रखंडों की सखी मंडल की दीदियों ने रेशम, मोती, जरी, गोटी, रुद्राक्ष आदि से आकर्षक और पर्यावरण अनुकूल राखियां तैयार की हैं। अब तक लगभग 20,000 राखियां बन चुकी हैं, जिन्हें जिले के सभी प्रखंडों में स्थित पलाश मार्ट व सखी मंडल की दुकानों में बिक्री के लिए भेजा जा रहा है।

**सखी मंडलों को मिला आर्थिक सहयोग** : कार्यक्रम के दौरान आईडीबीआई बैंक द्वारा पार्वती, गुलाब, शिव, सरस्वती, मौसम और जय मां संतोषी सखी मंडल को तृतीय लिंकेज के रूप में छह लाख रुपये का सांकेतिक चेक प्रदान किया गया, जो इनके कार्यों को और आगे बढ़ाने में सहायक होगा।

**उपायुक्त ने जताया गर्व** : उपायुक्त समीरा एस ने कहा कि दीदियों के हाथों में हुनर है, और यह पलामू जिले के लिए गर्व की बात है। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि आने वाले वर्षों में इस तरह के प्रयासों को और अधिक व्यापक स्तर पर प्रोत्साहित किया जाएगा।

**कार्यक्रम में रही सक्रिय भागीदारी** : इस अवसर पर उप विकास आयुक्त, सदर बीडीओ, IDBI बैंक के महाप्रबंधक ऋषि गुप्ता, उप प्रबंधक अनुज कुमार, जेएसएलपीएस डीपीएम अनीता सी केरकेट्टा, मिथिलेश कुमार, अख्तर अंसारी, संदीप मिश्रा, बीपीएम पिंकी कुमारी, अविनाश कुमार, सुनील कुमार, प्रभात पांडे सहित बड़ी संख्या में सखी मंडल की दीदियां उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का संचालन नवल किशोर राजू ने किया।

## अवैध शराब तस्करी का भंडाफोड़, दो गिरफ्तार

● नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** जिले की नावाबाजार पुलिस ने बुधवार की रात एक बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध शराब से लदे कंटेनर को जब्त किया है। पुलिस ने दो तस्करों को मौके से गिरफ्तार किया है। बरामद शराब की मात्रा सैकड़ों पेटियों में है, जिसकी अनुमानित बाजार कीमत लाखों रुपये बताई जा रही है। पुलिस अधीक्षक को गुप्त सूचना मिली थी कि एक कंटेनर वाहन अवैध रूप से शराब लेकर गढ़वा की ओर से बिहार की ओर जा रहा है। सूचना के आधार पर नावाबाजार थाना अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग-98 पर चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान एक संदिग्ध कंटेनर (पंजीयन संख्या जीजे-39टी-0957) को रोका गया। वाहन चालक और खलासी ने दावा किया कि कंटेनर में प्लाईवुड लदा है, लेकिन उनकी गतिविधियाँ संदिग्ध प्रतीत होने पर कंटेनर की तलाशी ली गई। जांच में पाया गया कि कंटेनर में प्लाईवुड की आड़ में भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब छिपाकर रखी गई थी। गिरफ्तार तस्करों की पहचान हरियाणा के रोहनात गांव निवासी राम दिया (32 वर्ष) और जिंद जिले के सुरबरा गांव निवासी विजय (34 वर्ष) के रूप में हुई है। पूछताछ में दोनों ने स्वीकार किया कि वे यह शराब छत्तीसगढ़ से बिहार ले जा रहे थे और यह काम उन्हें एक व्यक्ति चंदन सिंह ने सौंपा था। उन्होंने यह भी बताया कि इस कारोबार में अन्य लोग भी शामिल हैं। पुलिस ने इस संबंध में नावाबाजार थाना में कांड संख्या 58/25, दिनांक 1 अगस्त 2025 के तहत भारतीय न्याय संहिता की धारा 275/292/3(5) बीएनएस एवं झारखंड उत्पाद अधिनियम की धारा 47(ए) के तहत मामला दर्ज किया है। कंटेनर वाहन और पूरी शराब को जब्त कर लिया गया है। दोनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि इस अवैध शराब कारोबार से जुड़े अन्य व्यक्तियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है।

## चाय की मिठास के साथ सुबह की शुरुआत, प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने चाय पर चर्चा में सुनी जन अपेक्षाएं

● **रेडमा चौक और जीएलए कॉलेज के पास कई चाय दुकानों पर पहुंचीं महापौर, दुकानदारों को सम्मानित कर सौंपा स्वच्छता का संदेश**

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** नगर निगम की पूर्व महापौर अरुणा शंकर ने गुरुवार की सुबह 'चाय पर चर्चा' कार्यक्रम की शुरुआत की। सुबह लगभग 6 बजे उन्होंने जीएलए कॉलेज के समीप स्थित श्री जितेंद्र की चाय दुकान, रेडमा चौक पर श्री गुड्डू राम की चाय दुकान और अमृत होटल के पास विभिन्न चाय दुकानों का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने आम लोगों से संवाद स्थापित कर नगर निगम से जुड़ी जनअपेक्षाएं जानीं।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में नागरिकों की उपस्थिति रही। मौके पर श्री मनु तिवारी, सुनील पांडे, शुभम तिवारी, वार्ड पार्षद राजू राम, मुन्ना सिंह, बम सिंह, मनोज पंडित, अजय शुक्ला, विनय सिंह, गिरजा सोनी, धर्मेंद्र सोनी, अशोक तिवारी, संदीप सिंह, दिलीप तिवारी, जितेंद्र तिवारी, डॉक्टर मदन गुप्ता, जोगिंदर साव, उदय नारायण तिवारी, कृष्ण ठाकुर, राजकुमार यादव, अशोक साहू, मनीष विश्वकर्मा, अरविंद गुप्ता समेत कई गणमान्य लोग मौजूद थे।



**दुकानदारों को अंगवस्त्र और डस्टबिन देकर किया सम्मानित** : महापौर अरुणा शंकर ने चाय दुकानदारों को अंगवस्त्र पहनाकर सम्मानित किया और स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिए 'मोर' (पीकॉक) आकृति वाली सुंदर डस्टबिन भेंट की। उन्होंने दुकानदारों और उपस्थित लोगों से अपील की कि चाय पीने के बाद कप इधर-उधर न फेंके और शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने में नगर निगम का सहयोग करें।

**जनसंपर्क के साथ सुझाव भी आमंत्रित** : महापौर ने कहा कि "अपने कार्यकाल में मैंने जो समझा, वह यथासंभव पूरा किया, लेकिन कई कार्य अभी भी अधूरे हैं। यदि आप सबका आशीर्वाद और सुझाव मिला, तो उन्हें अवश्य पूरा करूंगी।" लोगों ने उनके इस संवादात्मक अभियान की सराहना की और कहा कि एक महिला जनप्रतिनिधि का सुबह-सुबह आम लोगों के बीच पहुंचना और इतने सहज ढंग से संवाद करना सराहनीय है।

**छात्राओं ने ली सेल्फी, चौक-चौराहों पर हुआ स्वागत** : महापौर को अपने बीच पाकर कॉलेज और स्कूल की छात्राएं भी उत्साहित दिखीं। कई छात्राओं ने उनके साथ सेल्फी लेकर खुशी जताई। इसके बाद अरुणा शंकर ने विभिन्न चौक-चौराहों पर लोगों से मिलकर उन्हें अभिवादन किया और जनसंपर्क को मजबूत करने का संदेश दिया।

## न्यूज बॉक्स

### पांकी के संतोष कुमार ने जेपीएससी परीक्षा में पाई सफलता, बने उप समाहर्ता

**पांकी।** प्रखंड अंतर्गत लोहरसी गांव निवासी संतोष कुमार ने झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) की प्रतिष्ठित परीक्षा में 171वीं रैंक प्राप्त कर उप समाहर्ता पद पर सफलता प्राप्त की है। इस उपलब्धि से उन्होंने न केवल अपने गांव, बल्कि पूरे पांकी प्रखंड का नाम रोशन किया है। संतोष कुमार के पिता त्रिलोकी नाथ गुप्ता ने बताया कि यह क्षण उनके लिए अत्यंत गर्व और गौरव का है। उन्होंने कहा कि यह सफलता क्षेत्र के युवाओं को कड़ी मेहनत और लगन के साथ अपने लक्ष्य को हासिल करने की प्रेरणा देगी। गांव और आसपास के क्षेत्रों में संतोष की सफलता की खबर फैलते ही लोगों ने उन्हें बधाई दी और शुभकामनाएं दीं। शुक्रवार को लोहरसी स्थित उनके आवास पर वरिष्ठ नेता और 'लोहरसी प्रखंड बनाओ संघर्ष समिति' के अध्यक्ष नर्वदेश्वर सिंह पहुंचे और संतोष कुमार के पिता को मिठाई खिलाकर बधाई दी। उन्होंने कहा कि संतोष कुमार की यह सफलता पूरे क्षेत्र के युवाओं के लिए एक प्रेरणास्त्रोत बनेगी।

### पांकी के मनोज सिन्हा बनाए गए झामुमो बुद्धिजीवी मोर्चा के पलामू जिला अध्यक्ष

**पांकी।** पांकी निवासी मनोज कुमार सिन्हा को झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के बुद्धिजीवी मोर्चा पलामू जिला समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। झामुमो केंद्रीय समिति के महासचिव विनोद कुमार पांडे द्वारा जारी पत्र में इस नियुक्ति की जानकारी दी गई। मनोज सिन्हा को इस जिम्मेदारी मिलने पर पार्टी के प्रखंड और जिला स्तर के कार्यकर्ताओं ने उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। अपनी प्रतिक्रिया में मनोज सिन्हा ने कहा कि पार्टी द्वारा दिए गए इस दायित्व को वह पूरी निष्ठा, अनुशासन और पारदर्शिता के साथ निभाएंगे। उन्होंने कहा कि संगठन को सशक्त और सक्रिय बनाने के लिए वे कार्यकर्ताओं के साथ समन्वय बनाकर निरंतर काम करेंगे।

### झामुमो युवा मोर्चा में नई जिला कमेटी गठित, सूरज बने अध्यक्ष, कौशल सचिव

**मेदिनीनगर।** झारखंड मुक्ति मोर्चा की युवा इकाई ने पलामू जिला में नई जिला कमेटी की घोषणा कर दी है। पार्टी द्वारा सूरज कुमार को झामुमो युवा मोर्चा का जिला अध्यक्ष मनोनीत किया गया है, जबकि कौशल किशोर को सचिव बनाया गया है। इसके अलावा उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी हिमांशु अग्रवाल, बबलू चौधरी, रजनीश कुमार, अरविंद चौधरी और साकिब सिद्दीकी को दी गई है। संगठन सचिव पद पर संजय चंद्रवंशी, सह सचिव आशीष श्रीवास्तव और कोषाध्यक्ष पद पर किशोर कुमार शुक्ला को जिम्मेदारी सौंपी गई है। अन्य पदाधिकारियों की भी घोषणा की गई है। अध्यक्ष बनाए जाने के बाद सूरज कुमार ने कहा कि वे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की कार्यशैली और नीतियों से प्रेरित होकर वर्षों से पार्टी से जुड़कर कार्य करते रहे हैं। उन्होंने झामुमो पलामू जिला अध्यक्ष राजेंद्र सिन्हा और केंद्रीय समिति का आभार प्रकट करते हुए कहा कि वे संगठन को मजबूत करने और युवाओं को जोड़ने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे।

### मारपीट के मामले में आरोपी को 5 वर्ष की सश्रम कारावास की सजा, 50 हजार जुर्माना भी लगा

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला व्यवहार न्यायालय के द्वितीय जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रतीक चतुर्वेदी की अदालत ने शुक्रवार को एक पुराने मारपीट मामले में फैसला सुनाते हुए आरोपी प्रदीप यादव को 5 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही अदालत ने 50 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। अर्थदंड अदा नहीं करने की स्थिति में आरोपी को एक वर्ष अतिरिक्त साधारण कारावास की सजा भुगतनी होगी। मामला सदर थाना कांड संख्या 409/2015, दिनांक 4 जुलाई 2015 से संबंधित है। प्राथमिकी में वादिनी ने आरोप लगाया था कि वह अपने ज़मीन पर घर बना रही थी, तभी प्रदीप यादव, जो शहर थाना क्षेत्र के बारालोटा, जीएलए कॉलेज गेट का निवासी है, ने लाठी, डंडा और रॉड से मारपीट कर उसे घायल कर दिया।

## गांधी उद्यान से सटे अवैध दुकानों पर नगर निगम की सख्त चेतावनी

● **दुकानदारों को 15 दिन की मोहलत, तय समय के बाद हटाई जाएंगी सभी दुकानें**

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** रेलवे स्टेशन से बेलवाटिका चौक की ओर जाने वाले मार्ग पर स्थित गांधी उद्यान के समीप वर्षों से संचालित दर्जनों अस्थायी दुकानों के खिलाफ नगर निगम अब सख्ती से कार्रवाई की तैयारी में है। निगम द्वारा इन दुकानदारों को नोटिस जारी करते हुए 15 दिनों के भीतर निगम से दुकान का विधिवत एग्रीमेंट कराने का निर्देश दिया गया है।

नगर निगम सूत्रों के अनुसार इस मार्ग पर बड़ी संख्या में अवैध रूप से दुकानें लगाई गई हैं, जिससे न केवल आम लोगों को पार्किंग में परेशानी होती है, बल्कि निगम को राजस्व का नुकसान भी होता है। पूर्व में कई बार इन दुकानों को हटाया गया, लेकिन कुछ समय बाद दुकानदार पुनः उसी स्थान पर दुकानें लगा लेते हैं।



नगर आयुक्त कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार, पहले भी इन दुकानदारों को निगम से समझौता करने और निर्धारित शुल्क जमा कर वैध संचालन की अनुमति लेने का निर्देश दिया गया था। अप्रैल माह में तत्कालीन नगर आयुक्त जावेद हुसैन ने इन्हें स्पष्ट तौर पर निर्देशित किया था कि शुल्क भरकर निगम से एग्रीमेंट कराएं, अन्यथा दुकान हटाने की कार्रवाई की जाएगी। लेकिन कई महीनों के बाद भी न तो एग्रीमेंट कराया गया और न ही दुकानें हटाई गईं।

नगर निगम की सिटी मैनेजर शमिता भगत ने बताया कि अवैध दुकानों की वजह से गांधी उद्यान के सामने पार्किंग व्यवस्था प्रभावित होती है और निगम को राजस्व की क्षति हो रही है।

इस संबंध में सहायक नगर आयुक्त विश्वजीत महतो ने कहा कि नगर निगम अब गंभीर रुख अपनाते हुए 15 दिनों की अंतिम समयावधि दे रहा है। यदि इस अवधि में दुकानदार निगम से वैध अनुमति नहीं लेते, तो दुकानों को जबरन हटाया जाएगा और भविष्य में पुनः अतिक्रमण करने पर दंडात्मक कार्रवाई भी की जा सकती है।

## शहर में ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन, 32,400 रुपये का चालान फाइन

**मेदिनीनगर।** शहर के कचहरी चौक पर शुक्रवार को ट्रैफिक नियमों के अनुपालन को लेकर जिला परिवहन विभाग और पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से वाहन जांच अभियान चलाया गया। जांच के दौरान कई दोपहिया चालकों को बिना हेलमेट, बिना ड्राइविंग लाइसेंस तथा ट्रिपल लोडिंग जैसे नियमों का उल्लंघन करते हुए पाया गया। ऐसे 11 दोपहिया वाहनों को जब्त कर सुरक्षा की दृष्टि से शहर थाना परिसर में रखा गया है। जब्त वाहनों के विरुद्ध चालान की प्रक्रिया पूरी करते हुए जिला परिवहन कार्यालय, पलामू को कार्रवाई हेतु भेजा गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार दिनांक 01 अगस्त 2025 को कुल 13 दोपहिया मोटरसाइकिलों पर 18,450 रुपये का चालान फाइन लगाया गया। वहीं 03 ई-रिक्शा/टेंपो गाड़ियों पर 7,800 रुपये और नो एंट्री में पकड़े गए एक ट्रक पर 6,150 रुपये का चालान फाइन किया गया। इस प्रकार कुल 32,400 रुपये की चालान फाइन राशि वसूलने के लिए कागजात जिला परिवहन कार्यालय पलामू को प्राप्त हुआ है। पुलिस के अनुसार यह जांच अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

## स्तनपान जागरूकता सप्ताह का हुआ शुभारंभ डीसी ने हरी झंडी दिखाकर रैली को किया रवाना

● **"स्तनपान में निवेश करें, भविष्य में निवेश करें" थीम के साथ जिले में जागरूकता कार्यक्रमों की शुरुआत**

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** विश्व स्तनपान सप्ताह 2025 की शुरुआत शुक्रवार को जिले में एक जागरूकता रैली के साथ की गई। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी समीरा एस ने डीसी आवास से हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया, जो छःमुहान होते हुए समाहरणालय परिसर तक पहुंची। इस रैली में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी नीता चौहान, महिला पर्यवेक्षिकाएं और बड़ी संख्या में आंगनबाड़ी सेविकाएं शामिल हुईं।

उपायुक्त ने इस अवसर पर कहा कि विश्व स्तनपान सप्ताह हर वर्ष अगस्त के पहले सप्ताह में मनाया जाता है और इसका उद्देश्य माताओं को स्तनपान के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष का थीम है—"स्तनपान में निवेश करें, भविष्य में निवेश करें।" उन्होंने जोर दिया कि प्रत्येक मां को स्तनपान के लिए सही जानकारी और सहायता उपलब्ध हो, इसके लिए गुणवत्तापूर्ण परामर्श, शिशु आहार के विकल्पों का नियमन और स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़ा समुचित पोषण वातावरण आवश्यक है।



**शिशुओं के स्वास्थ्य में सुधार के लिए परिवारों की भूमिका भी अहमः उपविकास आयुक्त** : उप विकास आयुक्त जावेद हुसैन ने कहा कि 0–6 माह तक के शिशुओं को केवल स्तनपान कराना अत्यंत जरूरी है। इसके लिए माताओं को सहयोग और परिवारों को संवेदनशील बनाना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि यह एक सामुदायिक जिम्मेदारी है और सभी को मिलकर जागरूकता बढ़ानी होगी।

**आंगनबाड़ी केंद्रों पर होंगे विशेष कार्यक्रम** : जिला समाज कल्याण पदाधिकारी नीता चौहान ने बताया कि 01 से 07 अगस्त तक जिले के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर स्तनपान से संबंधित गतिविधियां संचालित की जाएंगी। साथ ही, मिशन शक्ति के तहत वन स्टॉप सेंटर, पलामू द्वारा संचालित सुविधाओं का प्रचार-प्रसार भी किया जाएगा। इसके लिए विशेष जागरूकता रथ जिले के विभिन्न प्रखंडों और सुदूर क्षेत्रों में जाकर जानकारी देगा।

**समाहरणालय में दिलाई गई शपथ, जागरूकता रथ को रवाना किया गया** : रैली समापन पर समाहरणालय परिसर में डीसी समीरा एस की उपस्थिति में स्तनपान शपथ ग्रहण कार्यक्रम हुआ, जिसमें उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, सहायक दंडाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, महिला पर्यवेक्षिकाएं और बड़ी संख्या में आंगनबाड़ी सेविकाएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के अंत में उपायुक्त ने जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

## टाउन हॉल में मो. रफी की पुण्यतिथि पर संगीत संध्या कार्यक्रम

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** स्थानीय पं. दीनदयाल उपाध्याय टाउन हॉल में गुरुवार की रात गुलशन परिवार म्यूजिकल ग्रुप द्वारा दिवंगत महान पार्श्व गायक मो. रफी की पुण्यतिथि के अवसर पर एक शानदार संगीत संध्या का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पलामू रेंज के डीआईजी नौशाद आलम मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता दुर्गा प्रसाद जौहरी ने की, जबकि संचालन शालिनी सिन्हा द्वारा किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन से हुई, जिसमें उपस्थित सभी अतिथियों ने भाग लिया। इसके बाद कार्यक्रम में मो. रफी के अनेक प्रतिष्ठित गीतों की प्रस्तुति की गई। गायकों ने एकल और युगल गीतों की पेशकश की, जिनमें "बेखुदी में सनम उठ गए", "जो कदम दिल बेकरार सा है", "हमको खुमार सा है", "क्या हुआ तेरा वादा" जैसे प्रसिद्ध गीतों ने दर्शकों की वाहवाही बटोरी। गुलशन सांस्कृतिक संस्था की ओर से कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों को शॉल और बुके देकर सम्मानित किया गया।



पलामू रेंज के डीआईजी नौशाद आलम ने भी इस अवसर पर मो. रफी के गीत पर अपनी गायन कला का प्रदर्शन किया, जिसे उपस्थित दर्शकों ने अत्यधिक सराहा। इसके बाद डॉ. सुशील पांडेय और अन्य गायकों ने भी मो. रफी को श्रद्धांजलि स्वरूप गीत प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में झामुमो जिलाध्यक्ष राजेंद्र सिन्हा, संत मरियम के निदेशक अविनाश देव, डॉ. संजय कुमार, अशफाक अहमद, सुनील कुमार, मो. अनवर आलम, असफर रब्बानी, राजू प्रसाद, महेश तिवारी, सुर्खाब अहमद, सतीश पांडेय सहित सैकड़ों संगीत प्रेमी उपस्थित रहे। यह कार्यक्रम मो. रफी की मधुर आवाज और उनके योगदान को याद करते हुए संगीत प्रेमियों के दिलों में उनके प्रति श्रद्धा और सम्मान को और गहरा किया।

## पर्यावरण संरक्षण की ओर बच्चों में जागरूकता का प्रयास

● **श्री सर्वेश्वरी बाल वाटिका में पौधा वितरण कार्यक्रम आयोजित, प्रथम मेयर अरुणा शंकर रहीं मुख्य अतिथि**

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** श्री सर्वेश्वरी वृक्षारोपण अभियान के तहत शुक्रवार को सुदना स्थित श्री सर्वेश्वरी बाल वाटिका में विद्यार्थियों के बीच पौधा वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत परमपूज्य अघोरेश्वर भगवान राम और पूज्यपाद गुरूपद संभव राम जी की तस्वीर पर पूजा-अर्चना से हुई।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि नगर निगम की प्रथम मेयर अरुणा शंकर रहीं। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति सदैव से पर्यावरण संरक्षण का संदेश देती रही है। प्रकृति की पूजा हमारी परंपरा रही है। जीवन के आरंभिक काल से ही बच्चों के मन में पर्यावरण के प्रति अपनापन का भाव जागृत करना आवश्यक है और ऐसे आयोजन इसी दिशा में सार्थक प्रयास हैं। उन्होंने कहा कि श्री सर्वेश्वरी समूह एक सामाजिक एवं आध्यात्मिक संस्था के रूप में समाज और राष्ट्र के हित में सक्रियता से कार्य कर रहा है। संस्था के कार्यक्रमों में भाग लेने से आत्मिक शांति और समाज सेवा की प्रेरणा मिलती है।



कार्यक्रम में श्री सर्वेश्वरी समूह, डाल्टनगंज शाखा की उपाध्यक्ष एवं ब्राइटलैंड स्कूल की चेयरमैन रागिनी राय ने समूह द्वारा चलाए जा रहे वृक्षारोपण अभियान की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बच्चों के मन में पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता और जिम्मेदारी का भाव पैदा करने के लिए यह अभियान चलाया जा रहा है। शिक्षा के साथ संस्कार और संस्कृति का समावेश आवश्यक है। इस अवसर पर बाल वाटिका की प्राचार्या ज्योति बख्शी, शाखा मंत्री प्रताप नारायण शाही, प्रचार मंत्री अनुराग सिंह, कोषाध्यक्ष अन्ना डीएम पाल, हरेराम सिंह, सुधीर सिंह, पूनम मेहता समेत बड़ी संख्या में शिक्षक, अभिभावक एवं स्थानीय लोग उपस्थित थे।

## बैंककर्मी के घर 8 लाख की चोरी, सोते रहे परिजन, दूसरे घर में भी सेंधमारी

● **कांदू मोहल्ले में दो घरों में चोरों का धावा, एक घर में बेहोश करने की आशंका, पुलिस जांच में जुटी**

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** शहर के टीओपी टू क्षेत्र अंतर्गत कांदू मोहल्ले में एक बार फिर चोरी की बड़ी वारदात सामने आई है। चोरों ने शुक्रवार की देर रात दो घरों को निशाना बनाया, जिसमें एक घर से लगभग 8 लाख रुपए मूल्य के गहने व नकदी की चोरी कर ली गई, जबकि दूसरे घर से सिर्फ 3000 रुपए ले जा सके।

जानकारी के अनुसार, चोरों ने बैंककर्मी एकलव्य कुमार के घर में चोरी की वारदात को अंजाम दिया। घटना के वक्त घर के ऊपरी तल्ले पर एकलव्य के छोटे भाई शाश्वत कुमार और पास के कमरे में उनकी मां सो रही थीं, लेकिन किसी को चोरी की भनक तक नहीं लगी। आशंका जताई जा रही है कि चोरों ने उनकी मां को बेहोश करने के लिए कोई पदार्थ छिड़का होगा। चोरी को अंजाम देने के लिए चोर ग्रिल का ताला तोड़कर घर में घुसे और दीवार में ड्रिल कर मुख्य दरवाजा खोला। फिर अलमारी से लाकर की चाबी निकाल कर तीन अलमारियों से सोने-चांदी के गहने और नगदी समेत करीब 8 लाख की संपत्ति चुरा ली। शाश्वत कुमार ने इस घटना की लिखित शिकायत शहर थाना में दर्ज कराई है। चूंकि घर में सीसीटीवी नहीं लगा था, इसलिए चोरों के बारे में कोई दृश्य साक्ष्य नहीं मिल सका है। मामले की सूचना पर टीओपी टू प्रभारी राकेश सिंह अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और डॉग स्क्वाड की मदद से आसपास के इलाके में सघन छानबीन की गई।

वहीं, पास के घर में रहने वाले रिटायर्ड फौजी संजय कुमार के घर में भी चोर घुसे, लेकिन वहां से केवल 3000 रुपये ही ले जा सके। हाल के दिनों में शहर में चोरी की घटनाओं में कमी आई थी, मगर इस घटना के बाद एक बार फिर स्थानीय लोगों में भय और चिंता का माहौल बन गया है।

# कांडी में सुनील पासवान हत्याकांड का खुलासा, तीन आरोपी गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता

**गढ़वा।** कांडी थाना क्षेत्र के मंडरा गांव में 30 जुलाई को हुए सुनील पासवान हत्याकांड का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। एसडीपीओ नीरज कुमार ने गढ़वा थाने में प्रेस वार्ता कर बताया कि हत्या जमीन विवाद को लेकर की गई थी। पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से एक देसी कट्टा, दो जिंदा गोली और दो मोटरसाइकिलें बरामद की हैं। गिरफ्तार आरोपी के नाम साकेत कुमार चौबे उर्फ रोहन चौबे (पालहे कला), रोहित दुबे (लातदाग) व विपुल धर दुबे (लोटो गांव) हैं। मामले में दीपक पांडे, राजेश पांडे और अन्य की तलाश अभी जारी है। पुलिस के अनुसार, आरोपियों का संबंध कुख्यात अपराधी विकास दुबे के नेटवर्क से है और ये लोग जमीन कारोबार से जुड़े हैं। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर एसआईटी गठित कर लगातार छापेमारी की जा रही है। गिरफ्तारी टीम में नगर ऊंटरी एसडीपीओ सत्येंद्र सिंह, गढ़वा थाना प्रभारी बृज कुमार, मेराल प्रभारी विष्णुकांत समेत कई अधिकारी और सशस्त्र बल शामिल रहे।



## जायंट्स सहेली द्वारा सावन महोत्सव का आयोजन

**गढ़वा।** जायंट्स ग्रुप ऑफ गढ़वा सहेली की ओर से सावन के शुभ अवसर पर मथुरा बांध आश्रम में हर्षोल्लास के साथ सावन महोत्सव एवं हरियाली तीज का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं ने रंग-बिरंगे पारंपरिक वस्त्र पहनकर उत्सव की शोभा बढ़ाई और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लिया। समारोह की अध्यक्षता सुनीता केसरी ने की, जबकि संचालन में रीमा स्वरूप, वंदना सोनी, संगीता गुप्ता समेत अन्य सक्रिय रहीं। कार्यक्रम में रंजना जायसवाल, माला केसरी, चांदनी केसरी, करुणा केसरी, रीना अग्रवाल, सीमा केसरी सहित कई महिलाएं उपस्थित रहीं। महिलाओं ने समूह नृत्य, गीत और हरियाली झूला जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से सावन के उल्लास को जीवंत किया। कार्यक्रम के दौरान आपसी सौहार्द, सामाजिक एकता और सांस्कृतिक पहचान को सशक्त करने पर बल दिया गया।

# डीआईजी नौशाद आलम ने नमाज अदा कर शांति का दिया संदेश, मंदिर पहुंच कर मांगा आशीर्वाद

### नगर ऊंटारी में दिखा गंगा-जमुनी तहजीब का उदाहरण

नवीन मेल संवाददाता

**नगर ऊंटारी।** पलामू रेंज के डीआईजी नौशाद आलम ने शुक्रवार को नगर ऊंटारी क्षेत्र में मस्जिद में नमाज अदा कर अमन-चैन और भाईचारे का संदेश दिया। इसके बाद वे नगर के सुप्रसिद्ध बंशीधर मंदिर पहुंचे और पूजा अर्चना कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। डीआईजी का यह कदम सामाजिक सौहार्द और गंगा-जमुनी तहजीब का बेहतरीन उदाहरण बन गया। नगर ऊंटारी पहुंचने पर डीआईजी ने सबसे पहले स्थानीय मस्जिद में जुमे की नमाज अदा की। उन्होंने कहा कि समाज में शांति और आपसी भाईचारा सबसे जरूरी है, और यह तभी संभव है जब हम सभी धर्मों का आदर करें। नमाज के बाद उन्होंने नगर बंशीधर मंदिर का भ्रमण किया। मंदिर में पूजा अर्चना के दौरान उन्होंने पुजारी से मंदिर के इतिहास और धार्मिक महत्व की जानकारी ली। डीआईजी ने मंदिर परिसर में कहा कि यहां की अलौकिक शांति और ऊर्जा अद्भुत है। उन्होंने बताया कि मंदिर में प्रवेश करते ही आध्यात्मिक सुकून की अनुभूति होती है। मौके पर उपस्थित लोगों ने भी डीआईजी के इस सौहार्दपूर्ण पहल की सराहना की। बता दें कि डीआईजी नौशाद आलम नगर ऊंटारी क्षेत्र के विभिन्न थानों का निरीक्षण करने के लिए पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने धार्मिक स्थलों पर जाकर सौहार्द का जो संदेश दिया, वह क्षेत्र में लंबे समय तक चर्चा का विषय बना रहेगा।



## बिड़ला ओपन माइंड्स इंटरनेशनल स्कूल में पूर्व मंत्री भानु प्रताप शाही का भव्य स्वागत



**श्री बंशीधर नगर।** शुक्रवार को श्री बंशीधर नगर अनुमंडल क्षेत्र के रमना प्रखंड स्थित सीरियाटोंगर गांव में अवस्थित बिड़ला ओपन माइंड्स इंटरनेशनल स्कूल में झारखंड सरकार के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री एवं भवनाथपुर के पूर्व विधायक भानु प्रताप शाही के आगमन पर भव्य स्वागत समारोह आयोजित किया गया। विद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान श्री शाही ने विद्यार्थियों, शिक्षकों और स्टाफ सदस्यों से आत्मीय संवाद किया। उन्होंने विद्यालय में चल रही शैक्षणिक गतिविधियों, अधोसंरचना और शिक्षकों की गुणवत्ता को लेकर विशेष रुचि दिखाई। पूर्व मंत्री ने अपने संबोधन में कहा, ₹इस विद्यालय की स्थापना से क्षेत्र के बच्चों को राष्ट्रीय स्तर की शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिला है, जो अब तक एक सपना था।₹ उन्होंने शिक्षकों की मेहनत और विद्यार्थियों की प्रतिभा की भी खुले दिल से प्रशंसा की। विद्यालय के चेयरमैन बिरेन्द्र सिंह ने शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया, प्राचार्य ने पुष्पगुच्छ भेंट किया और प्रबंधक युवराज सिंह ने स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर लक्ष्मण राम, राजेंद्र प्रताप देव, विभूतिभूषण चौबे, विकास पाण्डेय, लाल मोहन यादव समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। शिक्षकों में भावना ओझा, अनामिका प्रजापति, गार्गी जायसवाल, नीतू सिंह, प्राची पाठक और ऋचा सिंह आदि मौजूद रहीं।

# श्री बंशीधर नगर में ट्रैफिक सुधार को लेकर पुलिस का सख्त रुख

**● मुख्य बाजार में अव्यवस्थित खड़े चार टेंपो जब्त, नियमित कार्रवाई की चेतावनी**

नवीन मेल संवाददाता

**श्री बंशीधर नगर।** नगर ऊंटारी थाना क्षेत्र में लगातार बढ़ती ट्रैफिक जाम की समस्या को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने शुक्रवार को सख्त कार्रवाई की। थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार के नेतृत्व में मुख्य बाजार क्षेत्र में विशेष अभियान चलाया गया, जिसके तहत अव्यवस्थित रूप से खड़े चार टेंपो को जब्त किया गया। इन टेंपो के कारण बाजार क्षेत्र में आमजन को आवाजाही में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। थाना प्रभारी ने बताया कि कई लोग अपने वाहन मनमाने तरीके से सड़क पर खड़ा कर देते हैं, जिससे यातायात बाधित होता है और दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जब्त किए गए वाहनों के खिलाफ चालान की कार्रवाई के लिए परिवहन विभाग को पत्र भेजा गया है। साथ ही उन्होंने चेतावनी दी कि यह कोई एकदिवसीय अभियान नहीं है, बल्कि आगे भी नियमित निगरानी जारी रहेगी। उपेंद्र कुमार पूर्व में भी ऐसी कार्रवाई कर चुके हैं, लेकिन लोगों की मनमानी पर पूरी तरह लगाम नहीं लगी थी। इस बार पुलिस ने और अधिक कठोर रुख अपनाया है, ताकि ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार आ सके। नगरवासियों ने पुलिस की इस पहल का स्वागत किया है और उम्मीद जताई है कि यदि यह अभियान निरंतर जारी रहा, तो बाजार क्षेत्र में यातायात जाम की समस्या से राहत मिलेगी।



# मेराल प्रखंड कार्यालय का एसडीओ ने किया निरीक्षण

नवीन मेल संवाददाता

**मेराल।** प्रखंड कार्यालय में शुक्रवार को अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार पांडे ने औचक निरीक्षण कर योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने प्रभारी वीडियो जसवंत नायक से मनरेगा समेत विभिन्न योजनाओं की अद्यतन स्थिति के बारे में रिपोर्ट प्राप्त की। एसडीओ ने निर्देश दिया कि सभी योजनाओं को निर्धारित समयसीमा में गुणवत्ता के साथ पूरा किया जाए। जब उनसे मजदूरों के पलायन का कारण पूछा गया, तो उन्होंने बताया कि बरसात के कारण कार्य धीमी गति से हो रहा है, लेकिन जल्द ही पुनः गति दी जाएगी। निरीक्षण के समय रामनाथ भगत, सुनील कुमार, रिजवान अख्तर सहित कई अधिकारी व कर्मचारी मौजूद थे।



## साइबर ठगी का शिकार हुआ दूध विक्रेता, खाते से उड़े 6,650रू रमना थाना में दी शिकायत

**रमना।** साइबर अपराधियों की ठगी से सिलीदाग पंचायत निवासी सोनू कुमार, जो दूध बेचकर अपने परिवार का भरण-पोषण करता है, ठगा गया। गुरुवार सुबह 6:35 से 6:40 के बीच उसके बैंक खाते से तीन बार में कुल 6,650 की निकासी हो गई, जिसकी जानकारी उसे बाद में हुई। सोनू कुमार ने रमना थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। बताया गया कि वह किसी विकट परिस्थिति के लिए पैसा जमा कर रहा था, लेकिन साइबर अपराधियों ने उसकी मेहनत की कमाई उड़ा दी। इससे पहले भी गाँव के कई लोग ऐसे अपराधों के शिकार हो चुके हैं। प्रशासन द्वारा लगातार जागरूकता अभियान चलाए जाने के बावजूद ग्रामीण क्षेत्रों में यह समस्या दिन-ब-दिन गंभीर होती जा रही है।

## मिलाप मेडिकल सेंटर में निःशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित




**गढ़वा।** शहर के चिनिया रोड स्थित मिलाप मेडिकल सेंटर में लायंस क्लब ऑफ गढ़वा ऑसम और मिलाप मेडिकल सेंटर के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को एक निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया शिविर में कुल 92 मरीजों की जांच की गई और मुफ्त दवाएं वितरित की गईं। सुबह से ही मरीज पंजीकरण कर चिकित्सकों से परामर्श लेने के लिए जुटने लगे। इस शिविर में डॉ. महजबीं (स्त्री रोग विशेषज्ञ), डॉ. शमशेर सिंह (बाल रोग), डॉ. असजद अंसारी (जनरल फिजिशियन) और डॉ. सुमित प्रसाद (सर्जन) ने अपनी सेवाएं दीं। लायंस क्लब के अध्यक्ष डॉ. असजद अंसारी ने बताया कि यह शिविर हर महीने की पहली तारीख को नियमित रूप से आयोजित किया जाएगा और भविष्य में इसका विस्तार भी किया जाएगा। उन्होंने कहा, ₹हमारा उद्देश्य समाज के सभी वर्गों तक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना है।₹ शिविर को सफल बनाने में मेडिकल सेंटर के नर्सिंग स्टाफ और क्लब सदस्यों की अहम भूमिका रही। मरीजों ने इस सेवा को ह्यवरदानह्न बताया और भविष्य में भी इसके आयोजन की मांग की।

## मोबाइल चोरी का आरोपी गिरफ्तार दो मोबाइल और नकदी बरामद



**नावाजयपुर।** थाना क्षेत्र में एक दुकान से मोबाइल और नकदी चोरी करने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के पास से चोरी गए दोनों मोबाइल फोन और कुछ नकदी भी बरामद की गई है। जानकारी के अनुसार, 31 जुलाई को नावाजयपुर के खजुरी उर्फ दिपौआ गांव निवासी रामाशीष साव ने थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई थी कि उनकी दुकान से दो मोबाइल और ?1500 नकद चोरी हो गए हैं। शिकायत के आधार पर थाना में कांड संख्या 34/25, दिनांक 1 अगस्त 2025 को धारा 303(2)/334(1) इठर के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया। छानबीन के दौरान पुलिस को पूर्व के एक चोरी कांड में संलिप्त रहे संतु उरांव उर्फ फुदू (20 वर्ष) पर संदेह हुआ। वह हाल ही में जेल से छूटकर बाहर आया था और फरार चल रहा था। उसके घर पर छापेमारी की गई, लेकिन वह नहीं मिला। बाद में सूचना के आधार पर उसे डयनीखाड़ इलाके से गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में संतु ने चोरी की बात स्वीकार की। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने चोरी हुए दो मोबाइल फोन और ?600 नकद बरामद किए। बरामद मोबाइल में एक ४५ङ्क 22 स्मार्टफोन है, जिसमें दो खङ्क सिम कार्ड लगे थे, जबकि दूसरा एक खङ्क कीपैड फोन है। पुलिस ने संतु को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। आरोपी पूर्व में नावाजयपुर थाना में दर्ज कांड संख्या 01/24 (धारा 379/411 भा.द.वि.) में भी जेल जा चुका है। पुलिस ने बताया कि क्षेत्र में चोरी की घटनाओं को रोकने के लिए लगातार सघन जांच और गश्ती अभियान चलाए जा रहे हैं।

## नूरी मस्जिद में कैंसर पीड़िता के लिए जुटा इंसानियत का कारवां

**मेराल।** चरका पत्थर स्थित नूरी मस्जिद में शुक्रवार को जुम्मे की नमाज के बाद कैंसर पीड़ित विजय चौधरी की पत्नी सुशीला देवी को आर्थिक सहयोग प्रदान किया गया। सुशीला देवी ने नमाज से पूर्व मस्जिद के इमाम हजरत मौलाना गुलाम यासीन से अपने पति की बीमारी और आर्थिक तंगी की बात साझा की। इमाम साहब ने मेंबर शरीफ से खड़े होकर मस्जिद में मौजूद तमाम लोगों से मदद की अपील की, जिसके बाद नमाज के बाद उपस्थित लोगों ने आर्थिक सहयोग कर मानवता की मिसाल पेश की। बताया गया कि विजय चौधरी का इलाज रांची के रिम्स अस्पताल में चल रहा है और परिवार आर्थिक रूप से टूट चुका है। इस मौके पर अतहर अली अंसारी, सदर मुख्तार अंसारी, लतीफ अंसारी, रेयाज अंसारी, नूर मोहम्मद, हमीद अंसारी समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे। अगले शुक्रवार को और अधिक सहयोग की योजना बनाई गई है।

# चिनिया में दाल-भात केंद्र का संचालन फिर शुरू

नवीन मेल संवाददाता

**चिनिया।** प्रखंड मुख्यालय स्थित प्लस टू उच्च विद्यालय के पास संचालित मुख्यमंत्री दाल-भात केंद्र में शुक्रवार को अंचल अधिकारी उमेश्वर यादव और राजस्व कर्मचारी विनोद दुबे ने औचक निरीक्षण किया। करीब 1:30 बजे हुए निरीक्षण में उन्होंने भोजन की गुणवत्ता, स्वच्छता और संचालन व्यवस्था की समीक्षा की। यह दाल-भात केंद्र पिछले कुछ महीनों से बंद था, लेकिन 15 जुलाई से पुनः चालू कर दिया गया है। स्थानीय ग्रामीणों ने राहत की सांस ली और कहा कि यह गरीब, असहाय और मजदूर वर्ग के लिए अत्यंत आवश्यक सेवा है। अंचल अधिकारी ने निर्देश दिया कि केंद्र पर स्पष्ट सूचना बोर्ड लगाया जाए और भोजन वितरण में पारदर्शिता सुनिश्चित की जाए। निरीक्षण के समय स्थानीय लोग भी मौजूद थे और उन्होंने प्रशासन की इस पहल की सराहना की। प्रशासन का उद्देश्य है कि कोई भी जरूरतमंद भूखा न रहे और सभी को गुणवत्तापूर्ण भोजन मिले।



# गढ़वा को मिला आधुनिक मनोरंजन का तोहफा: 'छोटू महाराज सिनेमा हॉल' का उद्घाटन

रजनीश कुमार

**गढ़वा।** खजुरी स्थित द रॉयल ग्रैंड रिसॉर्ट में शुक्रवार को एक ऐतिहासिक क्षण देखा गया, जब जिले के बहुप्रतीक्षित 'छोटू महाराज सिनेमा हॉल' का भव्य उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी दिनेश कुमार यादव, अभियान एसपी राहुल देव ब्राइक और प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. अनिल साव ने दीप प्रज्वलित कर और फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। डीसी दिनेश कुमार यादव ने कहा, ह्लगढ़वा जैसे जिले में इस प्रकार का आधुनिक सिनेमा हॉल खुलना मनोरंजन के क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि है। अब यहां के लोगों को फिल्मों के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा।ह्न डॉ. अनिल साव ने बताया कि गढ़वा में पिछले 20 वर्षों में कोई सिनेमाघर नहीं था, जिससे युवाओं को पलायन करना पड़ता था। उन्होंने आगे कहा, ह्लयह सिनेमा हॉल आधुनिक तकनीक और सुविधाओं से युक्त है। इसे एनओसी दिलाने में डीसी महोदय की बड़ी भूमिका रही है। उन्होंने तत्परता से सहमति देकर इसे संभव बनाया। उद्घाटन समारोह में विरेंद्र साव, डॉ. आयुष कुमार, मुखिया अजय ठाकुर, फुजैल अंसारी, दिव्य प्रकाश सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद थे।




## कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, झारखण्ड, राँची
कार्यालय- भूमि संरक्षण पदाधिकारी, चतरा
E-Mail ID – chatrasco@gmail.com

**वित्तीय वर्ष 2025–26 में जलनिधि योजनान्तर्गत डीप बोरिंग एवं परकोलेशन टैंक निर्माण हेतु कृषको के लिए आवेदन आमंत्रण सूचना।**

राज्य योजनान्तर्गत कृषि को बढ़ावा देने के लिए मानसुन पर कृषकों को निर्भरता कम करने एवं विभिन्न श्रोतों से सिंचाई की समूचित व्यवस्था के लिए डीप बोरिंग एवं परकोलेशन टैंक निर्माण हेतु "जलनिधि योजना" जिससे कृषि योग्य भूमि को सिंचित और बहुफसलीय कृषि को बढ़ावा दिया जा सके।

कृषक / संस्था का चयन
(1) अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति / लधु / सीमांत कृषक / महिला कृषकों / ईच्छुक कृषकों का चयन प्राथमिकता के आधार पर किया जायेगा।
(2) जिन कृषकों को पूर्व में डीप बोरिंग एवं परकोलेशन टैंक निर्माण का लाभ प्राप्त हो चुका है, उनकी पात्रता जलनिधि योजना के लिए मान्य नही होगी।
(3) योजना के कार्यान्वयन में त्रिस्तरीय पंचायती राज्य व्यवस्था की सहभागिता सुनिश्चित की जायेगी एवं ग्राम–सभा द्वारा चयनित योजनाओं तथा माननीय स्थानीय विधायक की अनुशंसा को प्राथमिकता दिया जायेगा।

आवेदन पत्र की प्राप्ति
(I) कार्यालय–भूमि संरक्षण पदाधिकारी, चतरा के लिए निर्धारित लक्ष्य के विरूद्ध ईच्छुक एवं सुपात्र कृषकों से विहित प्रपत्र–I में आवेदन प्राप्त किया जायेगा।
(II) कार्यालय–भूमि संरक्षण पदाधिकारी, चतरा (जिला संयुक्त कृषि भवन तपेज, चतरा) एवं प्रखण्ड कार्यालय से कार्यालय अवधि में निःशूल्क आवेदन–पत्र प्राप्त किया जा सकता है।
(III) आवेदन–पत्र का प्रारूप विभागीय वेबसाईट www.jharkhand.gov.in/agri. एवं www.Sameti.org पर भी उपलब्ध है। आवेदन–पत्र निम्न कागजातों के साथ सूचना प्रकाशन की तिथि से किसी भी कार्य दिवस में 15 दिनों के अन्दर कार्यालय को उपलब्ध कराया जा सकता है।
1. संबंधित योजना ग्राम–सभा / विशेष ग्राम से पारित होनी चाहिए एवं पारित ग्राम–सभा की छाया प्रति मुखिया द्वारा अभिप्रमाणित होना चाहिए।
2. गाँव के नक्शा पर संबंधित योजना को चिन्हित कर नक्शा की छाया प्रति।
3. भूमि का खेसरा संख्या अद्यतन राजस्व रशीद पहचान पत्र के साथ संलग्न करें यदि जमीन पूर्वज के नाम से है तो कुर्सी नामा के साथ अपने जमीन का रकबा दिखाते हुए शपथ पत्र संलग्न करेंगे।
4. जिस स्थल पर डीप बोरिंग एवं परकोलेशन टैंक का कार्यान्वयन होगा उस रैयती भूमि का खाता सं0, प्लॉट सं0, रकबा, का भूमि प्रतिवेदन अंचलाधिकारी द्वारा मान्य होगा।
5. योजना स्थल का लाभुक के साथ रंगीन GPS फोटोग्राफ।

(1) डीप बोरिंग की योजनाः–

| कार्य योजना | भौतिक लक्ष्य | पात्रता | अनुदान की राशि | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | अनुमानित योजना लागत प्रति इकाई | अधिकतम अनुदान की राशि | कृषक समूह का अंशदान की राशि |
| योजना अंतर्गत 6 ईंच Diameter Deep Boring, Submersible Pump 1.5 HP, आवश्यक Accessories एवं संस्थापन (Installation) के साथ | OSP-09 SCSP- 07 कुल–16 | योजना लघु एवं सीमांत कृषक समूहों के लिए लागु होगा। विभागीय मार्गदर्शन के आलोक में विधिवत पानी पंचायत का गठन कर इसका कार्यान्वयन कराया जायेगा। समिति के सदस्यों के पास कलस्टर में न्यूनतम 05 एकड़ भूमि होना अनिर्वाय होगा। | 3.50 लाख | 90 प्रतिशत (3.15 लाख) | 10 प्रतिशत (0.35 लाख) |

(2) परकोलेशन टैंक की योजना।

| कार्य योजना | भौतिक लक्ष्य | पात्रता | अनुदान की राशि | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | अनुमानित योजना लागत प्रति इकाई | अधिकतम अनुदान की राशि | कृषक समूह का अंशदान की राशि |
| Length of percolation tank 120ft. width of percolation tank 100ft. Depth of percolation tank 12ft. Length of Bound-370ft side slope-1:1 | OSP-62 SCSP- 49 कुल–111 | योजना लघु एवं सीमांत कृषक समूहों के लिए लागु होगा। विभागीय मार्गदर्शन के आलोक में विधिवत पानी पंचायत का गठन कर इसका कार्यान्वयन कराया जायेगा। समिति के सदस्यों के पास कलस्टर में न्यूनतम 10 एकड़ भूमि होना अनिर्वाय होगा। | 4.30 लाख | 90 प्रतिशत (3.87 लाख) | 10 प्रतिशत (0.43 लाख) |

PR 358791 Agriculture,Animal Husbandry And Co-opretive Department (25-26)_D भूमि संरक्षण पदाधिकारी, चतरा



## समाहरणालय, गढ़वा
(समाज कल्याण शाखा)

**सेविका/सहायिका चयन हेतु प्रेस विज्ञप्ति**

गढ़वा जिला अन्तर्गत अवस्थित ऑगनबाड़ी केन्द्रों में सेविका / सहायिका के रिक्त पदों पर चयन हेतु आम सभा की तिथि ऑगनबाड़ी केन्द्रवार निर्धारित की गई है। इस सूचना के माध्यम से सभी योग्य अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि निम्न विवरण के अनुसार निर्धारित तिथियों को ससमय आम सभा में उपस्थित हो कर चयन कार्यक्रम में भाग लें :–

| क्र0 सं0 | परियोजना का नाम | प्रखण्ड का नाम | ऑगनबाड़ी केन्द्र का नाम | रिक्त पद | पोषक क्षेत्र का जाति बाहुल्य | आमसभा की तिथि/समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | भण्डरिया | भण्डरिया | करचाली | सेविका | BC-1 | बुधवार 20.08.2025 को पूर्वाह्न 10:00 बजे से |
| 2 | भण्डरिया | भण्डरिया | पुनर्वास मरदा | सेविका | ST | गुरूवार 21.08.2025 को पूर्वाह्न 10:00 बजे से |
| 3 | भण्डरिया | बड़गड़ | सालो बढ़नी | सहायिका | ST | शुक्रवार 22.08.2025 को पूर्वाह्न 10:00 बजे से |
| 4 | भवनाथपुर | खरौंधी | शिशरी | सहायिका | BC-2 | बुधवार 20.08.2025 को पूर्वाह्न 10:00 बजे से |
| 5 | भवनाथपुर | खरौंधी | मझिगॉवा भूईया टोला | सहायिका | BC-2 | गुरूवार 21.08.2025 को पूर्वाह्न 10:00 बजे से |
| 6 | धुरकी | धुरकी | रक्सी पुरब | सेविका | ST | बुधवार 20.08.2025 को पूर्वाह्न 10:00 बजे से |
| 7 | धुरकी | धुरकी | करवापहाड़ | सेविका | BC-1 | गुरूवार 21.08.2025 को पूर्वाह्न 10:00 बजे से |
| 8 | धुरकी | धुरकी | टाटीदीरी | सहायिका | BC-1 | शुक्रवार 22.08.2025 को पूर्वाह्न 10:00 बजे से |
| 9 | धुरकी | सगमा | घघरी उत्तर | सेविका | BC-2 | शनिवार 23.08.2025 को पूर्वाह्न 10:00 बजे से |
| 10 | धुरकी | सगमा | दुसैया | सेविका | SC | सोमवार 25.08.2025 को पूर्वाह्न 10:00 बजे से |
| 11 | धुरकी | सगमा | बिरबल उत्तर | सहायिका | BC-1 | मंगलवार 26.08.2025 को पूर्वाह्न 10:00 बजे से |
| 12 | धुरकी | धुरकी | कुम्बाकला | सेविका | BC-1 | गुरूवार 28.08.2025 को पूर्वाह्न 10:00 बजे से |
| 13 | गढ़वा | गढ़वा | फरठिया–2 | सेविका | BC-1 | शुक्रवार 22.08.2025 को पूर्वाह्न 10:00 बजे से |
| 14 | गढ़वा | गढ़वा | परिहारा–3 | सहायिका | BC-1 | शनिवार 23.08.2025 को पूर्वाह्न 10:00 बजे से |
| 15 | गढ़वा | गढ़वा | भदुआ | सहायिका | ST | सोमवार 25.08.2025 को पूर्वाह्न 10:00 बजे से |
| 16 | काण्डी | काण्डी | काण्डी–1 | सहायिका | BC-2 | बुधवार 20.08.2025 को पूर्वाह्न 10:00 बजे से |
| 17 | काण्डी | काण्डी | सोनपुरवा–2 | सेविका | BC-2 | गुरूवार 21.08.2025 को पूर्वाह्न 10:00 बजे से |
| 18 | मझिऑव | मझिऑव | मोरबे–1 | सहायिका | BC-1 | बुधवार 20.08.2025 को पूर्वाह्न 10:00 बजे से |
| 19 | मझिऑव | मझिऑव | बाजूगंज | सहायिका | SC | गुरूवार 21.08.2025 को पूर्वाह्न 10:00 बजे से |
| 20 | मझिऑव | बरडीहा | जीका–1 | सहायिका | SC | शुक्रवार 22.08.2025 को पूर्वाह्न 10:00 बजे से |
| 21 | मझिऑव | बरडीहा | जीका–2 | सेविका | BC1 | शनिवार 23.08.2025 को पूर्वाह्न 10:00 बजे से |
| 22 | मझिऑव | बरडीहा | जीका–2 | सहायिका | BC1 | सोमवार 25.08.2025 को पूर्वाह्न 10:00 बजे से |
| 23 | मेराल | मेराल | खोलरा | सहायिका | BC-1 | बुधवार 20.08.2025 को पूर्वाह्न 10:00 बजे से |
| 24 | मेराल | मेराल | रामबांध आदिवासी टोला बाना | सहायिका | ST | गुरूवार 21.08.2025 को पूर्वाह्न 10:00 बजे से |
| 25 | मेराल | मेराल | बसरिया | सेविका | SC | शुक्रवार 22.08.2025 को पूर्वाह्न 10:00 बजे से |
| 26 | मेराल | डंडई | बैलाझखड़ा मुस्लिम टोला | सेविका | BC-1 | शनिवार 23.08.2025 को पूर्वाह्न 10:00 बजे से |
| 27 | मेराल | डंडई | लोवादाग | सहायिका | BC-1 | सोमवार 25.08.2025 को पूर्वाह्न 10:00 बजे से |
| 28 | नगरउँटारी | विशुनपुरा | चितरी | सहायिका | SC | बुधवार 20.08.2025 को पूर्वाह्न 10:00 बजे से |
| 29 | नगरउँटारी | विशुनपुरा | कुशवाहा टोला पतागाड़ा | सहायिका | BC-1 | गुरूवार 21.08.2025 को पूर्वाह्न 10:00 बजे से |
| 30 | नगरउँटारी | नगरउँटारी | अमर सरई दक्षिण | सेविका | ST | शुक्रवार 22.08.2025 को पूर्वाह्न 10:00 बजे से |
| 31 | नगरउँटारी | नगरउँटारी | दक्षिण टोला नगरउँटारी | सहायिका | BC-2 | शनिवार 23.08.2025 को पूर्वाह्न 10:00 बजे से |
| 32 | नगरउँटारी | रमना | बियवाटिकर | सेविका | ST | सोमवार 25.08.2025 को पूर्वाह्न 10:00 बजे से |
| 33 | रंका | चिनियॉ | मसरा (मुटगी) | सेविका / सहायिका | ST | बुधवार 20.08.2025 को पूर्वाह्न 10:00 बजे से |
| 34 | रंका | चिनियॉ | पुरेगाड़ा | सेविका / सहायिका | ST | गुरूवार 21.08.2025 को पूर्वाह्न 10:00 बजे से |
| 35 | रंका | चिनियॉ | सिर्दे | सेविका / सहायिका | ST | शुक्रवार 22.08.2025 को पूर्वाह्न 10:00 बजे से |
| 36 | रंका | रंका | दमारण | सेविका / सहायिका | ST | शनिवार 23.08.2025 को पूर्वाह्न 10:00 बजे से |
| 37 | रंका | रमकण्डा | सबाने (परहिया टोला) | सेविका / सहायिका | ST | सोमवार 25.08.2025 को पूर्वाह्न 10:00 बजे से |
| 38 | रंका | चिनियॉ | राजबांश | सेविका | ST | मंगलवार 26.08.2025 को पूर्वाह्न 10:00 बजे से |
| 39 | रंका | चिनियॉ | रनपुरा | सहायिका | SC | गुरूवार 28.08.2025 को पूर्वाह्न 10:00 बजे से |
| 40 | रंका | चिनियॉ | कठौतिया | सेविका | ST | शुक्रवार 29.08.2025 को पूर्वाह्न 10:00 बजे से |
| 41 | रंका | रमकण्डा | केरवाकुटी | सेविका | SC | शनिवार 30.08.2025 को पूर्वाह्न 10:00 बजे से |
| 42 | रंका | रमकण्डा | रमकण्डा–3 | सहायिका | BC-1 | सोमवार 01.09.2025 को पूर्वाह्न 10:00 बजे से |
| 43 | रंका | रमकण्डा | उदयपुर–2 | सहायिका | SC | मंगलवार 02.09.2025 को पूर्वाह्न 10:00 बजे से |
| 44 | रंका | रंका | रंका खुर्द | सेविका | BC-1 | शनिवार 06.09.2025 को पूर्वाह्न 10:00 बजे से |
| 45 | रंका | रंका | बेलवादामर | सेविका / सहायिका | BC-1 | सोमवार 08.09.2025 को पूर्वाह्न 10:00 बजे से |
| 46 | रंका | रंका | जोलंगा | सेविका | ST | मंगलवार 09.09.2025 को पूर्वाह्न 10:00 बजे से |
| 47 | रंका | रंका | बरवाहा | सेविका | ST | बुधवार 10.09.2025 को पूर्वाह्न 10:00 बजे से |
| 48 | रंका | रंका | विश्रामपुर–1 | सहायिका | ST | गुरूवार 11.09.2025 को पूर्वाह्न 10:00 बजे से |
| 49 | रंका | रंका | रंका–5 | सहायिका | BC-1 | शुक्रवार 12.09.2025 को पूर्वाह्न 10:00 बजे से |

जिला समाज कल्याण पदाधिकारी,
गढ़वा

PR 358724 Welfare(25-26)#D

रात के सन्नाटे में हाथियों का आतंक, घर ध्वस्त, मासूम घायल

# चंदवा के तीन पंचायतों में जंगली हाथी ने मचाया उत्पात, कोठा टांड़ के चार घर तोड़े, तीन बच्चे घायल

नवीन मेल संवाददाता

**चंदवा (लातेहार)।** चंदवा थाना क्षेत्र के चेटर, सासंग और बारी पंचायत में बीती रात एक जंगली हाथी ने जमकर तबाही मचाई। कोठा टांड़ में पच्चू भुइयां, किशोर भुइयां, छोटू भुइयां और अशोक भुइयां के घरों को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया गया। इस हमले में छोटू भुइयां के तीन बच्चे – चांदनी (8), पवन (6), और अजय (4) गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी को इलाज के लिए लातेहार सदर अस्पताल भेजा गया।

उपद्रव के बाद हाथी ने हरि साव की दुकान का शटर तोड़कर खाद्य सामग्री नष्ट कर दी। जिप सदस्य सरोज देवी ने पीड़ित परिवारों से मुलाकात कर उन्हें विभागीय सहायता दिलाने का आश्वासन दिया। स्थानीय लोगों के अनुसार, पिछले चार वर्षों से जंगल से सटे गांवों में हाथियों का लगातार आना एक बड़ी समस्या बन गया है। वन विभाग से हाथियों को आबादी से दूर रखने और प्रभावितों को मुआवजा दिलाने की मांग की गई है।

## झुंड से बिछड़ा जंगली हाथी पहुंचा बालूमाथ टाउन क्षेत्र, बना कौतूहल का विषय

- **शहरवासियों में दहशत और रोमांच का मिला-जुला असर**

**बालूमाथ।** इन दिनों बालूमाथ अनुमंडल क्षेत्र में जंगली हाथियों की लगातार सक्रियता ने ग्रामीणों की नींद उड़ा दी है। शुक्रवार की शाम झुंड से बिछड़ा एक जंगली हाथी नगर क्षेत्र में प्रवेश कर गया, जिससे एक ओर जहां लोगों में दहशत फैल गई, वहीं दूसरी ओर यह दृश्य कई लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र भी बन गया।

स्थानीय लोगों के अनुसार यह हाथी पहले पकरी गांव में देखा गया, फिर चेताग होते हुए बालूमाथ साप्ताहिक बाजार ताड़ इलाके तक पहुंच गया। टाउन क्षेत्र में जंगली हाथी के पहुंचने की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में लोग उसे देखने के लिए उमड़ पड़े। कई युवाओं ने जोखिम उठाते हुए उसके पास जाकर वीडियो और फोटो भी बनाए, जबकि कुछ लोग एहतियातन अपने घरों में जाकर छिप गए। हाथी की उपस्थिति से यातायात प्रभावित रहा और बाजार क्षेत्र में कुछ समय के लिए अफरातफरी का माहौल बन गया।



बाद में यह हाथी पास के एक तालाब में उतर गया, जहां देर शाम तक उसका डेरा रहा। इस पूरी घटना के दौरान वन विभाग की टीम सतर्क रही और हाथी को नुकसान पहुंचाए बिना उसे सुरक्षित रूप से जंगल की ओर लौटाने के प्रयास में जुटी रही। वन विभाग के अधिकारियों ने लोगों से अपील की कि वे हाथी के पास न जाएं और सुरक्षित दूरी बनाए रखें। बालूमाथ वन क्षेत्र अधिकारी ने बताया कि झुंड से अलग हुए हाथी अक्सर भ्रमित होकर आबादी वाले इलाकों में पहुंच जाते हैं। विभाग की टीम लगातार हाथी की गतिविधियों पर नजर बनाए हुए है और उसे सुरक्षित तरीके से जंगल की ओर लौटाने की प्रक्रिया जारी है। लगातार बढ़ रही है हाथियों की चहलकदमी

ज्ञात हो कि बीते कुछ सप्ताह से बालूमाथ और आसपास के इलाकों में जंगली हाथियों की आवाजाही बढ़ गई है। भोजन और पानी की तलाश में जंगल से बाहर निकलकर ये हाथी अब आबादी वाले क्षेत्रों की ओर भी रुख करने लगे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में फसल नुकसान और घरों को क्षति पहुंचाने की कई घटनाएं सामने आ चुकी हैं। वन विभाग से लगातार इस मुद्दे पर दीर्घकालिक समाधान की मांग की जा रही है ताकि ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में जन-धन की क्षति को रोका जा सके।

## प्रगतिशील किसान को टमाटर की उन्नत खेती के लिए मिला राज्यस्तरीय सम्मान




- **ग्राफ्टेड तकनीक और ड्रिप इरिगेशन का उपयोग कर श्री कृष्णा उरांव बने लातेहार के प्रेरणास्रोत किसान**

नवीन मेल संवराददाता

**बालूमाथ (लातेहार)।** बिरसा कृषि विश्वविद्यालय, रांची द्वारा आयोजित एक्सटेंशन काउंसिल मीटिंग में कोमार गांव (प्रखंड बालूमाथ) के प्रगतिशील किसान श्री कृष्णा उरांव को टमाटर की खेती में नई वैज्ञानिक विधियों के सफल उपयोग हेतु सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. एस.सी. दुबे एवं अटारी, पटना के निदेशक डॉ. अंजनी कुमार ने की। इस बैठक में झारखंड के 24 जिलों के कृषि विज्ञान केंद्रों ने अपनी वार्षिक रिपोर्ट व आगामी योजनाएं प्रस्तुत कीं।

कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केंद्र, बालूमाथ के प्रधान एवं विधि वैज्ञानिक श्री महेश चंद्र ने बताया कि श्री कृष्णा उरांव ने टमाटर की खेती में ग्राफ्टेड पौधों, ड्रिप इरिगेशन एवं मल्चिंग तकनीक का उपयोग कर उल्लेखनीय सफलता पाई है। विशेष रूप से बरसात के मौसम में जब उकठा रोग (Fusarium Wilt) के कारण अधिकांश किसानों की फसल नष्ट हो जाती है, श्री उरांव की वैज्ञानिक विधियों से यह समस्या काफी हद तक नियंत्रित रही।

ग्राफ्टेड टमाटर पौधों के उपयोग से उकठा रोग से सुरक्षा मिलती है, जिससे पैदावार में न केवल वृद्धि होती है, बल्कि किसानों को आर्थिक नुकसान से भी राहत मिलती है। श्री उरांव ने बीते दो वर्षों में इन उन्नत तकनीकों को अपनाकर लातेहार क्षेत्र में टमाटर उत्पादन को एक नई दिशा दी है। उनके इस नवाचार को देखकर आसपास के दर्जनों किसान भी इस पद्धति को अपनाने लगे हैं।

## न्यूज बॉक्स

### कुंदा में चला डोर-टू-डोर विधिक जागरूकता अभियान

**कुंदा (चतरा)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चतरा के निर्देश पर मदारपुर गांव में डोर-टू-डोर विधिक जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान संजय कुमार चौधरी, मुन्ना दास, अजित कुमार, अमलेश कुमार और किरण कुमारी ने ग्रामीणों को नशा मुक्ति, बाल श्रम निषेध, समावेशी शिक्षा और नागरिक अधिकारों की जानकारी दी। ग्रामीणों को नालसा हेल्पलाइन नंबर 15100 के बारे में भी जानकारी दी गई, जिससे वे अपनी समस्याओं का समाधान पा सकें। यह अभियान ग्रामीण क्षेत्रों में कानूनी जागरूकता फैलाने की दिशा में एक अहम प्रयास माना जा रहा है।

### जन शिकायत निवारण शिविर में उठी 12 समस्याएं, त्वरित निदान के निर्देश

**लातेहार।** साप्ताहिक जन शिकायत निवारण शिविर के दौरान उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी उत्कर्ष गुप्ता ने जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं। इस शिविर में कुल 12 आवेदन प्राप्त हुए जिनमें भूमि विवाद, रोजगार और आंगनबाड़ी सेविका चयन से संबंधित शिकायतें प्रमुख थीं। सुनीता देवी, जो डेमू पंचायत के निंदिर गांव की निवासी हैं, ने आवेदन देकर पशुपालन शेड की मांग की। उन्होंने बताया कि शेड की अनुपलब्धता के कारण पशुओं की देखभाल कठिन हो रही है। उपायुक्त ने त्वरित कार्रवाई का निर्देश संबंधित पदाधिकारी को दिया। श्री गुप्ता ने उपस्थित ग्रामीणों को भरोसा दिलाया कि उनकी समस्याओं का समयबद्ध और नियमानुसार समाधान किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को भौतिक सत्यापन कर शिकायतों के निष्पादन के निर्देश दिए। बता दें कि प्रत्येक मंगलवार और शुक्रवार को जिला, अनुमंडल और प्रखंड स्तर पर जन शिकायत निवारण कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है ताकि आम लोगों की समस्याएं प्राथमिकता से हल की जा सकें।

### विधायक प्रतिनिधियों को मिला सम्मान जनसेवा में नई ऊर्जा का संचार

**चंदवा।** विधायक प्रकाश राम द्वारा चंदवा प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों के लिए मनोनीत विभागवार विधायक प्रतिनिधियों को शुक्रवार को भाजपा द्वारा आयोजित एक भव्य सम्मान समारोह में सम्मानित किया गया। यह आयोजन स्थानीय गैरेज लेन स्थित होटल आकाश में किया गया, जिसकी अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष अमित कुमार गुप्ता और मंच संचालन मंडल महामंत्री दीपक निषाद ने किया। इस अवसर पर श्री गुप्ता ने कहा कि प्रतिनिधियों के मनोनयन से जनता की समस्याओं का समाधान अधिक प्रभावी और त्वरित रूप से होगा। उन्होंने प्रतिनिधियों से पंचायत अध्यक्षों के साथ समन्वय कर जनहित में कार्य करने की अपील की। मौके पर महेंद्र प्रसाद साहू, विजय दुबे, शिवकेश्वर यादव, आदर्श रविराज, संजीव आजाद, और अन्य सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। यह समारोह जनप्रतिनिधित्व की मजबूती और स्थानीय जनसमस्याओं के समाधान में समर्पण का प्रतीक बना।

### बारिश से गिरे घरों का लिया जायजा आवास योजना में पारदर्शिता की मांग

**चंदवा।** झारखंड दैनिक मजदूर यूनियन के अध्यक्ष प्रमोद साहू एवं संगठन सदस्य मो. अलाउद्दीन पप्पू ने शुक्रवार को बोदा पंचायत के चिरो गांव का दौरा किया, जहां हाल की भारी बारिश के कारण दो किसानों के मकान पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गए हैं। गलु महतो और बिगु लोहरा के घर बारिश के कारण ढह गए, जिससे उनके परिवार खुले आसमान के नीचे जीवन बसर करने को मजबूर हैं। इस गंभीर स्थिति का जायजा लेने पहुंचे प्रमोद साहू ने कहा कि सरकार को शीघ्र सर्वे कर इन्हें अबुआ आवास योजना और प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ देना चाहिए। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि प्रखंड स्तर पर व्याप्त भ्रष्टाचार के चलते कई वास्तविक जरूरतमंद आज भी सरकारी योजनाओं से वंचित हैं। यदि स्थिति में सुधार नहीं हुआ तो यूनियन आंदोलन का मार्ग अपनाएगी। मौके पर मौजूद अन्य ग्रामीणों में धनेश्वर तुरी, सुरेश वासपती, महेश लोहार आदि शामिल थे। यह दौरा प्रशासन को सचेत करता है कि आपदा पीड़ितों के लिए तत्काल राहत कार्य प्रारंभ करना अत्यावश्यक है।

### वित्तीय साक्षरता से समृद्धि की ओर एक कदम




**लातेहार।** भारतीय रिज़र्व बैंक, रांची के तत्वावधान में 1 अगस्त को महुआडांड़ में वित्तीय साक्षरता को लेकर क्षेत्र स्तरीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आरबीआई झारखंड के क्षेत्रीय निदेशक प्रेम रंजन प्रसाद सिंह मौजूद रहे। उन्होंने उपस्थित जनता को वित्तीय समावेशन, डिजिटल बैंकिंग, बैंकिंग ओम्बड्समैन, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, विश्वकर्मा योजना तथा स्टैंड-अप इंडिया जैसे विषयों पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि 'वित्तीय साक्षरता सिर्फ पैसा कमाने तक सीमित नहीं है, बल्कि धन को सुरक्षित रखने, निवेश करने और विवेकपूर्ण खर्च की समझ पैदा करना भी इसका अहम भाग है।' कार्यक्रम में भारतीय स्टेट बैंक, बैंक ऑफ इंडिया, झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक के वरिष्ठ अधिकारी एवं स्थानीय बैंक शाखा प्रबंधक उपस्थित रहे। प्रश्नोत्तर सत्र में प्रतिभागियों ने अपने वित्तीय अनुभव साझा किए और स्वयं सहायता समूहों ने भी बैंकिंग लेनदेन को लेकर संतोष जाहिर किया।

## तेज रफ्तार यात्री बस ने छीनी मासूम की जान

- **सिंह वाहिनी बस की टक्कर से पांच वर्षीय बालक की मौत, ग्रामीणों ने किया एनएच-22 जाम**

नवीन मेल संवाददाता



**बालूमाथ (लातेहार)।** शुक्रवार की सुबह रांची-चतरा मार्ग पर मकईयाटांड़ गांव में सिंह वाहिनी यात्री बस की चपेट में आने से 5 वर्षीय मो. अर्श की मौके पर मौत हो गई। घटना उस समय हुई जब तेज रफ्तार बस गांव से गुजर रही थी और किराना दुकान के पास खेल रहा बच्चा चपेट में आ गया। घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने बस को चितरपुर के पास रोककर चालक की पिटाई कर दी और एनएच-22 को जाम कर दिया। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए चालक कुंदन राम को भीड़ से सुरक्षित निकाला और प्राथमिक उपचार के बाद रिम्स रांची रेफर किया गया। थाना प्रभारी अमरेंद्र कुमार ने बताया कि बस को जब्त कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। इस घटना ने एक बार फिर यात्री बसों के अनियंत्रित संचालन पर सवाल खड़े कर दिए हैं। परिवहन विभाग से सख्त कदम उठाने की मांग की जा रही है।

## मॉडल डिग्री महिला कॉलेज में परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न

- **यूजी सेमेस्टर-1 परीक्षा के सुचारु संचालन से छात्राओं व अभिभावकों में खुशी की लहर**

नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** जिले के मॉडल डिग्री महिला कॉलेज में आयोजित यूजी सेमेस्टर 1 (2024-28) की परीक्षा सफलतापूर्वक संपन्न हुई। परीक्षा 18 जुलाई से शुरू हुई थी और इसे दो पालियों में संपन्न कराया गया।

कॉलेज की प्राचार्य डॉ. मनोरमा सिंह ने बताया कि परीक्षा कदाचार मुक्त और शांतिपूर्ण रही, जिसमें प्रशासन एवं वीक्षकों का योगदान सराहनीय रहा। उन्होंने यह भी कहा कि आने वाले समय में कॉलेज को और सशक्त बनाने की दिशा में कार्य किया जाएगा। इस सफलता से छात्राओं और उनके अभिभावकों में आशा और गर्व की भावना देखी जा रही है।

## शिक्षकों को मिला उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रदर्शन के लिए सम्मान




- **सरस्वती विद्या मंदिर, लातेहार में शिक्षक सम्मान समारोह संपन्न, मैट्रिक परिणाम में उत्कृष्ट योगदान के लिए किया गया अभिनंदन**

नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** सरस्वती विद्या मंदिर, लातेहार में एक गरिमामयी शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यालय के उन शिक्षक-शिक्षिकाओं को सम्मानित किया गया जिन्होंने वर्ष 2025 की मैट्रिक परीक्षा में विद्यार्थियों को शत-प्रतिशत प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नव-चयनित प्रशासनिक अधिकारी अर्चना कुमारी और विशिष्ट अतिथि अधिवक्ता रितु रानी पांडे उपस्थित रहीं। समारोह की अध्यक्षता विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के अध्यक्ष राजीव रंजन कुमार पांडे और संचालन आचार्य अभिषेक अनिल ने किया।

सम्मानित शिक्षकों में ओंकारनाथ सहाय, राधे श्याम मिश्रा, रितेश रंजन गुप्ता, धर्म प्रकाश प्रसाद, फूलचंद सिंह, कपिल देव प्रमाणिक, रेनू गुप्ता, मधु कुमारी और श्रीमती रजनी नाग शामिल थे। विद्यालय के प्राचार्य उत्तम कुमार मुखर्जी ने अपने संबोधन में शिक्षकों के परिश्रम और विद्यार्थियों की मेहनत की सराहना की।

यह सम्मान समारोह यह दर्शाता है कि गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा देने वाले शिक्षक ही विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की नींव रखते हैं।


### कार्यालय, नगर पंचायत, छत्तरपुर

**अति अल्पकालीन दर आमंत्रण सूचना संख्या–NPC-05/2025-26**

नगर पंचायत, छतरपुर अन्तर्गत नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखण्ड, रॉंची के द्वारा प्राप्त आवंटन के आलोक में कार्यालय सामग्री/यंत्र/उपस्कर का क्रय किया जाना है। इच्छुक पंजीकृत संवेदक **निर्माणकर्ता/अधिकृत** विक्रेता / आपूर्तिकर्ता से निम्नलिखित सामग्री के क्रय हेतु मुहरबंद निविदा के माध्यम से दर (सभी कर सहित) निविदा आमंत्रण किया जाता है। दर निविदा दिनांक–11.08.2025 को समय अपराह्न 2:00 बजे तक कार्यालय नगर पंचायत, छतरपुर में प्राप्त किया जायेगा। सभी सामग्रियों के प्रत्येक कम्पनी के अनुसार दर उल्लेख करना होगा तथा प्राप्त निविदा को उसी दिन अपराह्न समय–2:30 बजे छतरपुर के प्रोक्योरमेंट कमिटि के समक्ष खोला जायेगा। क्रय की जाने वाली सामग्री की विवरणी निम्न प्रकार है:–

| Sl | Machine / Equipment's | Details/ Basic Specification | Qty. | Remarks |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Almira (office self Almira) | Company- Brand :- Original , Material :- Steel Application:- Office, Color :- Grey/ Blue | 06 | |
| 2. | Laptop Computer (HP/Dell/) | 13th Gen Intel Core i5-1235U, 8GB, 1 TB- SSD, 15.6-inch(39.6cm), HD Camera. Win-11/12+MS OFFICE. | 02 | |
| 3. | Chair | Fiber Chair -30 pcs office Chair-10 pcs | 40 | |
| 4. | Table Executive | Officer Executive Table (Branded) | 02 | |
| 5. | All in one Desk top Computer | HP/Dell 24" All-in-One PC (5420), 13th Gen Intel i7-1355U, 16GB DDR4, 1TB SSD, | 01 | |
| 6 | All in one Desk top Computer | HP/Dell 24" All-in-One PC 13th Gen Intel i5-, 8GB DDR4, 1TB SSD | 01 | |
| 7 | Officer chair (high back revolving chair) | Branded | 02 | |
| 8. | Steel Stool (Moving) | Branded | 05 | |
| 9 | Office Assistant Table | Branded | 06 | |
| 1 | Laser Printer | M1005 HP LaserJet | 01 | |
| 1 | Inktank printer | EPSONL15150/ EPSON6580/CANON -MAXIFYGX7070 | 01 | |

उपर्युक्त दर्शायी गई सामग्री/यंत्र/उपकरण के निविदा की नियम एवं शर्तो को नगर पंचायत कार्यालय, छतरपुर के सूचना पट्ट एव NIC पलामू के website:- www.palamu.nic.in पर देखा जा सकता है।

ह0/–
कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर पंचायत, छतरपुर।

PR.NO.358710 District(25-26):D



### कार्यालय, जिला मत्स्य पदाधिकारी-सह-मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, गढ़वा

**इच्छा की अभिव्यक्ति हेतु आवेदन आमंत्रण**

एतद् द्वारा गढ़वा जिले के स्थानीय मत्स्य बीज उत्पादकों/प्रशिक्षित मत्स्य बीज उत्पादकों को सूचित किया जाता है कि कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (मत्स्य प्रभाग) के राज्यादेश सं0–10 रा0(वि0)/दिनांक 04.07.2025 के आलोक में तालाब तथा जलाशय मत्स्य का विकास एवं जीर्णोद्धार योजना अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025–26 हेतु जिले में अवस्थित छोटे–बड़े जलाशयों/आर0 एफ0 एफ0 में मत्स्य अंगुलिकाओं के संचयन कार्य के लिए मेजर कॉर्प/ग्रास कार्प एवं वर्ष 2023–24 तक निर्मित पुराने केजों में पंगेशियस/तिलापिया/अमृत कतला एवं अन्य उपयुक्त मत्स्य बीजों के संचयन हेतु तीन इंच से बड़े आकार के मत्स्य अंगुलिकाओं की आवश्यकता है। लक्ष्य की विवरणी निम्नवत् है–

| क्र0 सं0 | मत्स्य अंगुलिका की प्रजाति | शीर्ष (101) | शीर्ष (789) | कुल प्राप्त भौतिक लक्ष्य (लाख में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | मेजर कार्प | 10 | 03 | 13 |
| 2 | ग्रास कार्प | 02 | – | 02 |
| 3 | पंगेशियस/तिलापिया/अमृत कतला एवं अन्य उपयुक्त मत्स्य बीज | 06 | 01 | 07 |

इच्छुक स्थानीय मत्स्य बीज उत्पादकों/प्रशिक्षित मत्स्य बीज उत्पादकों से मत्स्य अंगुलिकाओं की आपूर्ति हेतु "इच्छा की अभिव्यक्ति" का आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। आवेदन दिनांक 18.08.2025 के अपराह्न 5.00 बजे तक कार्यालय अवधि में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में निम्न शर्तों के साथ स्वीकार किया जाएगा। आवेदन प्रपत्र जिला मत्स्य कार्यालय, गढ़वा से निःशुल्क प्राप्त किया जा सकता है।

**आवश्यक शर्तें:–**

1. आपूर्तिकर्ता (मत्स्य बीज उत्पादक) को जलाशयों/आर0 एफ0 एफ0 एवं केजों तक मत्स्य अंगुलिकाओं को अपने खर्च पर जीवित तथा स्वस्थ अवस्था में आपूर्ति करना होगा।
2. मेजर कार्प मत्स्य अंगुलिकाओं का सरकार द्वारा निर्धारित दर मो0 750 रू0 प्रति हजार (परिवहन सहित) तथा ग्रास कार्प का निर्धारित दर मो0 1500 रू0 प्रति हजार (परिवहन सहित) है, तथा पंगेशियस/तिलापिया/अमृत कतला मत्स्य अंगुलिकाओं के निर्धारित दर 1.50 रु0 प्रति बीज निर्धारित है।
3. एक स्थानीय मत्स्य बीज उत्पादकं/प्रशिक्षित मत्स्य बीज उत्पादक से न्यूनतम 50 हजार तथा अधिकतम 2 लाख मत्स्य अंगुलिका का ही क्रय किए जाएंगे।
4. आपूर्तिकर्त्ता (मत्स्य बीज उत्पादक) के द्वारा जिस तालाब में मत्स्य अंगुलिकाएँ तैयार किया जा रहा है, उस तालाब का पूर्ण विवरण एवं पता से कार्यालय को अवगत करना अनिवार्य होगा, जिससे संचयन के पूर्व उनकी जाँच की जा सके। साथ ही मत्स्य अंगुलिकाओं की उपलब्धता का भी उल्लेख करना होगा। ताकि विभागीय जाँच/निरिक्षण दल से जाल चलाकर दिखाना इत्यादि स्वयं के खर्च पर करना होगा।
5. समान मूल्य दर पर स्थानीय मत्स्य बीज उत्पादकों/प्रशिक्षित मत्स्य बीज उत्पादकों को प्राथमिकता दी जाएगी।
6. आपूर्त्तिकर्त्ता (मत्स्य बीज उत्पादक) के इच्छा की अभिव्यक्ति के आलोक में प्राप्त आवेदन को जाँचोपरांत स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने एवं बिना कारण बताये किसी भी आवेदन को रद्द/अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित रहेगा।

जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, गढ़वा

PR 358717 Fish (25-26)_D



### JHARKHAND URJA SANCHARAN NIGAM LIMITED

(CIN No.:U40108JH2013SGC001704)
Regd. Office: 2nd Floor, JUSNL (SLDC) Building Kusai Colony, Doranda, Ranchi - 834002
Fax No.:0651-2400123 (E-mail:cetjusnl@gmail.com)

**e-TENDER NOTICE**

E-tender in two parts i.e. Technical (Part-I) and Financial (Part – II) is invited from reputed, capable, experienced and financially sound firm for the following works : -

| NIT No. | Name of the works | Estimated cost (In Rs.) | Earnest money online mode (In Rs.) | Cost of BOQ (Non-Refundable) online mode (in Rs.) |
|---|---|---|---|---|
| 298/PR/JUSNL/ 2025-26 | Design, Engineering, Supply of Materials/ Equipments, Erection, Testing and Commissioning of 02 nos. additional 132 kV Line bay at GSS, Bhawanathpur (Nagaruntari) on turnkey basis. | 7,80,88,005.48 | 15,61,800.00 | 10,000.00 + GST |
| 299/PR/JUSNL/ 2025-26 | Design, Engineering, Supply of Materials/ Equipments, Erection, Testing and Commissioning of 02 nos. additional 132 kV Line bay at GSS, Japla on turnkey basis. | 8,75,19,375.00 | 17,50,400.00 | 10,000.00 + GST |
| 300/PR/JUSNL/ 2025-26 | Design, Engineering, Supply of Materials/ Equipments, Erection, Testing and Commissioning of 132 kV D/C 3ph Muhammadganj TSS – 132/33 kV GSS, Japla Transmission Line on turnkey basis. | 21,02,88,234.00 | 42,05,800.00 | 15,000.00 + GST |
| 301/PR/JUSNL/ 2025-26 | Design, Engineering, Supply of Materials/ Equipments, Erection, Testing and Commissioning of 132 kV D/C 3ph Nagaruntari TSS – 132/33 kV GSS, Bhawnathpur (Nagaruntari) Transmission Line on turnkey basis. | 20,41,14,285.00 | 40,82,300.00 | 15,000.00 + GST |

| | |
|---|---|
| Start Date & Time of Download the Tender Documents | 08.08.2025 at 11:00 AM |
| Start Date and time of upload of BID | 08.08.2025 at 11:00 AM |
| End date and time of upload of BID | 28.08.2025 upto 04:00 PM |
| BID Opening date for technical part | 29.08.2025 at 04:00 PM |
| BID Opening date for price part | Will be communicated |
| Procurement Officer and address for communication | General Manager, C&M (NWBP), 2nd Floor, JUSNL (SLDC) Building, Kusai Colony, Doranda, Ranchi – 834002 |

1. e-Tender document and BOQ including terms & conditions, tender specification can be downloaded from website https://jharkhandtenders.gov.in. Any details required in this regard can also be had from the office of the undersigned (6202162568) during office hours.
2. The bids will be received through electronic tendering mode only.
3. No claim shall be entertained on account of disruption of internet services being used by bidders. Bidders are advised to upload their bids well in advance to avoid last minute technical snag.

स्वहित एवं राष्ट्र हित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकयतों को 18003456570 (कॉल सेन्टर) पर दर्ज करायें।

Sd/-
General Manager C&M (NWBP)

PR 358778 Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd (25-26)_D

## न्यूज बॉक्स

### कैरो थाना को मिला नया थाना प्रभारी कुंदन कुमार रवानी ने संभाला पदभार



**कैरो / लोहरदगा।** कैरो थाना को नया नेतृत्व मिल गया है। शुक्रवार को कुंदन कुमार रवानी ने पूर्व थाना प्रभारी कुलदीप राज टोप्पो से विधिवत रूप से पदभार ग्रहण किया। पदभार संभालते ही उन्होंने स्पष्ट किया कि थाना क्षेत्र को अपराध और भयमुक्त बनाना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। नवपदस्थापित थाना प्रभारी रवानी ने कहा कि क्षेत्र में किसी भी प्रकार के अवैध गतिविधियों को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कानून का सख्ती से पालन सुनिश्चित किया जाएगा और थाना क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस लगातार सक्रिय रहेगी। उन्होंने कहा कि आम जनों की अपेक्षाओं पर खरा उतरना उनकी जिम्मेदारी है और पुलिस प्रशासन हर संभव प्रयास करेगा कि लोगों को सुरक्षित वातावरण मिले। उन्होंने बताया कि वर्ष 2024 में उन्होंने जमशेदपुर से लोहरदगा जिला में योगदान दिया था। कैरो में योगदान देने से पूर्व वे पास के कूडू थाना में कार्यरत थे, जहां का अनुभव उनके कार्य को दिशा देगा। पदभार ग्रहण के बाद जिला परिषद सदस्य सुखदेव उरांव तथा भाजपा के प्रखंड अध्यक्ष राजेंद्र महतो ने नवपदस्थापित थाना प्रभारी से शिष्टाचार भेंट कर उन्हें शुभकामनाएं दीं। साथ ही क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने में हरसंभव सहयोग का आश्वासन भी दिया।

### अज्ञात वाहन की चपेट में आकर बुजुर्ग घायल

**कुडू।** थाना क्षेत्र के दोबा गांव निवासी 60 वर्षीय सेवानिवृत्त चतुर्थवर्गीय कर्मचारी अभय उरांव, पिता तेलगु उरांव, अज्ञात वाहन की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गए। यह हादसा उस वक्त हुआ जब वे कुडू स्थित कृषि फार्म के समीप सड़क पार कर रहे थे। तभी किसी अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें तुरंत कुडू सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां उनका इलाज जारी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### शत-प्रतिशत उपस्थिति वाले छात्र-छात्राएं सम्मानित



**लोहरदगा।** मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, लोहरदगा की 11वीं व 12वीं के छात्र- छात्राओं को जुलाई माह में शत-प्रतिशत उपस्थिति दर्ज कराने हेतु सम्मानित किया गया। 12वीं विज्ञान में ओहमा उराँव, 12 वीं कला मे रूपरानी व सुचिता, 11 विज्ञान मे दिव्या कुमारी, कोमल कुमारी, स्मृति उराव, दीपशिखा कुजूर, सुनैना लकड़ा, व विवेक एक्का को महाविद्यालय के प्राचार्य बिपिन कुमार दास के द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में प्रीति कुमारी गुप्ता, रेणु कुमारी, रश्मि साहू, यशोदा कुमारी,कविता कुमारी, सनोज कुमार साहु, रितेश कुमार पाठक, आरती भगत सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### कबड्डी में केजीबीभी की छात्राएं हुई सफल



**भंडरा।** भंडरा के लाल बहादुर शास्त्री हाई स्कूल मैदान में आयोजित प्रखंड स्तरीय खेलो झारखंड के दूसरे दिन शुक्रवार को कबड्डी, खो खो, वॉलीबाल, रस्सा कस्सी आदि खेलों का आयोजन हुआ। इसमें सफल सभी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। रस्साकस्सी के अंडर 14 आयु वर्ग के बालक वर्ग में बिटपी, बालिका वर्ग में केजीवीभी। अंडर 17 वर्ग के बालक वर्ग में एलबीएस, बालिका वर्ग में केजीवीभी, अंडर 19 के बालक वर्ग में एलबीएस और बालिका वर्ग में केजीवीभी। कबड्डी अंडर 14 बालिका वर्ग में केजीवीभी। खो खो के अंडर 14 बालक वर्ग में बिटपी और बालिका वर्ग में केजीबीभी की टीम सफल रहीं। जबकि वॉलीबाल के दोनों वर्ग में लाल बहादुर शास्त्री के छात्र सफल रहे। उक्त सभी सफल टीमों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के पहले दिन एथलेटिक्स के खेल हुए थे। कार्यक्रम के सफल आयोजन में बीपीओ रामविजय खलखो, सभी बीआरपी सीआरपी के अलावे शिक्षक सोहराई उरांव, सोमरा उरांव, एंथोनी मिंज, पंकज सिंह, रश्मि कुजूर, सीखा कुमारी, सुशील उरांव, अमन कुमार, सुरेन्द्र उरांव, लक्ष्मी कुमारी आदि का सफल भूमिका रहा।

### सम्पूर्णता अभियान सम्मान समारोह-सह-आकांक्षा हाट का आयोजन आज से

**लोहरदगा।** नीति आयोग, भारत सरकार के सहयोग से लोहरदगा जिला में 02 से 06 अगस्त तक एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम "सम्पूर्णता अभियान सम्मान समारोह-सह- आकांक्षा हाट" का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम समाहरणालय, लोहरदगा के सामने मैदान में आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य लोहरदगा जिला के स्थानीय कृषि और वन उत्पादों के साथ-साथ हस्तशिल्प एवं अन्य स्थानीय उत्पादों के लिए बेहतर संपर्क स्थापित करना है, जिससे यहां के किसानों, वन-निर्भर समुदायों और कारीगरों को उनके उत्पादों का उचित मूल्य मिल सके। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए उपायुक्त डॉ ताराचंद द्वारा संबंधित सभी विभागों के पदाधिकारियों को निर्देश दे दिए गए हैं। संपूर्णता अभियान सम्मान समारोह-सह-आकांक्षा हाट में स्थानीय विक्रेता (उत्पादक) भी अपने उत्पाद लेकर आएंगे। जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक, लोहरदगा के द्वारा उक्त हाट में वित्तीय साक्षरता एवं ऋण परामर्श स्टॉल स्थापित किया जायेगा। जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक, लोहरदगा के द्वारा विशेष रूप से 02 अगस्त केसीसी से संबंधित एक कार्यशाला आयोजित की जायेगी, जिसमें विक्रेताओं को केसीसी के लाभों और आवेदन प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी जायेगी। उक्त हाट में स्टॉल लगाने वाले विक्रेताओं को आवश्यक दस्तावेजीकरण सहायता प्रदान करने हेतु एक कॉमन सर्विस सेंटर का स्टॉल लगाया जायेगा। श्रम अधीक्षक, लोहरदगा के द्वारा उक्त हाट में स्टॉल लगाने वाले विक्रेताओं के लिए जॉब कार्ड पंजीकरण की सुविधा प्रदान करने हेतु एक स्टॉल लगाया जायेगा। जिला कार्यक्रम प्रबंधक, जेएसएलपीएस, लोहरदगा के द्वारा उक्त हाट में 03 अगस्त को रेजिन आर्ट तथा 04 अगस्त को बांस कला पर एक कार्यशाला आयोजित की जायेगी। जिला शिक्षा पदाधिकारी, लोहरदगा जिला शिक्षा अधीक्षक, लोहरदगा के द्वारा उक्त हाट में 04 अगस्त, को बच्चों के लिए पुस्तक पठन सत्र का आयोजन किया जायेगा तथा 05 अगस्त को लोगो मेकिंग और ब्रांडिंग प्रतियोगिता) का आयोजन किया जायेगा। जिला खेल पदाधिकारी, लोहरदगा के द्वारा 06 अगस्त को एक खेल कार्यक्रम (स्पोर्ट इवेंट) का आयोजन किया जायेगा।

## उपायुक्त ने किया किस्को प्रखंड व अंचल का निरीक्षण, लंबित योजनाओं को पूर्ण करने का निर्देश

# गलत तरीके से प्रमाण पत्र जारी करने पर होगी कार्रवाई

नवीन मेल संवाददाता



**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ ताराचंद ने किस्को प्रखण्ड-सह-अंचल कार्यालय और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र किस्को का निरीक्षण किया। उपायुक्त ने सर्वप्रथम प्रखंड कार्यालय स्थित सभाकक्ष में कृषि विभाग अंतर्गत एनएफएसएम, बिरसा फसल विस्तार योजना व बीज विनिमय योजना में वितरण किये गये बीज वितरण के प्रगति की समीक्षा की और प्रखण्ड में चिन्हित पीवीटीजी समूह, टाना भगत समूह के बीज वितरण कराने का निर्देश दिया। प्रखंड में मडुआ की खेती को बढ़ावा दिए जाने का निर्देश दिया गया। किसानों को केसीसी भी उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। बैठक में मनरेगा योजना अंतर्गत पशु शेड, मेढ़बंदी, टीसीबी, मिट्टी मोरग की योजना, बिरसा हरित ग्राम योजना, दीदी बाड़ी योजना आदि योजनाओं की समीक्षा की गई। पशुपालन व गव्य विकास की योजनाओं में लाभुकों का चयन करने का निर्देश दिया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना, अबुआ आवास योजना, पीएम जनमन योजना के लंबित योजनाओं को पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए। ग्राम पंचायत की टीम को बेहतर योजनाओं के चयन हेतु प्रशिक्षण सत्र आयोजित कराने का निर्देश दिया गया। पंचायत समिति में आबद्ध और अनाबद्ध निधि से ली गई योजनाओं व व्यय की समीक्षा की गई। बैठक में मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, बाल विकास परियोजना अंतर्गत आंगनाड़ी केंद्रों की स्थिति, आंगनवाड़ी केंद्रों में बच्चों स्थिति, स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और स्वास्थ्य उपकेंद्रों के स्थिति व चिकित्सकों की उपलब्धता की समीक्षा करते हुए निर्देश दिये गये। शिक्षा विभाग को 6 वर्ष के बाद की उम्र के बच्चों का विद्यालयों में नामांकन सुनिश्चित करने और उससे उपर की कक्षाओं में छात्र-छात्राओं का सौ फीसदी ट्रांजिशन का निर्देश दिया गया। स्वच्छता विभाग को ओडीएफ प्लस मॉडल गांव की योजना में सभी वन स्टार गांवों को थ्री स्टार व फाईव स्टार में बदलने के लिए कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। पेयजल विभाग को प्रखण्ड में पीने के साफ पानी से वंचित परिवारों के लिए कार्ययोजना तैयार करने का निर्देश दिया गया। साथ ही, सभी लाभुक परिवारों का जलकर समिति गठन करने का निदेश दिया। उपायुक्त ने अंचल अधिकारी को सभी पंचायतों में प्रमाण-पत्रों के निर्गत की जांच करने के निर्देश दिये गये। साथ ही कहा कि अगर गलत तरीके से किसी प्रकार का प्रमाण-पत्र जारी किया जाता है तो दोषी पर विभागीय कार्रवाई की जाएगी। उपायुक्त ने अंचल में हाथी के हमले/वज्रपात या किसी आपदा से संबंधित अभिलेख जल्द तैयार कर जिला स्तर पर भेजे जाने का निदेश दिया। बैठक में भूमि म्युटेशन की भी समीक्षा की गई।मौके पर अपर समाहर्ता जितेंद्र मुण्डा, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी अरूण उरांव, अंचल अधिकारी अजय कुमार, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी अशोक बोड़या समेत प्रखण्ड व अंचल के कर्मी उपस्थित थे।

## लोहरदगा को मिली पहली महिला डीटीओ, संभाला पदभार

# राजस्व में वृद्धि को लेकर कारगर कदम उठाए : जया शंखी मुर्मू

- सड़क सुरक्षा, टैक्स वसूली व नियम अनुपालन को बताया प्राथमिकता

नवीन मेल संवाददाता



**लोहरदगा।** झारखंड सरकार के परिवहन विभाग के संयुक्त सचिव मनोज कुमार द्वारा जारी अधिसूचना के आलोक में लोहरदगा जिले में पहली बार एक महिला को जिला परिवहन पदाधिकारी (डीटीओ) के पद पर नियुक्त किया गया है। जया शंखी मुर्मू ने पूर्व डीटीओ सुधीर प्रकाश से औपचारिक रूप से कार्यभार ग्रहण किया। प्रभार ग्रहण से पूर्व सुधीर प्रकाश ने उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट कर गर्मजोशी से स्वागत किया। पदभार ग्रहण करने के पश्चात नव नियुक्त डीटीओ जया शंखी मुर्मू ने मीडिया से बातचीत में कहा कि वे झारखंड सरकार द्वारा निर्धारित लक्ष्यों की शत-प्रतिशत प्राप्ति सुनिश्चित करेंगी। उन्होंने कहा कि विभागीय राजस्व में वृद्धि के लिए कारगर कदम उठाए जाएंगे और परिवहन मंत्री तथा सचिव के निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि टैक्स डिफाल्टर वाहनों को राहत पहुंचाने के साथ-साथ सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों के पालन को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

डीटीओ मुर्मू ने बताया कि स्कूली बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए विशेष जांच अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान के तहत स्कूल बसों के फिटनेस, परमिट, रोड टैक्स, प्रदूषण नियंत्रण और बीमा की अद्यतन स्थिति की गहन जांच की जाएगी। उन्होंने कहा कि जिले में संचालित सभी छोटे-बड़े व्यवसायिक वाहनों की फिटनेस, टैक्स और परमिट की नियमित जांच की जाएगी ताकि अवैध वाहनों के परिचालन पर पूर्ण विराम लगाया जा सके। सड़क सुरक्षा के प्रति गंभीर रुख अपनाते हुए विभाग ठोस कार्रवाई करेगा।

### हिट एंड रन मामलों का होगा प्राथमिकता से निष्पादन

डीटीओ ने कहा कि हिट एंड रन जैसे गंभीर मामलों के त्वरित निपटारे के लिए सरकार के निर्देशों के तहत विशेष प्रक्रिया अपनाई जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि विभाग का उद्देश्य केवल नियम लागू करना नहीं, बल्कि आमजन की सुरक्षा और सुविधा को सुनिश्चित करना है।

# गोस्वामी तुलसीदास जयंती धूमधाम से मनाई गई

नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर, लोहरदगा में महान संत एवं कवि गोस्वामी तुलसीदास की जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम के तहत विद्या भारती योजना के अंतर्गत छात्रों के बीच सुलेख प्रतियोगिता, चित्रकला प्रतियोगिता और मानस पाठ का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने पूरे उत्साह और भक्ति भाव से भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत गोस्वामी तुलसीदास के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन से हुई। इसके पश्चात विद्यार्थियों ने रामचरितमानस की पंक्तियाँ सस्वर पाठ कीं, तुलसीदास जी पर आधारित कविताएं प्रस्तुत कीं तथा उनके जीवन प्रसंगों को साझा किया। विद्यालय के आचार्य गणेश प्रसाद साहू ने गोस्वामी तुलसीदास के जीवन पर विस्तृत प्रकाश डालते हुए वह प्रेरक प्रसंग सुनाया जब अंधेरी रात और मूसलधार वर्षा में तुलसीदास जी गंगा पार कर धर्म मार्ग की ओर अग्रसर हुए। उन्होंने छात्रों को बताया कि कैसे तुलसीदास जी का जीवन अनुकरणीय बनकर धर्म, भक्ति और सेवा का संदेश देता है। विद्यालय के प्रधानाचार्य सुरेश चंद्र पांडे ने रामचरितमानस की विभिन्न घटनाओं को सरल और प्रेरणादायक तरीके से विद्यार्थियों को समझाया और तुलसीदास जी की साहित्यिक महानता को रेखांकित किया। कार्यक्रम के समापन पर सभी आचार्यगण, आचार्य बंधु-भगिनी तथा विद्यार्थियों की उपस्थिति ने आयोजन को गरिमामय बना दिया।

## पूर्व कांग्रेस जिला अध्यक्ष प्राण प्रसाद जायसवाल की 16वीं पुण्यतिथि मनी

# प्राण बाबू के योगदानों को भुलाया नहीं जा सकता : केशव महतो कमलेश

नवीन मेल संवाददाता



**लोहरदगा।** शुक्रवार को कांग्रेस पार्टी क़े पूर्व जिला अध्यक्ष सह समाजसेवी स्वर्गीय प्राण प्रसाद जायसवाल क़े 16वी पुण्यतिथि बीआईडी स्थित आवास मे मनाई गई। जहाँ प्रदेश कांग्रेस प्रभारी, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष,समाजसेवी, समाज के प्रबुद्ध जन पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता समेत सैंकड़ों लोगों ने पूर्व ज़िलाध्यक्ष को श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर प्रदेश प्रभारी श्रीबेला प्रसाद ने कहा की प्राण बाबू कुशल नेतृत्व वाले नेता थे। उन्होंने पार्टी को बुलंदियों तक पहुंचाया उनके द्वारा किए गए कार्यों को हम सब याद करते हैं उनकी कमी आज भी खलती है। प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि स्वर्गीय प्राण प्रसाद जायसवाल मृदुस्वभाव के मिलनसार व्यक्ति थे। उन्होंने समाज के उत्थान एवं विकास के लिए बेहतर कार्य किए। हमने उनके साथ काफ़ी समय व्यतीत किया। मौके पर लोहरदगा विधायक सह पूर्व मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव के पुत्र युवा नेता सह समाजसेवी रोहित उरांव ने कहा कि स्वर्गीय प्राण प्रसाद जायसवाल पिताजी के एक अच्छे सहयोगी के साथ लोहरदगा जिला कांग्रेस के नेता के साथ लोहरदगा की जनता के लिए एक सच्चे सिपाही के साथ समाज सेवी थे। उनके विचारधारा हमेशा कार्यकर्ता और जनता के हित के लिए रही है। ज़िलाध्यक्ष सुखैर भगत ने कहा की स्वर्गीय प्राण प्रसाद जायसवाल समाजसेवी एवं कदावर कांग्रेस नेता थे। कार्यकारी अध्यक्ष हाजी शकील अहमद ने प्राण जायसवाल आज हमारे बीच नहीं है परंतु हम लोहरदगा वासियों के दिल में है। मौके पर स्वर्गीय प्राण प्रसाद जायसवाल की धर्मपत्नी प्रमिला देवी, पुत्र सह विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल, राजेश गुप्ता छोटू, रेयाज अंसारी, सतीश पॉल मुंजिनी, दीपक महतो समेत अन्य उपस्थित थे।

## नाराजगी — विकास से अब भी वंचित मसमानो का बुड़का गांव

# कीचड़ भरी सड़क पर धान रोपकर जताया विरोध

नवीन मेल संवाददाता



### विकास की बाट जोहता गांव

बुड़का गांव लोहरदगा जिले के विशुनपुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आता है। आसपास के गांवों में सड़क निर्माण हो रहा है, लेकिन बुड़का गांव अब भी विकास से वंचित है। इससे नाराज होकर ग्रामीणों ने कीचड़ भरी सड़क पर धान रोप कर विरोध जताया। ग्रामीणों ने सरकार और स्थानीय जनप्रतिनिधियों से जल्द से जल्द सड़क मरम्मत की मांग की है ताकि गांव भी मुख्यधारा से जुड़ सके और आपात स्थिति में किसी की जान जोखिम में न पड़े।

**भंडरा (लोहरदगा)।** भंडरा प्रखंड अंतर्गत मसमानो पंचायत के बुड़का गांव के ग्रामीणों ने शुक्रवार को अनोखे अंदाज़ में विरोध प्रदर्शन किया। गड्ढे और कीचड़ से भरी जर्जर सड़क पर धान रोप कर ग्रामीणों ने जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों की उदासीनता पर नाराजगी जताई। बुड़का गांव के चार टोलों में से बड़का टोला को छोड़कर टाईन टोला, गोपी टोला और अंबा टोला आज भी बुनियादी सड़क सुविधा से वंचित हैं। इन टोलों तक पहुंचने के लिए तीन मार्ग हैं-मसमानो नदी टोली, बुड़का बड़का टोली और सुरसा गांव की ओर से तीनों ही रास्तों की हालत अत्यंत खराब है। सड़कें कीचड़ और गड्ढों से लथपथ हैं, जिससे दोपहिया व चारपहिया वाहन छोड़िए, पैदल चलना भी कठिन हो गया है। लगभग 4 किमी की दूरी तय कर गांव से सीएचसी भंडरा या अन्य अस्पताल तक पहुंचना ग्रामीणों के लिए बड़ी चुनौती बन चुका है, विशेषकर आपात स्थिति में। ग्रामीण सूखना उरांव, बीरू महतो, संजय महली, रामखेलावन महतो, रविंद्र महली, सुनील महली, सूरज महली, चुंदा उरांव आदि ने बताया कि वर्ष 2009 में आखिरी बार सड़क पर मिट्टी-मोरम का काम हुआ था। इसके बाद से सड़क की स्थिति लगातार बिगड़ती चली गई। बरसात में यह मार्ग पूरी तरह जलमग्न और दलदली हो जाता है। ग्रामीणों का कहना है कि झारखंड अलग राज्य बनने के बाद से कई सांसद, विधायक, और अधिकारी आए और गए, लेकिन गांव की सड़क किसी की प्राथमिकता नहीं बनी। चुनाव के समय नेताओं द्वारा बार-बार आश्वासन दिया गया, लेकिन चुनाव के बाद वादे हवा हो जाते हैं।


## कार्यालय, नगर परिषद गढ़वा

### बन्दोबस्ती की सूचना

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि वर्ष 2025–26 से 2029–30 तक 05 वर्षो के लिए रामबॉध तालाब सोनपुरवा, गढ़वा बन्दोबस्ती खुली डाक द्वारा दिनांक 12.08.2025 को 11:30 बजे पूर्वाह्न में नगर परिषद गढ़वा के कार्यालय में की जाएगी जिसकी विवरणी निम्नांकित है :–

| क्रमांक | सैरात का नाम | सुरक्षित जामा राशि | जमानत की राशि |
|---|---|---|---|
| 1 | रामबॉध तालाब सोनपुरवा, ठगढ़वा | 3,39,600 | 34,000 |

नियम एवं शर्त कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक पदाधिकारी
नगर परिषद गढ़वा।

PR.NO.358771 Urban Development(25-26):D

## कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय
### ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, लातेहार

### अल्पकालीन ई- पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना

ई–निविदा संख्या :– 01/R2/2024-25/EE/RWD/LATEHAR दिनांक : 01.08.2025

| क्र0 | आईडेंटी फिकेशन सं0/पैकेज सं0 | प्रखंड | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अंक में | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अक्षर में | कार्य समाप्ति की तिथि | टेंडर कॉल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | RWD/LATEHAR4/2024-25 | महुआडांड | ओरसापाठ से कुकुदपाठ तक पथ निर्माण। | 412.373 | चार करोड़ बारह लाख सैंतीस हजार तीन सौ रूपये मात्र। | 18 माह | तृतीय |

1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि : 05.08.2025
2. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय : 12.08.2025 अपराह्न 5:00 बजे तक।
3. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : 14.08.2025 अपराह्न 03:30 बजे।
4. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता, कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, लातेहार पिन – 829206।
5. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0 – 06565245038

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियन्ता, ग्रामीण कार्य विभाग
कार्य प्रमण्डल, लातेहार

PR 358781 REO (25-26)_D

## उपायुक्त का कार्यालय,लोहरदगा
### (एन०आर०ई०पी० शाखा)

### अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना
### NIT NO – 02 वर्ष 2025–26

1.विज्ञापनदाता का नाम :– कार्यपालक अभियन्ता, एन0आर0ई0पी0, लोहरदगा।
2.परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि :– कार्यालय अवधि में दिनांक 13.08.2025 अपराह्न 1.30 बजे तक।
3.निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– दिनांक 14.08.2025 को 1:30 बजे अपराह्न तक।
4.निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक 14.08.2025 को 2:00 बजे अपराह्न में।
5.निविदा प्राप्ति एवं परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान:– कार्यालय कार्यपालक अभियन्ता,एन0आर0ई0पी0,लोहरदगा।

| क्र0 | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि 2% | परिमाण विपत्र की मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | सेन्हा | पंचायत डॉडू के ग्राम अम्बाटोली मेंकदम डीपा मोड़ से मनीर अंसारी के घर तक पी0सी0सी0पथ निर्माण। | 49,96,716.00 | 100,000.00 | 5000.00 | 03(तीन) माह |

1 ग्रामीण कार्य विभाग में तृतीय श्रेणी के निबंधित संवेदक निविदा में भाग ले सकते है।
2 संवेदक का UCAN में निबंधन अनिवार्य है।

कार्यपालक अभियंता,
एन0आर0ई0पी0,लोहरदगा

PR 358716 Lohardaga(25-26).D

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
### लघु सिंचाई प्रमण्डल, लोहरदगा
### ( E -MAIL ID – midloh632@gmail.com)

(जिला योजना अनाबद्ध निधि के अन्तर्गत)

अति–अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या MID/LOHARDAGA/F2–04/2025-26

पत्रांक ............................/ दिनांक ............................................/

1. विज्ञापन दाता का नाम :– कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, लोहरदगा।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि :– दिनांक 04.08.2025 से 08.08.2025 (कार्यालय अवधि में)
3. निविदा प्राप्त करने की तिथि एवं समय :– दिनांक 11.08.2025 अपराह्न 2:00 बजे तक
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक 11.08.2025 अपराह्न 4:00 बजे
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, लोहरदगा।
6. निविदा प्राप्ति एवं निविदा खोलने का स्थान :– कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, लोहरदगा।
7. कार्य का विवरण :–

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | पंचायत/वार्ड | प्रखण्ड | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र की मूल्य (रू0 में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. | 7. | 8. |
| 1. | ग्राम – बाघी ठेका टोली में रामकेश्वर उराँव के घर से सुकरा उराँव के घर की ओर पी0सी0सी0 पथ निर्माण कार्य। | गुड़ी | कैरो | 698300.00 | 1250.00 | 14000.00 | 02 माह |
| 2. | बक्सीडीपा वार्ड नं0 – 20 में रितेश उराँव के घर से लेकर मुकेश उराँव के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण कार्य। | नगर परिषद् | लोहरदगा | 1044100.00 | 2500.00 | 21000.00 | 02 माह |

निविदा की शर्तें WWW. jharkhand.Gov.in एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
लघु सिंचाई प्रमण्डल, लोहरदगा

PR 358715 Lohardaga(25-26).D

# पुल निर्माण में देरी से लोगों की समस्या बढ़ी, आवागमन बाधित

**नवीन मेल संवाददाता**





**चैनपुर।** बरसात का मौसम शुरू होते ही चैनपुर प्रखंड में सड़क निर्माण के साथ बन रहे पुल-पुलिया की खराब स्थिति ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। दो साल बीत जाने के बावजूद कई पुलियों का निर्माण अधूरा है, जिससे आम जनता को भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। सरकार द्वारा डायवर्सन वैकल्पिक रास्ता बनाने के लिए लाखों रुपये आवंटित किए जाते हैं, लेकिन संवेदक और अधिकारियों की लापरवाही के कारण ये डायवर्सन भी बरसात की भेंट चढ़ गए हैं।स्थानीय लोगों के अनुसार, सुगसरवा के पास बन रहा एक पुल टूट गया है, जिससे दोनों ओर का आवागमन पूरी तरह से बाधित हो गया है। इसके कारण लोगों को प्रखंड कार्यालय और अन्य आवश्यक कामों के लिए करीब 20 किलोमीटर का लंबा चक्कर लगाकर जाना पड़ रहा है।डॉन बॉस्को स्कूल, केड़ेंग के प्रभारी फादर भलेरियुस लकड़ा ने बताया कि उनके स्कूल में भेलवातला, बिशनपुर, डुमरी और अन्य दूरदराज के क्षेत्रों से बच्चे आते हैं। पुलिया का निर्माण न होने और बनाए गए डायवर्सन के बह जाने से बच्चों को स्कूल आने-जाने में बहुत दिक्कत हो रही है। इस समस्या के कारण कई बच्चों ने तो स्कूल आना ही छोड़ दिया है।ग्राम प्रधान जॉर्ज टोप्पो और अन्य ग्रामीणों ने बताया कि गाय और बकरी चराने के लिए उन्हें नदी के उस पार जाना पड़ता है। अचानक भारी बारिश होने पर नदी में पानी भर जाने से उन्हें रात भर उस पार ही रुकना पड़ता है, जब तक कि पानी कम न हो जाए। इससे उनकी दैनिक गतिविधियां बुरी तरह प्रभावित हो रही हैं। इसी तरह, खेती-बाड़ी के समय भी किसानों को ऐसी ही समस्याओं का सामना करना पड़ता है। चैनपुर प्रखंड उप-प्रमुख प्रमोद खलखो ने कहा कि अधिकारियों को लोगों की इस समस्या को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए।

दो साल से बन रहे पुल का आज तक पूरा न होना विभाग की घोर लापरवाही को दर्शाता है, जिसका सीधा असर स्कूली बच्चों, किसानों और आम जनता पर पड़ रहा है। जिला परिषद सदस्य मेरी लकड़ा ने भी मौके पर पहुंचकर लोगों की समस्याओं को समझा। उन्होंने संवेदक और अधिकारियों की लापरवाही को 'निंदनीय' बताया और विभाग से तत्काल डायवर्सन बनाने की गुहार लगाई। मेरी लकड़ा ने संवेदक से फोन पर संपर्क करने की कोशिश की, लेकिन उन्होंने फोन नहीं उठाया।इस लापरवाही का खामियाजा केवल आवागमन तक ही सीमित नहीं है। नदी का तेज बहाव कई किसानों के खेतों में कटाव का कारण भी बन रहा है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से जल्द से जल्द एक सुरक्षित डायवर्सन बनाने की मांग की है ताकि उनकी दैनिक मुश्किलें कम हो सकें।

## स्कॉर्पियो पेड़ से टकराई, पांच घायल व एक रिम्स रेफर

**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** लोहरदगा रोड पर चंदाली के पास शुक्रवार सुबह एक बड़ा सड़क हादसा हुआ। तेज रफ्तार स्कॉर्पियो अनियंत्रित होकर करीब 10 फीट उछलते हुए पेड़ से टकरा गई और सड़क पर पलट गई। हादसे में स्कॉर्पियो सवार पांच युवक घायल हो गए, जिनमें एक की हालत गंभीर है। जानकारी के मुताबिक, लोहरदगा जिले के सेन्हा गांव निवासी पांच युवक पूजा पाठ के लिए निकले थे। इसी दौरान चंदाली के पास हादसा हो गया। घायलों में प्रकाश साहू, उदय साहू, हरिशंकर साहू, राजन गोप और वाहन चालक आकाश साहू शामिल हैं। गंभीर रूप से घायल उदय साहू को रिम्स रेफर किया गया है, जबकि अन्य चार का इलाज गुमला सदर अस्पताल में चल रहा है। हादसे के बाद पुलिस और स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को वाहन से बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया गया। वाहन पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है। हादसे का कारण तेज रफ्तार बताया जा रहा है।

**कार्यालय, उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, पलामू**
**(अनु0जनजाति, अनु0जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण शाखा)**
E-mail- dwo-palamau@jharkhandmail.gov.in

**वित्तीय वर्ष 2025-26 में प्री मैट्रिक (कक्षा 1-10) छात्रवृति हेतू विद्यालयों का रजिस्ट्रेशन/ आवेदन करने से संबंधित आवश्यक सूचना**

प्री मैट्रिक (कक्षा 1-10) छात्रवृति हेतु वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, झारखण्ड सरकार के ekalyan (ekalyan.cgg.gov.in) पोर्टल पर पलामू जिला अन्तर्गत सरकारी विद्यालयों/सरकारी सहायता प्राप्त विद्यालयों में अध्ययनरत अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग के छात्र/छात्राओं का छात्रवृति हेतु पोर्टल खुल गया है। सभी प्रभारी प्रखण्ड कल्याण पदाधिकारी/सभी प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी को निदेश दिया जाता है कि अपने-अपने प्रखण्डों अन्तर्गत विद्यालयों के प्रधानाध्यापक (INO) को सूचित करें की जो विद्यालय ई-कल्याण पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन नहीं किये हैं। वैसे विद्यालयों के प्रधानाध्यापक से सम्पर्क कर अनिवार्य रूप से रजिस्ट्रेशन कराना सुनिश्चित करेंगे। विद्यालयों का रजिस्ट्रेशन नहीं होने की स्थिति में छात्र/छात्राओं छात्रवृति से वंचित रह जाते हैं तो इसकी सारी जवाबदेही संबंधित की होगी। साथ-ही साथ छात्र/छात्राओं को वित्तीय वर्ष 2025-26 का छात्रवृति हेतु ऑनलाईन आवेदन एवं सत्यापन दो माह के अन्दर करना सुनिश्चित करेंगे।

**जिला कल्याण पदाधिकारी,**
**पलामू।**

PR 358714 (District) 25-26 (D)

## गुमला बना स्तनपान जागरूकता की मिसाल, उपायुक्त ने कहा

# मां के दूध से मिलती है शिशु को पहली सुरक्षा कवच

**नवीन मेल संवाददाता**




**सात दिवसीय के अनुसार**

- **2 अगस्त:** सभी 1689 आंगनबाड़ी केंद्रों में माताओं को स्तनपान के लाभों की जानकारी।
- **3 अगस्त:** प्राथमिक व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में गर्भवती महिलाओं के लिए विशेष सत्र।
- **4 अगस्त:** पंचायत भवनों में फादर्स अवेयरनेस सेशन, पिताओं की भूमिका पर फोकस।
- **5 अगस्त:** सैम श्रेणी के बच्चों की पहचान और उपचार सुनिश्चित किया जाएगा।
- **6 अगस्त:** प्रखंड स्तर पर सांस्कृतिक जागरूकता कार्यक्रम, जनजातीय गीत व नृत्य के साथ।
- **7 अगस्त:** जिला समाहरणालय में समापन समारोह, शपथ ग्रहण और ब्रेस्ट फ्रेंडली पंचायतों का सम्मान।

**गुमला।** हर शिशु को मिले मां का दूध, हर मां को मिले जागरूकता"- इसी संकल्प के साथ विश्व स्तनपान सप्ताह (1 से 7 अगस्त) का भव्य और जनभागीदारीपूर्ण शुभारंभ शुक्रवार को गुमला जिले में असनी पंचायत के भलदम चट्टी खास स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन जिलाधिकारी प्रेरणा दीक्षित ने किया, जिन्होंने माताओं से सीधे संवाद कर स्तनपान के महत्व को सरल व प्रभावशाली ढंग से समझाया। उद्घाटन अवसर पर लगभग 30 से अधिक माताएं अपने शिशुओं के साथ उपस्थित थीं। उपायुक्त ने बताया कि जन्म के पहले छह माह तक केवल स्तनपान शिशु को कुपोषण से बचाने, रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने और मानसिक व भावनात्मक विकास सुनिश्चित करने में अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा, "मां का दूध न केवल बच्चे को जीवन देता है, बल्कि मां के स्वास्थ्य को भी मजबूती प्रदान करता है।" उन्होंने अपना मातृत्व अनुभव भी साझा करते हुए माताओं को आश्वस्त किया कि सभी व्यस्तताओं के बावजूद यह दायित्व सर्वोपरि होना चाहिए। कार्यक्रम उपरांत उपायुक्त ने एलईडी प्रचार रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया, जो जिले के गांवों व पंचायतों में भ्रमण कर स्तनपान से जुड़ी भ्रांतियों को तोड़ने और व्यावहारिक जानकारी देने का कार्य करेगा। इसका संचालन जिला सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा स्वास्थ्य विभाग के समन्वय से किया जाएगा।

इस अवसर पर जिला समाज कल्याण पदाधिकारी आरती कुमारी, सिविल सर्जन, जिला सूचना पदाधिकारी समेत अनेक अधिकारी मौजूद रहे। उपायुक्त ने कहा कि यह आयोजन केवल एक सप्ताह का कार्यक्रम नहीं, बल्कि कुपोषण मुक्त गुमला की ओर एक संगठित, मानवीय और दीर्घकालिक प्रयास है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि अभियान की जमीनी निगरानी और गुणवत्ता सुनिश्चित की जाए। उल्लेखनीय है कि गुमला झारखंड का पहला जिला बन गया है जहां स्तनपान जैसे संवेदनशील और महत्वपूर्ण विषय पर इस स्तर की विस्तृत कार्ययोजना और प्रचार अभियान को लागू किया गया है। यह आयोजन महज सरकारी औपचारिकता नहीं, बल्कि समुदाय आधारित स्वास्थ्य सशक्तिकरण की मिसाल है।

**कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय**
**पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, लातेहार**

**शुद्धि पत्र**

कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल, लातेहार के द्वारा निर्गत अति–अल्पकालीन निविदा आमंत्रण – सूचना संख्या 01/2025–26 तथा PR.No.- 357411 (Road) 25-26:D द्वारा प्रकाशित अति–अल्प निविदा आमंत्रण सूचना में निम्नवत संशोधन किया जाता है।

क्रम संख्या – 16, कार्य का नाम – पथ प्रमंडल, लातेहार का प्रमंडलीय कार्यालय भवन एवं गुण नियंत्रण कार्यालय का विशेष मरम्मति कार्य, वर्ष 2025–26 को अपरिहार्य कारणवश रद्द किया जाता है। कृपया इसे संशोधित समझा जाय।

निविदा की अन्य शर्तें यथावत रहेंगी।

कार्यपालक अभियन्ता
प0नि0वि0 पथ प्रमण्डल लातेहार

PR 358787 Road(25-26).D

**कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय,**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, लातेहार**
**अल्पकालीन ई– पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–पुनर्निविदा संख्या :– 03/R1/2024-25/EE/RWD/LATEHAR — दिनांक : 01.08.2025

| क्र0 | आईडेंटीफिकेशन सं0/पैकेज सं0 | प्रखंड | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अंक में | अक्षर में | कार्य समाप्ति की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | RWD/LATEHAR17/2024-25 | हेरहंज | पंचायत सेरनदाग से पिपराटोली हथिया पत्थर तक पथ निर्माण। | 240.770 | रू0 दो करोड़ चालीस लाख सतहत्तर हजार रूपये मात्र। | 12 माह |

1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि : 05.08.2025
2. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय : 12.08.2025 अपराह्न 5:00 बजे तक।
3. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : 14.08.2025 अपराह्न 03:30 बजे।
4. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता, कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, लातेहार पिन – 829206।
5. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0 – 06565245038

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियन्ता
ग्रामीण कार्य विभाग
कार्य प्रमण्डल, लातेहार

PR 358780 REO(25-26)D

**Government of Jharkhand**
**ROAD CONSTRUCTION DEPARTMENT**
**ROAD DIVISION, LATEHAR**

**VERY-SHORT TIME E-PROCUREMENT NOTICE INVITING TENDER**
**(1st Call)**

**E-Tender Reference No.- RCD/LATEHAR/555/2025-26**
**DATE – 01-08-2025**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the Work | Ordinary Repair of Balumath – Herhanj – Panki (SH-10) road from Km. 0.00 to Km. 30.00 for the year of 2025-26. |
| 2. | Estimated Cost ( In Rs.) | Rs.- 74,99,807.00 (RupeesSeventy-FourLakhNinety-Nine Thousand Eight Hundred Seven Only) |
| 3. | Time of Completion | 04 (Four) Months |
| 4. | Date / Time of Publication Tender on Website | 05-08-2025 (10.30 A.M) |
| 5. | Last Date / Time of receipt of bids | 18-08-2025 (12.00 Noon) |
| 6. | Name and Address of office inviting tender | O/o–Executive Engineer Road Construction Department, RoadDivision, Lateha |
| 7. | Contact No. of Procurement Officer | 06565245081 |
| 8. | Help Number of e Procurement cell | 0651-2401010 |

➢ Further details can be seen on Website http://jharkhandtenders.gov.in
E-mail ID : eercdlatehar-jhr@nic.in, Tel. No.–06565-245081

**Executive Engineer**
**R.C.D., Road Division, Latehar**

PR 358789 Road(25-26)#D

**Govt. of Jharkhand**
**Office Of the Executive Officer Nagar Parishad, Garhwa**

**Notice Inviting Tender**

**Tender NoticeNo. : GNP-01/2025-26 Dated : 31.07.2025**

1. निविदाकर्ता का पदनाम एवं पता: कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद गढ़वा।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि एवं समय: दिनांक 12.08.2025 को 03 बजे अपराहन तक।
3. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान: कार्यालय, नगर परिषद गढ़वा।
4. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय: दिनांक 13.08.2025 को 02 बजे अपराहन् तक।
5. निविदा प्राप्त करने एवं खोलने का स्थान: कार्यालय, नगर परिषद गढ़वा।
6. निविदा खोलने की तिथि एवं समय: दिनांक 13.08.2025 को 03 बजे अपराहन् से।
7. निविदाधीण कार्य विवरणीं:

| क्रमांक | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधण की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि | मद |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | वार्ड 07 नरगिर आश्रम के पास सामुदायिक हॉल का निर्माण। | 953700.00 | 19100.00 | 5000.00 | 02 माह | नागरिक सुविधा |

**Note :** 1. विस्तृत सूचना/नियम एवं शर्त को UDHD के पोर्टल पर तथा कार्यालय नगर परिषद गढ़वा के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।
2. Helpline Number of E-Procurement cell-8409053313, 9431141644

ह0/–
कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर परिषद गढ़वा

PR 358767 (Urban Development) 25-26 (D)

### छत्तीसगढ़ के कैबिनेट मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल का भरनो बॉर्डर पर हुआ स्वागत



**भरनो (गुमला)।** एनएच-23 रांची-गुमला मुख्य मार्ग पर झारखंड-छत्तीसगढ़ की सीमा स्थित भरनो बॉर्डर पर शनिवार को छत्तीसगढ़ सरकार के कैबिनेट मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल का भव्य स्वागत किया गया। गुमला जिला प्रशासन की ओर से भरनो के प्रखंड विकास पदाधिकारी अरुण कुमार सिंह ने उन्हें पुष्प गुच्छ भेंट कर सम्मानित किया। मंत्री महोदय झारखंड दौरे के दौरान बाबाधाम देवघर, सुल्तानगंज एवं बासुकीनाथ में दर्शन-पूजन के उपरांत राजधानी रांची होते हुए सड़क मार्ग से जशपुर (छत्तीसगढ़) लौट रहे थे। इसी क्रम में जब उनका काफिला भरनो सीमा क्षेत्र में प्रवेश किया, तो जिला प्रशासन एवं स्थानीय पुलिस द्वारा उन्हें सुरक्षा स्कॉट के साथ भरनो सीमा तक पहुंचाया गया।

### ऑटो-बाइक की टक्कर, एक ही परिवार के पांच घायल, दो मासूम रिम्स रेफर

**गुमला।** सदर थाना क्षेत्र के कोटाम गांव के समीप एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया, जहां ऑटो और बाइक में सीधी टक्कर हो गई। इस हादसे में एक ही परिवार के पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना उस वक्त हुई जब तुसगांव निवासी लक्ष्मण महली अपने परिवार के साथ बाइक से घाघरा गया था। लौटते वक्त कोटाम के पास सामने से आ रहे ऑटो से सीधी टक्कर हो गई। हादसे में लक्ष्मण महली, उनकी पत्नी प्रीति देवी, भतीजा अजीत महली, साढ़े तीन वर्षीय पुत्र प्रिंस महली और एक वर्षीय पुत्री प्रियंका कुमारी घायल हो गए। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों मासूम बच्चों के सिर में गंभीर चोट लगी है। वहीं लक्ष्मण और अजीत का एक-एक पैर टूट गया और प्रीति देवी को शरीर के कई हिस्सों में गंभीर चोटें आईं। स्थानीय ग्रामीणों की मदद से सभी घायलों को सदर अस्पताल पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक इलाज के बाद दोनों बच्चों को गंभीर हालत में रिम्स, रांची रेफर कर दिया गया है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है और ऑटो चालक की तलाश जारी है।

## 5 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न, महेंद्र भगत बोले

# प्राकृतिक खेती ही भविष्य की खेती है

**नवीन मेल संवाददाता**



**गुमला।** राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन (एनएमएनएफ) के तहत गुमला जिले के बिशुनपुर स्थित कृषि विज्ञान केंद्र (केवीके) में संकुलवार चयनित सीआरपी (कम्युनिटी रिसोर्स पर्सन) के लिए पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ 28 जुलाई, 2025 को हुआ और इसका समापन सोमवार को हुआ। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महेंद्र भगत (संयुक्त सचिव, विकास भारती) थे। उन्होंने अपने प्रेरक संबोधन में कहा कि प्राकृतिक खेती केवल एक पद्धति नहीं, बल्कि एक क्रांति है, जो किसानों की आमदनी बढ़ाने के साथ-साथ मिट्टी, जल और पर्यावरण संरक्षण में अहम भूमिका निभाती है। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे रासायनिक खेती छोड़कर प्राकृतिक संसाधनों से युक्त खेती को अपनाएं। विशिष्ट अतिथि डॉ. तमन्ना परवीन (जिला उद्यान पदाधिकारी, गुमला) ने सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी साझा की, जो प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के उद्देश्य से चलाई जा रही हैं। उन्होंने किसानों को इन योजनाओं से लाभ उठाकर खेती को लाभकारी व टिकाऊ बनाने की दिशा में प्रेरित किया। कृषि विज्ञान केंद्र के प्रधान वैज्ञानिक डॉ. संजय कुमार ने प्राकृतिक खेती के वैज्ञानिक पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने किसानों को गोबर, गोमूत्र, जीवामृत, घनजीवामृत, जैसे देसी संसाधनों से खाद एवं कीटनाशक बनाने की विधियाँ समझाईं। कार्यक्रम में मुख्य प्रशिक्षक डॉ. नीरज कुमार (मृदा वैज्ञानिक) ने मिट्टी की उर्वरता, सूक्ष्मजीवों की भूमिका और प्राकृतिक खेती के लाभों पर गहन व्याख्यान एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को बीज उपचार, मिश्रित खेती, फसल चक्र, कीट प्रबंधन, आदि विषयों पर सैद्धांतिक और प्रायोगिक ज्ञान दिया गया। सीआरपी प्रतिभागियों को यह प्रशिक्षण इसलिए दिया गया ताकि वे अपने-अपने गांवों में जाकर किसानों को प्राकृतिक खेती के प्रति जागरूक करें और उन्हें इस दिशा में प्रेरित कर सकें। समापन समारोह में सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। मुख्य अतिथि श्री भगत ने प्रतिभागियों को ग्राम स्तरीय प्राकृतिक खेती के अग्रदूत बनने का आह्वान किया और कहा, "प्राकृतिक खेती ही भविष्य की खेती है, जिससे भारत का किसान आत्मनिर्भर और पर्यावरण संरक्षण के लिए जागरूक बन सकता है।" कार्यक्रम के अंत में डॉ. संजय कुमार ने सभी अतिथियों, प्रशिक्षकों और प्रतिभागियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि केवीके, गुमला भविष्य में भी किसानों के हित में इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित करता रहेगा।

**Office of the Nagar Panchayat Chhatarpur**
**E-Procurement Notice**
**SHORT NIT No:- NPC-NIT-06/2025-26**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name of Work | REQUEST FOR PROPOSAL (RFP) FOR SELECTION OF CONSULTANT FOR PROVIDING CONSULTANCY SERVICES FOR PREPARATION OF DPRs AND PMC SERVICES FOR URBAN SANITATION, WASTE MANAGEMENT, USED/WASTEWATER MANAGEMENT, DRAINAGE PLANNING & URBAN INFRASTRUCTURE PROJECTS AT NAGAR PANCHAYAT CHATTARPUR, JHARKHAND |
| 4 | Cost of Bid Document (INR) | ₹ 05,000/- (Rupees Five Thousand Only); non-refundable |
| 6 | Date of e-publication of tender | 03-08-2025 |
| 7 | Document downloading start Date | 03-05-2025 |
| 11 | Bid submission end date | 18-08-2025 |
| 13 | Bid opening date (online | 19-08-2025 |
| 14 | Mode of Submission of Bids | e-tendering (https://Jharkhandtenders.gov.in) |
| 15 | Name &Address of office Inviting Tender | Executive Officer, Nagar Panchayat Chhatarpur |
| 16 | Helpline Number | 9608834366, 7004032340, 9471125404 |

**Note: Only e-Tender will be accepted**
**Complete bid document is available on website http://jharkhandtenders.gov.in)**

Executive Officer
Nagar Panchayat Chhatarpur

PR 358713 District(25-26)D

**कार्यालय- जिला कृषि पदाधिकारी, गढ़वा**
**(कृषि प्रभाग)**

**किसान भाईयों के लिए आवश्यक सुचना**

गढ़वा जिला के किसान भाईयों को सूचित किया जाता है कि वर्ष 2024-25 में PM-KUSUM Component-B (Phase-III) योजनान्तर्गत सिंचाई कार्य हेतु सोलर पम्पसेट का वितरण अनुदानित दर पर किसानों के बीच किया जाना है, जिसकी चयन प्रक्रिया एवं पात्रता की विवरणी निम्नवत् है–

1. इच्छुक किसान जिनके खेतों में Grid Connectivity उपलब्ध नहीं है, वह योजना के वेब पोंटल http://pmkusum.jharkhand.gov.in पर संबंधित दस्तावेजों के साथ 2HP (AC&DC), 3HP(AC&DC) एवं 5HP(AC &DC) क्षमता के सोलर पम्पसेट के लिए आवेदन कर सकते है।
2. कृषकों को व्यक्तिगत /सामुदायिक स्तर पर सोलर पम्पसेट उपलब्ध करायी जाएगी। कृषकों को पम्प की क्षमता के अनुसार सिंचाई कूप/4"/6"/8"/10" व्यास की डीप बोरिंग अपने स्तर से करना होगा। यह योजना का लाभ सभी वर्ग/स्तर के कृषकों को दिया जायेगा, जिनके पास कृषि योग्य भूमि का होना अनिवार्य होगा।
3. कृषकों के चयन में लघु एवं सीमांत किसानों जो अर्थिक दृष्टिकोण से कमजोर हैं जो Micro & Drip Irrigation से जुडे हुए किसानों एवं महिला किसानों को प्राथमिकता दी जायेगी।
4. वैसे लघु एवं सीमांत किसानों को सोलर आधारित पम्पसेट का लाभ दिया जायेगा जो पहले ग्रीड अधारित/डीजल चालित पम्पसेट का प्रयोग कर पाने में सक्षम नहीं हैं वैसे स्थान पर सोलर पम्प लगाया जायेगा जहां बिजली की व्यवस्था पूर्व से न हो।
5. जिन किसानों/उनके परिवार के सदस्यों के नाम पर सोलर चालित पम्पसेट योजना का लाभ पूर्व में प्राप्त किया जा चुका है, उन किसानों को इस योजना में दोबारा लाभ नहीं दिया जायेगा।
6. कृषकों को ऊर्जा के उपयोग के आधार पर DC पम्प एवं AC पम्प का चयन स्वंय करना होगा तथा पानी के श्रोत के आधार पर Submersible/Surface पम्प का चयन करना होगा।
7. ज्रेडा द्वारा जारी वेब पोंटल पर Online विहित प्रपत्र के साथ प्रमाण (आधार कार्ड, मतादाता पहचान पत्र, राशन कार्ड, जमीन का अद्यतन रसीद एवं जलश्रोत के साथ लाभुक का फोटोग्राफ) कृषि योग्य भूमि होना अनिवार्य होगा।

http://pmkusum.jharkhand.gov.in

8- पोंटल के माध्यम से ऑनलाईन आवेदन की प्रक्रिया शुरू की गई है।
9. समूह के प्रत्येक व्यक्ति किसानों द्वारा संलग्न किये जाने वाले दस्तावेज–समूह के सभी किसानों का जमीन का अद्यतन लगान रसीद, समूह के सभी किसानों का एक स्वंय स्तयापित हाल की फोटो।
10. उक्त योजना अंतर्गत लाभुक अंशदान की राशि 2HP (AC&DC), 3HP(AC&DC) एवं 5HP(AC &DC) के लिए क्रमशः Rs. 5000/- Rs. 7000/- Rs. 10000/- मात्र निर्धारित है जो ऑनलाईन PM KUSUM PORTAL के माध्यम से आवेदन करते समय कृशक अंशदान का भुगतान करना अनिवार्य होगा। तथा शेष राशि अनुदान के रूप में राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार द्वारा वहन किया जायेगा।
11. वैसे लघु एवं सीमांत किसानों को सोलर आधारित पम्पसेट का लाभ दिया जायेगा जो पहले महंगे ग्रिड आधारित /डीजल पम्पसेट का प्रयोग कर पाने में सक्षम नहीं थें। वैसे स्थान पर सोलर पम्प लगाया जायेगा जहॉ बिजली की व्यवस्था पूर्व से न हो एक कृषक को केवल एक सोलर पम्पसेट हेतु आवेदन–पत्र स्वीकृत किया जायेगा।
12. वैसे आवेदन Data/Analysis के दौरान गलत पाये जाते हैं तो उसे रद्द कर दी जायेगी।
13. यदि एक बार ऊर्जा यंत्र लगा दिए जायेंगे तो उन्हें एक जगह से दूसरी जगह हस्तांतरित नहीं किया जायेगा और न ही सरकार द्वारा इसकी कोई जिम्मदारी ली जायेगा। इस यंत्र की संपूर्ण सुरक्षा की जिम्मेवारी किसान की होगी।
14. ज्रेडा द्वारा जारी वेब पोर्टल पर किसानों द्वारा भरे गये Online आवेदनों को जिला स्तरीय चयन समिति (DLMC) द्वारा आवेदन को स्वीकृत या अस्वीकृत की जायेगी तत्पश्चात स्वीकृत आवेदनों की सूची ऑनलाईन JREDA कार्यालय को अग्रसारित कर दी जायेगी।

जिला कृषि पदाधिकारी–सह–
नोडल पदाधिकारी, पी0एम0–कुसुम गढ़वा

PR 358766 Agriculture(25-26)#D

सुप्रभात

विचार प्रवाह

प्रेम, ध्यान और आत्मबोध पर केंद्रित हैं। वे जीवन को पूरी तरह से जीने, सामाजिक बंधनों से मुक्त होने और वर्तमान क्षण में रहने की सीख देते हैं। उनके अनुसार, सच्चा धर्म भीतर से आता है। -ओशो

## संपादकीय

### अमेरिका से दोस्ती और टैरिफ

मित्रता का अर्थ बिना शर्त अधीनता नहीं है। फिलीपींस के पूर्व राष्ट्रपति ने चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के प्रति अपने प्रेम का इजहार किया, जिन्होंने भारी ऋण और निवेश का वादा किया था, लेकिन जब एक अंतरराष्ट्रीय न्यायाधिकरण ने कुछ विवादित द्वीपों को मनीला को सौंप दिया, तो दोनों देश एक-दूसरे से भिड़ गए। चीन के साथ अपनी दोस्ती को पाकिस्तान पहाड़ों से ऊंचा, समुद्र से गहरा और मधु से ज्यादा मीठा बताता रहा है, लेकिन अब वह चीन के सबसे बड़े दुश्मन अमेरिका के साथ दोस्ती के गीत गा रहा है। भारत-अमेरिका के बीच संबंध ठीक-ठाक चल रहे थे, लेकिन अपनी दूसरी बारी में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने आक्रामक रुख अपनाने का फैसला कर लिया। जुलाई में भारत जब अमेरिका के साथ एक व्यापार समझौते पर बातचीत कर रहा था, तो ट्रंप प्रशासन ने भारतीय आयातों पर 25 फीसदी टैरिफ लगा दिया और रूस से तेल एवं हथियार खरीदने पर अतिरिक्त जुर्माना भी लगा दिया। अपनी मंशा स्पष्ट करते हुए ट्रंप ने कहा कि ब्रिक्स समूह (जिसमें भारत एक संस्थापक सदस्य है) मूलतः अमेरिका विरोधी है और डॉलर पर हमला करना चाहता है, लेकिन वह किसी को भी डॉलर पर हमला नहीं करने देंगे। इसलिए भारत के खिलाफ उनके टैरिफ आंशिक रूप से ब्रिक्स और आंशिक रूप से व्यापार के लिए लगाए हैं। ट्रंप ने दावा किया कि उन्होंने कई देशों के नेताओं से बात की है, और वे सभी अमेरिका को 'बेहद खुश' करना चाहते हैं। हो सकता है कि किसी ने उन्हें कहा हो कि उनका टैरिफ आतंकवाद भारत को रूस के और करीब ले जाएगा। शायद इसी कारण गुस्से में उन्होंने पोस्ट किया कि उन्हें इस बात की परवाह नहीं है कि भारत रूस के साथ क्या करता है और वे 'अपनी मृत अर्थव्यवस्थाओं को एक साथ नीचे ले जा सकते हैं, मुझे इससे कोई फर्क नहीं पड़ता।' ट्रंप की उन लोगों के प्रति बेलगाम शत्रुता, जो उनके वफादार अनुयायी बनने से इन्कार करते हैं, उन्हें अपने ही पैरों पर कुल्हाड़ी मारने के लिए मजबूर करती है। भू-राजनीतिक तनाव, आर्थिक चुनौतियों और अंतरराष्ट्रीय यात्रियों के बीच अमेरिका की बढ़ती नकारात्मक छवि के कारण, 2025 में अमेरिका में पर्यटकों का आगमन आधा होने की संभावना है। एक ऐसे देश में, जिसने स्वतंत्रता प्रेमियों और मानवीय भावना को महत्व देने वालों को आकर्षित किया, ट्रंप स्टैच्यू ऑफ लिबर्टी के वादे को फिर से लिख रहे हैं। अमेरिकी खुदरा विक्रेताओं को पर्यटकों की कमी का एहसास हो रहा है, जून 2025 में विदेशी पर्यटकों के आगमन में छह फीसदी से ज्यादा की गिरावट आने की संभावना है। एक आलोचक ने पोस्ट किया है कि अगर ट्रंप का ब्रेन स्कैन कराया जाए, तो उसमें हड़प्पा के खंडहरों जैसी बहुत ज्यादा संरचनाएं (कैल्सीफिकेशन) दिखाई देंगी! डोनाल्ड ट्रंप को पता होना चाहिए कि एशियाई लोग टैरिफ के झटके को उन अमेरिकियों की तुलना में कहीं ज्यादा आसानी से झेल सकते हैं, जो मुश्किलें बर्दाश्त नहीं कर सकते। मेक अमेरिका ग्रेट एगेन के नारों के बावजूद अमेरिका पूरी तरह से सब्सिडी पर चलने वाला बेरोजगारों का देश है। ट्रंप से दुखी होकर रूस और चीन ब्रिक्स के केंद्र के रूप में रिक यानी रूस, भारत और चीन के समूह का प्रस्ताव रख चुके हैं। लेकिन भारत इसका सदस्य नहीं बन सकता, क्योंकि वह चीन पर कभी भरोसा नहीं करेगा।

> चीन के साथ अपनी दोस्ती को पाकिस्तान पहाड़ों से ऊंचा, समुद्र से गहरा और मधु से ज्यादा मीठा बताता रहा है, लेकिन अब वह चीन के सबसे बड़े दुश्मन अमेरिका के साथ दोस्ती के गीत गा रहा है।

# हर मां का अधिकार, हर शिशु का जीवनाधिकार है स्तनपान



● 1 से 7 अगस्त: विश्व स्तनपान सप्ताह

आज की बात



प्रो. आरके जैन

स्तनपान केवल एक प्राकृतिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि मां और शिशु के बीच एक अटूट बंधन, स्वास्थ्य का आधार और भावनात्मक जुड़ाव का सबसे प्राकृतिक स्रोत है। हर साल 1 से 7 अगस्त तक मनाया जाने वाला विश्व स्तनपान सप्ताह इस महत्व को रेखांकित करता है, जिसका उद्देश्य वैश्विक स्तर पर स्तनपान के लाभों को प्रचारित करना, भ्रांतियों को दूर करना और समाज के हर वर्ग को इसके प्रति जागरूक करना है। यह सप्ताह केवल मां और शिशु तक सीमित नहीं, बल्कि परिवार, समुदाय, कार्यस्थल और नीति-निर्माताओं को उनकी जिम्मेदारी का एहसास कराता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन और यूनिसेफ के अनुसार, जन्म के पहले घंटे में शिशु को मां का पहला दूध, यानी कोलोस्ट्रम, देना अनिवार्य है। यह गाढ़ा, पीला दूध शिशु की प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत करने वाला अमृत है, जिसमें एंटीबॉडीज और पोषक तत्व प्रचुर मात्रा में होते हैं। डब्ल्यूएचओ की सिफारिश है कि पहले छह महीने तक शिशु को केवल मां का दूध दिया जाए और फिर दो साल तक ऊपरी आहार के साथ स्तनपान जारी रखा जाए। यह शिशु के शारीरिक, मानसिक और संज्ञानात्मक विकास के लिए सर्वोत्तम माना जाता है।

स्तनपान शिशु को संपूर्ण पोषण प्रदान करता है और कई जानलेवा बीमारियों से सुरक्षा देता है। शोध बताते हैं कि मां के दूध में मौजूद एंटीबॉडीज शिशु को डायरिया, निमोनिया, श्वसन संक्रमण और यहां तक कि दीर्घकालिक बीमारियों जैसे मधुमेह और मोटापे से बचाते हैं। एक अध्ययन के अनुसार, स्तनपान करने वाले बच्चों का आईक्यू औसतन 3-7 अंक अधिक होता है, जो उनके संज्ञानात्मक विकास में महत्वपूर्ण योगदान देता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के आंकड़ों के अनुसार, यदि वैश्विक स्तर पर छह महीने तक विशेष स्तनपान को बढ़ावा दिया जाए, तो हर साल 8 लाख से अधिक बच्चों की जान बचाई जा सकती है। इसके अलावा, स्तनपान शिशु में एलर्जी, अस्थमा और आंतों के रोगों के जोखिम को भी कम करता है।

मां के लिए भी स्तनपान अनेक लाभकारी है। यह प्रसवोत्तर रक्तस्राव को नियंत्रित करने और गर्भाशय को सामान्य स्थिति में लाने में मदद करता है। शोधों के अनुसार, स्तनपान करने वाली माताओं में स्तन कैंसर का जोखिम 25% तक और डिम्बग्रंथि कैंसर का जोखिम 30% तक कम हो सकता है। इसके अलावा, यह टाइप 2 मधुमेह और हृदय रोगों से भी बचाव करता है। स्तनपान एक प्राकृतिक गर्भनिरोधक के रूप में भी कार्य करता है, जिसे लैक्टेशनल एमेनोरिया मेथड कहा जाता है, हालांकि यह पूरी तरह विश्वसनीय नहीं है। भावनात्मक दृष्टिकोण से, स्तनपान मां और शिशु के बीच गहरा जुड़ाव बनाता है, जो मां के मानसिक स्वास्थ्य और शिशु की भावनात्मक स्थिरता को बढ़ावा देता है।

विश्व स्तनपान सप्ताह हर साल एक नई थीम के साथ आता है, जो वैश्विक आवश्यकताओं और चुनौतियों को उजागर करता है। वर्ष 2025 की थीम, "स्तनपान के लिए समावेशी समाज का निर्माणः सभी के लिए समान अवसर," इस बात पर बल देती है कि स्तनपान को बढ़ावा देने के लिए समाज के हर वर्ग की भागीदारी जरूरी है।

आधुनिक युग में, जहां कामकाजी महिलाओं की संख्या बढ़ रही है, कार्यस्थलों पर स्तनपान के लिए अनुकूल वातावरण बनाना आवश्यक है। इसमें निजी और स्वच्छ स्तनपान कक्ष, दूध संग्रह की सुविधाएं, और पर्याप्त ब्रेक का प्रावधान शामिल है। भारत में मातृत्व लाभ अधिनियम, 2017 के तहत 26 सप्ताह का मातृत्व अवकाश एक सकारात्मक कदम है, लेकिन असंगठित क्षेत्र की महिलाओं के लिए ऐसी सुविधाओं की कमी अभी भी एक बड़ी बाधा है। एक हालिया सर्वेक्षण के अनुसार, भारत में केवल 30% कार्यस्थलों पर स्तनपान के लिए उपयुक्त सुविधाएं हैं, जो इस दिशा में समावेशी और समान प्रयासों की जरूरत को रेखांकित करता है।

सामाजिक दृष्टिकोण से, स्तनपान को लेकर कई भ्रांतियां और संकोच अभी भी मौजूद हैं। सार्वजनिक स्थानों पर स्तनपान कराना कई महिलाओं के लिए असहजता और सामाजिक दबाव का कारण बनता है। कुछ समाजों में इसे अशोभनीय माना जाता है, जो एक गलत धारणा है। विश्व स्तनपान सप्ताह का एक प्रमुख उद्देश्य इन रूढ़ियों को तोड़ना और स्तनपान को एक सामान्य, गरिमामय और प्राकृतिक प्रक्रिया के रूप में स्थापित करना है। इसके लिए सामाजिक जागरूकता अभियान, जैसे टीवी, रेडियो और डिजिटल मीडिया पर सूचनात्मक विज्ञापन, माताओं की प्रेरक कहानियां और सामुदायिक स्तर पर चर्चाएं महत्वपूर्ण हैं।

स्तनपान को प्रोत्साहित करने के लिए शिक्षा और जागरूकता का प्रसार महत्वपूर्ण है। किशोरियों और युवतियों को स्कूलों और सामुदायिक कार्यक्रमों के माध्यम से मातृत्व और स्तनपान के बारे में जानकारी देना जरूरी है। इससे वे मातृत्व के लिए मानसिक और शारीरिक रूप से तैयार हो सकती हैं। भारत में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के तहत आशा कार्यकर्ता और आंगनवाड़ी सेवाएं इस दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। हालांकि, ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में जागरूकता के स्तर में अभी भी असमानता है। उदाहरण के लिए, नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे-5 के अनुसार, भारत में केवल 64% शिशुओं को जन्म के पहले घंटे में स्तनपान कराया जाता है, जो वैश्विक मानकों से कम है।

सरकार और गैर-सरकारी संगठनों को मिलकर स्तनपान के समर्थन में ठोस नीतियां और अभियान चलाने की आवश्यकता है। इसके लिए कार्यस्थलों पर सख्त दिशानिर्देश, स्वास्थ्य केंद्रों में परामर्श सेवाएं, और सामुदायिक स्तर पर जागरूकता कार्यक्रम आवश्यक हैं। भारत में "मां" (एमएए - मदर्स एबसोल्यूट अफेक्शन) कार्यक्रम एक सकारात्मक पहल है, जिसके तहत स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित किया जाता है और माताओं को स्तनपान के लाभों के बारे में जागरूक किया जाता है। इसके बावजूद, ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की कमी और शहरी क्षेत्रों में व्यस्त जीवनशैली इस प्रक्रिया में बाधा बनती है।

स्तनपान केवल एक व्यक्तिगत कर्तव्य नहीं, बल्कि एक सामाजिक और राष्ट्रीय जिम्मेदारी है। एक स्वस्थ पीढ़ी का निर्माण तभी संभव है, जब मां और शिशु को शारीरिक, मानसिक और सामाजिक समर्थन मिले। विश्व स्तनपान सप्ताह हमें याद दिलाता है कि हर मां को सम्मान के साथ, बिना किसी संकोच या भय के, कहीं भी और कभी भी स्तनपान कराने का अधिकार है। यह केवल एक सप्ताह का आयोजन नहीं, बल्कि एक सतत प्रक्रिया है, जिसमें नीति, शिक्षा, व्यवहार और सहानुभूति का समावेश होना चाहिए। यदि हम सभी मिलकर स्तनपान के अनुकूल वातावरण बनाएं, तो यह न केवल शिशुओं के बेहतर स्वास्थ्य की गारंटी देगा, बल्कि एक मजबूत और स्वस्थ राष्ट्र के निर्माण का मार्ग भी प्रशस्त करेगा। यह सप्ताह हमें प्रेरित करता है कि हम इस दिशा में छोटे-छोटे कदम उठाएं, जो भविष्य में बड़े बदलाव ला सकते हैं।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## बेटी को आत्मनिर्भर बनाना जरूरी, पर स्त्रीत्व का भाव भी न भूलें

अलग बात



रीना सिंह

आज की तेज़ रफ्तार दुनिया में हम बेटियों को आत्मनिर्भर, शिक्षित और सक्षम बनाने की दिशा में लगातार प्रयासरत हैं, लेकिन क्या हमने कभी यह सोचने की कोशिश की कि इस प्रक्रिया में कहीं हम उसकी "नारी सुलभ कोमलता", भावनात्मक जुड़ाव और पारिवारिक संस्कार तो नहीं खो बैठे? समाजशास्त्री, योगाचार्य और ज्योतिषाचार्य सुचिता सिंह रघुवंशी के अनुभवों के अनुसार, उनके पास आए दिन ऐसे माता-पिता आते हैं जो कहते हैं-"हमारी बेटी अब हमारी बात नहीं मानती", "उसकी ज़िंदगी में अब हमारे लिए कोई स्थान नहीं है", या "वह अब शादी के लिए तैयार ही नहीं है।" ऐसी समस्याओं की संख्या दिन-ब-दिन बढ़ रही है, और यह एक गहरी सामाजिक चिंता का विषय बन चुकी है। दरअसल, जब बेटियों को केवल करियर और आत्मनिर्भरता की राह पर प्रेरित किया जाता है, तो अनजाने में उनके मन-मस्तिष्क में यह बात बैठा दी जाती है कि "तुम्हें किसी पर निर्भर नहीं रहना है, तुम्हें खुद सब कुछ करना है।" यही वह बिंदु है जहां मूलभूत गलती होती है। आत्मनिर्भरता ज़रूरी है, लेकिन यह मान लेना कि वही जीवन का लक्ष्य है, एक सीमित और एकांगी दृष्टिकोण है। जीवन केवल नौकरी और प्रमोशन से नहीं चलता, वह रिश्तों की गर्माहट, समझदारी और त्याग की नींव पर खड़ा होता है।

**आज हम देख रहे हैं कि:**

- **विवाह में अनावश्यक देरी हो रही है**
- **लड़कियाँ विवाह के लिए अव्यावहारिक शर्तें रख रही हैं**
- **वैवाहिक जीवन में सामंजस्य की कमी, अलगाव और यहां तक कि विवाहेतर संबंधों तक की स्थितियाँ बन रही हैं**

यह स्थिति तब बनती है जब बचपन से ही बेटियों को यह सिखाया जाता है कि पढ़ाई ज़रूरी है, करियर ज़रूरी है, नौकरी और प्रमोशन पहले हैं-और विवाह, परिवार और संबंध बाद में। नतीजा यह होता है कि बेटियाँ तो सफल हो जाती हैं, लेकिन संवेदना, सामंजस्य और पारिवारिक समर्पण के भाव उनसे दूर हो जाते हैं। कई माता-पिता दुखी होकर कहते हैं -"अब हमारी बेटी हमारी नहीं रही।" लेकिन कहीं न कहीं इसमें माता-पिता की भी भूमिका है। जब बेटियों के मन में ममता, त्याग, सहनशीलता और स्नेह के बीज बोने का समय था, तब हमने केवल महत्वाकांक्षा के बीज बोए। परिणामस्वरूप, आज की बेटियाँ तो उड़ना जानती हैं, लेकिन लौटकर आना नहीं। यह आलेख किसी भी तरह से बेटियों की शिक्षा या उनके सशक्तिकरण के खिलाफ नहीं है। यह केवल एक संतुलित दृष्टिकोण की ओर संकेत करता है - जहां आत्मनिर्भरता के साथ-साथ "स्त्रीत्व" को भी महत्व दिया जाए। इसलिए ज़रूरी है कि बेटियों को पढ़ाएं, आत्मनिर्भर बनाएं, पर साथ ही उनके भीतर संवेदना, अपनापन, और परिवार के लिए समर्पण जैसे गुणों का भी विकास करें। वरना एक दिन वह बेटी, न आपकी रहेगी, न खुद की। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

# रूस यूक्रेन युद्ध, भारत की हनक और मिस्टर प्रेसिडेंट की कुंठा का ट्रंप कार्ड

देश की बात



केदारनाथ दास



ट्रंप अब उन देशों पर टैरिफ लगाने जा रहे हैं जो रूस से तेल खरीदते हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के करीबी लिंडसे ग्राहम के एक साक्षात्कार की मानें तो रूस से तेल खरीदने वाले देश यूक्रेन के खिलाफ जंग के लिए पैसे जुटाने में मास्को की मदद कर रहे सभी देशों पर 100 प्रतिशत टैरिफ लगाने की तैयारी की जा रही है। भारत, ब्राजील और चीन का नाम लेकर उन्होंने यह दावा किया कि अगर ये देश सस्ता रूसी तेल खरीदते रहे तो पुतीन को ब्लड मनी मुहैया कराने के लिए उन्हें पूरी तरह से तहस नहस व तबाह कर दिया जाएगा। लिंडसे के इस वक्तव्य पर अभी उस भारत की कोई प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है जो न केवल रुस का पारंपरिक दोस्त है बल्कि जिसके प्रधानमंत्री ने कभी अमेरिकी राष्ट्रपति को "मिस्टर प्रेसिडेंट" कहने के बजाय "नाम" के साथ संबोधित करने का "साहस" कर दिखाया है। बताते चलें कि भारत का यह साहस तत्कालीन राष्ट्रपति ओबामा को कुछ ऐसा चुभा कि "भारत एक महाशक्ति बन सकता है अगर भारत विखंडित नहीं होता, जातिगत रेखाओं पर नहीं टूटता, धार्मिक रेखाओं पर नहीं टूटता, क्षेत्रीय रेखाओं पर नहीं टूटता और किसी भी रेखा पर नहीं टूटता है" जैसा बयान देते नजर आने लगे।ओबामा ने यह बयान हल्के फुल्के अंदाज में या भारत के प्रति किसी चिंता में नहीं बल्कि एक तरह से धमकी भरे अंदाज में दिया था। इस धमकी की पृष्ठभूमि देखिए कि पश्चिमी दुनिया को संपेरों के देश भारत में अब जाति व्यवस्था, धार्मिक भेदभाव व क्षेत्रीय असहिष्णुता नजर आने लगी और इनमें एक आसान सा फॉल्टलाइन भी नजर आने लगा। दुर्भाग्यवश इस धमकी भरे बयान का असर भी दिखने लगा और अब चुनावों में अल्पसंख्यकों के शोषण, क्षेत्रीय अस्मिता व जाति गणना जैसे मुद्दों को भरपूर हवा देने की कोशिश की जाने लगी। तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति से जुड़े इस प्रसंग के बाद विपक्षी दलों विशेषकर राहुल गांधी का व्यवहार देखें तो लगता है उन्हें वही सब बातें पसंद हैं जिनके रहते अमेरिका जैसे किसी पूंजीवादी देश को भारतीय हनक का कोई राग पसंद नहीं है। ऐसा भी तब है जबकि एक संप्रभु व प्रगतिशील राष्ट्र होने के कारण भारत को भी अमेरिका के समकक्ष खड़ा होने का पूरा पूरा अधिकार है। इसके बावजूद खुद को विश्व का स्वयंभू सरदार मानने वाले अमेरिका को जब यह सबकुछ नामंजूर है तो उसने एक संकेत दे दिया कि किस तरह से भारत को तोड़ा जा सकता है और हमने भी इस टूलकीट को लपकने में कोई देर नहीं लगाई! आज नतीजा सामने है जबकि ओबामा से एक कदम आगे बढ़ते हुए ट्रंप ने भारत को आंखें तरेरने की कोशिश शुरू कर दी है। अब टूलकीट पर टूर्नामेंट खेलने वाले तत्वों से कौन पूछे कि न बराक अंतिम थे, न ट्रंप अंतिम हैं और न ग्राहम लिंडसे का तथाकथित साक्षात्कार ही अंतिम है। ऐसा इसलिए कि चुनाव जीतने की कुंठा में हम तथाकथित फॉल्टलाईनों के भरोसे भारत के टुकड़े टुकड़े करने की अपनी ही करतूतों से अमेरिकी थिंक टैंक का मनोबल बढ़ाने में लगे हुए हैं। ऐसे कई सवाल हैं जबकि जिहादी टेकओवर या लेफ्टिस्ट अपराइजिंग की वक्र दृष्टि के सवाल हम पहले से कायम हैं फिर भी विरोध के नाम पर हम आत्मघाती करतूतों, क्षेत्रीय अस्मिता, भाषा, दलित व पिछड़ी जातियों की भावनाओं के बेजा इस्तेमाल और सेक्युलरिज्म के नाम पर देश को कटघरे में खड़ा करने वाले टूर्नामेंटखेलने में मशगूल हैं। बहरहाल मजबूत भारत को आज अमेरिका के दंडात्मक शुल्क की कोई चिंता नहीं करनी है, न अमेरिकी थिंक टैंक से परेशानी है और न बयानवीर ट्रंप के बेतरतीब बयानों को लेकर परेशान होने की कोई जरूरत है। परेशानी सिर्फ इतनी सी है कि विपक्ष के कुछ नेताओं व तथाकथित टूलकीट के बावजूद आज का भारत मजबूर नहीं बल्कि एक मजबूत भारत है और चुनौती इसे ऐसा ही बनाए रखने को लेकर है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## फेसबुक वॉल से




## एक्स से




## आज का दोहा

पास आ रहा, हर घड़ी, हहराता तूफान।
वक्त हाथ से, रेत सा, फिसल रहा कप्तान।।

**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें artical.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

**संपादक**

# डिग्री का धोखा : जागो समय रहते

आपकी बात



डॉ कुमार संजय

क्या आपने कभी सोचा है कि तीन साल की डिग्री के बाद भी लाखों युवा बेरोज़गार क्यों घूमते हैं? क्या वजह है कि पढ़ाई पूरी होते ही बहुत से लोग सरकारी नौकरी या प्रतियोगिता की भीड़ में खो जाते हैं? शायद वजह आपकी डिग्री नहीं, आपकी दिशा है।

बी.ए., बी.कॉम., बी.एससी - ये शब्द अब करियर नहीं, 'बेरोज़गारी' की गारंटी बनते जा रहे हैं। हर 10 में से 8 ग्रेजुएट बेरोज़गार हैं।

### क्या है 'परंपरागत ग्रेजुएशन'?

परंपरागत ग्रेजुएशन यानी वे कोर्स जो वर्षों से विश्वविद्यालयों में पढ़ाए जा रहे हैं—बी.ए., बी.कॉम., बी.एससी. आदि। ये डिग्रियाँ सामान्य ज्ञान प्रदान करती हैं, लेकिन कोई विशेष कौशल नहीं। आज के प्रतिस्पर्धी युग में यह एक अधूरी तैयारी है।

### क्यों न करें ऐसी डिग्री कोर्स?

ये कोर्स न तो आपको किसी विशेष नौकरी के लिए तैयार करते हैं, न ही उद्योग जगत की मांगों से परिचित कराते हैं।
नतीजा—डिग्री के बाद भी वही पुराना सवालः अब क्या करें?

### डिग्री के नुकसान

**बेरोज़गारी :** हर साल लाखों छात्र पास होते हैं, लेकिन नौकरियाँ गिनती की ही होती हैं। सरकारी नौकरी की तैयारी में समय, ऊर्जा और उम्र—तीनों निकल जाते हैं।

**आत्मविश्वास की कमी :** जब आपके पास कोई विशेष कौशल नहीं होता, तो इंटरव्यू में आप खुद को कमतर महसूस करते हैं। बाज़ी वही मार ले जाता है, जिसके पास कुछ अतिरिक्त स्किल्स होते हैं।

**समय और पैसे की बर्बादी :** तीन साल, लाखों रुपये और बदले में न नौकरी, न आत्मविश्वास, न कोई आमदनी।

**भविष्य की उलझन :** बिना योजना के ली गई डिग्री अक्सर करियर को भटका देती है। जिस क्षेत्र में छात्र अच्छा कर सकते थे, वह भी करने से चूक जाते हैं।

**पारिवारिक दबाव और सामाजिक तुलना :** जब रिश्तेदार पूछते हैं "क्या कर रहे हो?" और आपके पास कोई ठोस जवाब नहीं होता, तो मानसिक तनाव बढ़ता है। आपका घिसा-पिटा जवाब कि "सरकारी नौकरी की तैयारी कर रहा हूं"—आपको खुद में ही छोटा महसूस कराता है।
फिर क्या करें?

डिग्री नहीं, दक्षता चुनें। आज का समय मांग करता है कि आपकी पढ़ाई आपको काम के लायक बनाए, न कि सिर्फ एक प्रमाणपत्र थमाए।

### आज आपके सामने सैकड़ों विकल्प हैं

स्किल-बेस्ड कोर्सेजः डिजिटल मार्केटिंग, ग्राफिक डिजाइनिंग, डेटा एनालिसिस, वीडियो एडिटिंग, वेब डेवलपमेंट आदि।

**प्रोफेशनल डिप्लोमा :** होटल मैनेजमेंट, पैरामेडिकल, फैशन डिज़ाइन, फूड टेक्नोलॉजी, इवेंट मैनेजमेंट।

**वोकेशनल ट्रेनिंग :** जैसे मोबाइल रिपेयरिंग, इलेक्ट्रिशियन, प्लंबर, फोटोग्राफी, सीएनसी ऑपरेटर आदि।

**लैंग्वेज और सॉफ्ट स्किल्स :** अंग्रेजी संचार, व्यक्तित्व विकास, साक्षात्कार कौशल—ये अब हर सेक्टर की आवश्यकता बन चुके हैं। **एआई और फ्यूचर टेक कोर्सेज :** जैसे जनरेटिव एआई, मशीन लर्निंग, प्रॉम्प्ट इंजीनियरिंग, चैटबॉट डिज़ाइन, और व्यवसाय के लिए एआई उपकरण।

एआई पर फोकस करें-यह आने वाले वर्षों तक का सबसे प्रभावशाली क्षेत्र है, और यही भविष्य है।

### अब भी वक्त है

आज भी आप परंपरागत ग्रेजुएशन को आंख बंद करके कर रहे हैं, तो आप सचमुच अपने ही पैरों पर कुल्हाड़ी मार रहे हैं।

अब समय है जागने का, सोच बदलने का और अपने करियर को नई दिशा देने का। सिर्फ डिग्री लेने के लिए ग्रेजुएशन करना अब समझदारी नहीं है। आज का युग हुनर और विज़न का है, न कि केवल डिग्री का। डिग्री वही सार्थक है, जो आपको दिशा दे, आत्मनिर्भर बनाए—वरना वह केवल काग़ज़ का एक टुकड़ा भर है।

अब समय है कौशल-आधारित, मांग-संचालित और भविष्य सोच अपनाने का।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI.61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 ।प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

**स्वतंत्रता दिवस पर लाल किले से गूंजेगी जनता की आवाज़!**

# पीएम मोदी स्वतंत्रता दिवस पर, 12वीं बार करेंगे संबोधन

**एजेंसी । नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को देश भर के नागरिकों से इस वर्ष के स्वतंत्रता दिवस संबोधन के लिए अपने विचार और सुझाव साझा करने का आह्वान किया। X पर एक पोस्ट में, प्रधानमंत्री मोदी ने जनता से MyGov.in और NaMo ऐप पर खुले मंचों के माध्यम से अपने विचार साझा करने का आग्रह किया। प्रधानमंत्री ने लिखा, "जैसे-जैसे हम इस वर्ष के स्वतंत्रता दिवस के करीब पहुँच रहे हैं, मैं अपने साथी भारतीयों से सुनने के लिए उत्सुक हूँ! आप इस वर्ष के स्वतंत्रता दिवस भाषण में किन विषयों या विचारों को प्रतिबिंबित होते देखना चाहेंगे? MyGov और NaMo ऐप पर खुले मंचों पर अपने विचार साझा करें।"परंपरा के अनुसार, भारत के प्रधानमंत्री हर साल 15 अगस्त को दिल्ली के लाल किले पर राष्ट्रीय ध्वज फहराते हैं और राष्ट्र को संबोधित करते हैं। पिछले साल, भारत के 78वें स्वतंत्रता दिवस पर, प्रधानमंत्री मोदी का भाषण 'विकसित भारत @2047' विषय पर केंद्रित था, जो 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने के सरकार के दृष्टिकोण को रेखांकित करता है। प्रधानमंत्री ने आत्मनिर्भर भारत, जीवन को आसान बनाने, वायु सेना में महिलाओं की भूमिका, राजनीति में भाई-भतीजावाद से निपटने, बांग्लादेशी हिंदुओं की सुरक्षा, समान नागरिक संहिता के विचार और 2036 ओलंपिक की मेजबानी करने की भारत की आकांक्षाओं सहित कई प्रमुख मुद्दों पर भी बात की। औपचारिक परंपराओं को जारी रखते हुए, प्रधानमंत्री ने राजघाट पर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित की और राष्ट्रीय ध्वज फहराने के बाद 'राष्ट्रीय सलामी' प्राप्त की।

- **नागरिक MyGov.in और NaMo ऐप के ओपन फोरम पर अपने विचार साझा कर सकते हैं।**
- **हर वर्ष की तरह, 15 अगस्त को लाल किले से प्रधानमंत्री का संबोधन होगा।**



### महिलाओं की भागीदारी और आत्मनिर्भर भारत पर जोर

परंपरा के अनुसार, भारत के प्रधानमंत्री हर साल 15 अगस्त को दिल्ली के लाल किले पर राष्ट्रीय ध्वज फहराते हैं और राष्ट्र को संबोधित करते हैं। पिछले साल, भारत के 78वें स्वतंत्रता दिवस पर, प्रधानमंत्री मोदी का भाषण 'विकसित भारत @2047' विषय पर केंद्रित था, जो 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने के सरकार के दृष्टिकोण को रेखांकित करता है। प्रधानमंत्री ने आत्मनिर्भर भारत, जीवन को आसान बनाने, वायु सेना में महिलाओं की भूमिका, राजनीति में भाई-भतीजावाद से निपटने, बांग्लादेशी हिंदुओं की सुरक्षा, समान नागरिक संहिता के विचार और 2036 ओलंपिक की मेजबानी करने की भारत की आकांक्षाओं सहित कई प्रमुख मुद्दों पर भी बात की।

## पीएम मोदी के वाराणसी दौरे को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

**एजेंसी । वाराणसी**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दौरे को लेकर वाराणसी में सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। वाराणसी के डीसीपी आकाश पटेल ने जानकारी दी कि प्रधानमंत्री की जनसभा और दौरे को लेकर सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह से चाक-चौबंद है। सभी महत्वपूर्ण बिंदुओं पर पुलिस बल की तैनाती है। डीसीपी आकाश पटेल ने समाचार एजेंसी आईएएनएस को बताया कि प्रधानमंत्री के दौरे के मद्देनजर सभी सेक्टर और जोन को अलग-अलग अधिकारियों के जिम्मे सौंपा गया है। शिवपुरी ब्लॉक में आयोजित होने वाले कार्यक्रम को लेकर पुलिस बल की अग्रिम तैनाती की गई है। उन्होंने बताया कि शुक्रवार को सुरक्षा से जुड़े अधिकारियों की रिहर्सल की गई है, जिसमें आईजी, पुलिस कमिश्नर और जिलाधिकारी समेत तमाम वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। उन्होंने यह भी बताया कि 12 जिलों से फोर्स बुलाई गई है और सभी महत्वपूर्ण बिंदुओं पर पुलिस बल की तैनाती की गई है। कार्यक्रम के सफल संचालन और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए हर स्तर पर निगरानी रखी जा रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 2 अगस्त को सुबह लगभग 11 बजे अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी पहुंचेंगे। वह उत्तर प्रदेश में लगभग 2,200 करोड़ रुपये की लागत वाली कई विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन करेंगे। प्रधानमंत्री जिन परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे, वे बुनियादी ढांचा, शिक्षा, स्वास्थ्य, शहरी विकास और सांस्कृतिक विरासत से जुड़ी हुई हैं।

## 15 हजार मासिक वेतन वाला पूर्व क्लर्क निकला करोड़पति

**एजेंसी । कोप्पल**



कर्नाटक ग्रामीण अवसंरचना विकास लिमिटेड (केआरआईडीएल) के एक पूर्व क्लर्क के पास लोकायुक्त की छापेमारी में करीब 30 करोड़ रुपए की संपत्ति मिलने का मामला सामने आया है। यह कार्रवाई कोप्पल जिले के कलाकप्पा निदागुंडी स्थित उसके निवास और अन्य ठिकानों पर की गई। छापेमारी के दौरान लोकायुक्त अधिकारियों को पता चला कि मात्र 15 हजार रुपए मासिक वेतन पाने वाले इस पूर्व क्लर्क ने 24 मकान, 4 प्लॉट, और 40 एकड़ कृषि भूमि जमा कर रखी थी। ये संपत्तियां न सिर्फ उसके नाम पर, बल्कि उसकी पत्नी और भाई के नाम पर भी पंजीकृत थीं। इसके अलावा, लोकायुक्त की टीम ने छापेमारी के बाद आरोपी पूर्व क्लर्क के घर से 350 ग्राम सोना, डेढ़ किलो चांदी के आभूषण, दो कारें और दो दोपहिया वाहन भी जब्त किए। अधिकारियों ने बताया कि पूर्व क्लर्क निदागुंडी और केआरआईडीएल के एक पूर्व इंजीनियर जेड. एम. चिंचोलकर पर 96 सरकारी परियोजनाओं में फर्जी बिल और दस्तावेज तैयार कर 72 करोड़ रुपए से अधिक की हेराफेरी का आरोप है। इन परियोजनाओं को कभी पूरा ही नहीं किया गया। लोकायुक्त को मिली शिकायत के आधार पर अदालत से आदेश प्राप्त कर छापेमारी की गई, जिसके बाद यह मामला उजागर हुआ। कोप्पल विधायक के. राघवेंद्र हितनाल ने कहा कि सरकार मामले को गंभीरता से ले रही है और उचित कार्रवाई के लिए गहन जांच कराएगी।

**राहुल गांधी का बड़ा दावा**

# हमारे पास एटम बम है, फटेगा तो चुनाव आयोग कहीं नहीं दिखेगा

**एजेंसी । नई दिल्ली**



लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने शुक्रवार को बिहार में मतदाता सूची पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर चुनाव आयोग पर बड़ा आरोप लगाया। उन्होंने मीडिया से बात करते हुए दावा किया कि चुनाव आयोग वोट चोरी करवा रहा है और मैं 100 प्रतिशत सबूतों के साथ ये बोल रहा हूं। राहुल गांधी ने कहा कि हमारे पास एटम बम है और ये फटेगा तो हिंदुस्तान में चुनाव आयोग कहीं नहीं दिखेगा। उन्होंने ये भी कहा कि अधिकारी रिटायर भी हो जाएंगे तो छोड़ेंगे नहीं। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा कि हमारे पास सबूत है कि चुनाव आयोग वोट चोरी करवा रहा है, और मैं ये हल्के में नहीं बोल रहा हूं। मैं 100 प्रतिशत सबूतों के साथ ये बात कह रहा हूं। हम जैसे ही ये सबूत सबके सामने रखेंगे, पूरे देश को पता चल जाएगा कि चुनाव आयोग वोट चोरी करा रहा है। किसके लिए करा रहा है—भाजपा के लिए करा रहा है। ये ओपन एंड शट है; इस पर कोई सवाल नहीं उठा सकता।

- **चुनाव आयोग पर बड़ा आरोप:** राहुल गांधी ने चुनाव आयोग पर वोट चोरी कराने का आरोप लगाया।
- **चुनाव आयोग से असहयोग:** राहुल ने कहा कि चुनाव आयोग ने उनकी कोई मदद नहीं की, इसलिए कांग्रेस ने अपनी जांच करवाई।
- **राज्यों में संदेह:** मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र और लोकसभा चुनावों में धांधली की आशंका जताई।

उन्होंने कहा कि हमें मध्य प्रदेश में संदेह था, लोकसभा चुनाव में संदेह था, और महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में संदेह था। हमें स्टेट लेवल पर लगा कि चोरी हुई है। एक करोड़ वोटर ऐड हुए थे, फिर हम थोड़ा डिटेल में गए। चुनाव आयोग हमारी मदद नहीं कर रहा था, इसलिए हमने अपनी तरफ से जांच करवाई। इस जांच में 6 महीने लगे और जो हमें मिला है, वो एटम बॉम्ब है, और ये फटेगा तो आप हिंदुस्तान में इलेक्शन कमीशन कहीं नहीं देखेंगे। राहुल गांधी ने आगे कहा कि मैं सिरियसली बोल रहा हूं, चुनाव आयोग में जो भी वोट चुराने का काम कर रहे हैं, उन्हें हम छोड़ेंगे नहीं।

### संवैधानिक संस्थाओं को धमका रहे राहुल, रिजिजू बोले- लोकतंत्र को कमज़ोर करने की बड़ी साज़िश



केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने शुक्रवार को कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी पर तीखा हमला बोला और उन पर भारत विरोधी भाषा का इस्तेमाल करने और लोकतांत्रिक संस्थाओं को कमज़ोर करने का आरोप लगाया। रिजिजू ने कहा कि विपक्ष के सदस्य भी गांधी की टिप्पणी की आलोचना कर रहे हैं, खासकर भारत को "बर्बाद अर्थव्यवस्था" बताने की उनकी टिप्पणी की। रिजिजू ने कहा कि राहुल गांधी की भारत विरोधी भाषा का विपक्ष के कई प्रमुख लोग भी विरोध कर रहे हैं। वे यह भी कहते हैं कि आप भारत को बर्बाद अर्थव्यवस्था नहीं कह सकते। रिजिजू ने गांधी से अपनी भूमिका के अनुरूप ज़िम्मेदारी से काम करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी को पता होना चाहिए कि वह कोई छोटे बच्चे नहीं हैं। उन्हें विपक्ष के नेता की तरह व्यवहार करना चाहिए। रिजिजू ने विपक्ष पर जानबूझकर संसदीय कार्यवाही बाधित करने का आरोप लगाते हुए तर्क दिया कि इसका नुकसान अंततः विपक्षी सांसदों को ही हो रहा है। उन्होंने कहा, "विपक्ष सदन को चलने नहीं दे रहा है। सबसे ज़्यादा नुकसान विपक्षी सांसदों को हो रहा है, जो जनता के मुद्दे नहीं उठा पा रहे हैं।" उन्होंने आगे कहा कि लोकसभा अध्यक्ष और राज्यसभा के उपसभापति, दोनों ने स्पष्ट कर दिया है कि चर्चा संसदीय नियमों के दायरे में ही होनी चाहिए। मंत्री ने आरोप लगाया कि यह पहली बार नहीं है जब राहुल गांधी संवैधानिक संस्थाओं को धमका रहे हैं। यह लोकतंत्र को कमज़ोर करने की एक बड़ी साज़िश है। यह बेहद ख़तरनाक व्यवहार और रवैया है। विपक्ष संवैधानिक संस्थाओं को बदनाम करने की कुत्सित योजना चला रहा है।

### वह भाजपा विरोधी नहीं, बल्कि भारत विरोधी हैं : हिमंत बिस्वा



लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी द्वारा अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के 'बर्बाद अर्थव्यवस्था' वाले बयान से सहमति जताने पर असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने तगड़ा प्रहार किया है। उन्होंने कहा कि पिछले 7 दिनों ने राहुल गांधी को बुरी तरह बेनकाब कर दिया है। लोग अब समझ गए हैं कि वह भाजपा विरोधी नहीं, बल्कि भारत विरोधी हैं। उन्होंने दावा किया कि जब प्रधानमंत्री मोदी हर काम शालीनता से कर रहे हैं, विभिन्न देशों से बात कर रहे हैं, तो राहुल गांधी देश को बदनाम कर रहे हैं। राहुल गांधी ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बयान को सही ठहराते हुए बृहस्पतिवार को दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के सिवाय सब जानते हैं कि भारत एक 'डेड इकोनॉमी' (बर्बाद अर्थव्यवस्था) है तथा प्रधानमंत्री ने अर्थव्यवस्था को खत्म कर दिया है। उन्होंने यह दावा भी किया कि अमेरिका के साथ व्यापार समझौता डोनाल्ड ट्रंप की शर्तों पर होगा और प्रधानमंत्री मोदी वही करेंगे, जो अमेरिकी राष्ट्रपति कहेंगे। ट्रंप ने भारत से आयात पर 25 प्रतिशत का शुल्क (टैरिफ) लगाने की घोषणा करने के कुछ घंटों बाद एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि भारत और रूस अपनी "बर्बाद अर्थव्यवस्थाओं" को एक साथ गर्त में ले जा सकते हैं और उन्हें इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। अमेरिकी राष्ट्रपति की इस टिप्पणी के बारे में पूछे जाने पर राहुल गांधी ने संसद परिसर में संवाददाताओं से कहा, "वह सही हैं। प्रधानमंत्री और वित्त मंत्री के सिवाय हर कोई जानता है कि भारत की अर्थव्यवस्था 'बर्बाद अर्थव्यवस्था' है। मुझे खुशी है कि राष्ट्रपति ट्रंप ने तथ्य सामने रखा है।

## जनता ने इतना बड़ा अवसर दिया है, नारेबाजी और तख्तियों से मत गंवाओ : ओम बिरला



**नई दिल्ली।** संसद के मानसून सत्र की शुरुआत से ही बिहार में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के मुद्दे पर लोकसभा में हंगामा कर रहे विपक्षी दलों के सदस्यों को नसीहत देते हुए लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने शुक्रवार को कहा कि जनता ने आपको इतना बड़ा अवसर दिया है, इसे नारेबाजी करके और तख्तियां दिखाकर मत गंवाइए।मानसून सत्र की शुरुआत 21 जुलाई को हुई थी और आज सदन की कार्यवाही का 10वां दिन है। सदन में इस दौरान केवल दो दिन, मंगलवार और बुधवार को प्रश्नकाल निर्बाध तरीके से पूरा चला। सदन में ऑपरेशन सिंदूर पर विशेष चर्चा और मणिपुर में राष्ट्रपति शासन बढ़ाने संबंधी सांविधिक संकल्प को मंजूरी के अलावा अन्य कोई महत्वपूर्ण विधायी कामकाज नहीं हो सका। शुक्रवार को भी कार्यवाही शुरू होते ही विपक्षी सांसद एसआईआर के मुद्दे पर नारेबाजी करने लगे। वे सदन में इस विषय पर चर्चा की मांग कर रहे हैं। उनके हंगामे के कारण बैठक कुछ ही मिनट में दोपहर दो बजे तक स्थगित कर दी गई और प्रश्नकाल नहीं चल सका। बैठक स्थगित करने की घोषणा से पहले अध्यक्ष बिरला ने नारेबाजी कर रहे सदस्यों से आग्रह किया, ''सदन की गरिमा को बनाकर रखिए।

## नोएडा में ऑपरेशन तलाश शुरू फर्जी सिम कार्ड और साइबर अपराधों पर लगेगी लगाम

**नोएडा।** गौतमबुद्धनगर पुलिस कमिश्नरेट द्वारा साइबर और आर्थिक अपराधों की रोकथाम के उद्देश्य से "ऑपरेशन तलाश" नामक एक विशेष अभियान की शुरुआत की गई है। यह अभियान 25 अगस्त तक चलेगा। पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह के निर्देशन तथा अपर पुलिस आयुक्त (कानून एवं व्यवस्था) डॉ. राजीव नारायण मिश्र के पर्यवेक्षण में यह अभियान जिले भर में सघन रूप से संचालित किया जा रहा है। इस विशेष ऑपरेशन का मुख्य उद्देश्य फर्जी व प्री-एक्टिवेटेड सिम कार्डों के जरिये होने वाले अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाना है। सिम कार्ड वितरकों, विक्रेताओं, दुकानों और ग्राहकों के प्वाइंट ऑफ सेल का व्यापक भौतिक सत्यापन कर ऐसे तत्वों की पहचान की जा रही है जो फर्जीवाड़े और अवैध गतिविधियों में लिप्त हैं। पुलिस द्वारा इस दौरान भारत सरकार और दूरसंचार विभाग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का सख्ती से पालन कराया जा रहा है, जिनमें ई-केवाईसी की अनिवार्यता, एक व्यक्ति के लिए सीमित सिम कार्ड, सिम ट्रांसफर प्रक्रिया और पुराने सिम कार्डों का दोबारा सत्यापन प्रमुख हैं। गौतमबुद्धनगर पुलिस ने स्पष्ट किया है कि यदि किसी दुकान, विक्रेता या व्यक्ति को अनधिकृत रूप से कार्यरत या फर्जी गतिविधियों में संलिप्त पाया जाता है, तो उसके विरुद्ध विभिन्न धाराओं में कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## आज का राशिफल

**मेष :** आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहने वाला है। आज आपको बिजनेस में बढ़िया धन लाभ होगा, सुख - सुविधा में बढ़ोतरी होगी। आज आप परिवार के साथ धार्मिक कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे, जिससे आपके मन को शांति मिलेगी। आज आपको किसी काम को पूरा करने में भाई-बहनों का सहयोग मिलेगा।

**वृष :** आज का दिन आपके लिये ठीक - ठाक रहेगा। आज आप अपने व्यवसाय में कुछ परिवर्तन कर सकते हैं, जिससे आपको बड़ा लाभ होगा। आज आप परिवार के साथ बैठकर जरूरी विषय पर चर्चा करेंगे। किसी एंट्रेस एग्जाम की तैयारी करने वाले छात्र आज अपने सीनियर से मदद ले सकते हैं।

**मिथुन :** आज आपका दिन उत्तम रहेगा। आज आपका काम के प्रति डेडिकेशन होने से आप जल्द ही सफलता की ओर अग्रसर होंगे। आज किसी अनुभवी व्यक्ति का सानिध्य मिलेगा, जिससे आप अच्छा महसूस करेंगे। आज आपके किसी महत्वपूर्ण कार्य का पूरा होना संभव है।

**कर्क :** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आपको किसी मामले में अपनी समझ से काम करना होगा, तभी काम का अच्छा परिणाम मिलेगा। आज बड़ों का आशीर्वाद मिलेगा, जिससे पूरा दिन आपको अच्छे परिणाम प्राप्त होंगे। आज आपका मान-सम्मान बढ़ेगा और आपके दाम्पत्य जीवन में खुशियां आएंगी।

**सिंह :** आज आप में एक नई उमंग और खुशी रहेगी। आज आप जो भी काम करेंगे वह पूरे मन से करेंगे, जिसके आपको बेहतर परिणाम मिलेंगे। आज आपको मानसिक उलझन से राहत मिलेगी, जिससे आपका मन प्रसन्न रहेगा। आज आपका सामाजिक दायरा और सम्मान दोनों बढ़ेंगे।

**कन्या :** आज का दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज आपको रोजगार में नए अवसर प्राप्त होंगे, जिनका लाभ उठाकर आप जीवन में आगे बढेंगे। आज समाज सेवा से जुड़े व्यक्तियों का समाज में प्रभाव बढ़ेगा और सहयोग मिलेगा। आज के दिन आप अपनी वाणी पर संयम बना के रखें और व्यर्थ के मामलों से दूर रहें।

**तुला :** आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहेगा। आज आप नयी जमीन से संबंधित लेन-देन करने जा रहे हैं तो पहले उसकी अच्छे से जांच-पड़ताल जरूर कर लें। आज का दिन सुखद बीतेगा, आप परिवार के साथ धार्मिक यात्रा पर जा सकते हैं। आज आपके द्वारा लिए गए निर्णय सकारात्मक और फायदेमंद रहेंगे।

**वृश्चिक :** आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। युवाओं को आज अपने अध्ययन और करियर में एकाग्रता रखने से उचित परिणाम मिलेंगे। आज आप बच्चों की समस्याओं का समाधान निकालने के लिए कुछ समय उनके साथ जरूर बिताये। आज आप पेपर वर्क करते समय पहले अच्छी तरह जांच-पड़ताल कर लें।

**धनु :** आज का दिन आपके लिए मिला - जुला रहेगा। आज प्राइवेट नौकरी में कार्यरत व्यक्तियों की आय में वृद्धि होगी और बॉस आपके काम की तारीफ करेंगे। आज आपको प्रॉपर्टी से जुड़ी समस्या का समाधान मिलेगा, जिससे आपको संतुष्टि मिलेगी। आज जीवनसाथी के साथ रिश्ते में ताल - मेल बना रहेगा।

**मकर :** आज का दिन आपके लिए ठीक – ठाक रहेगा। आज आपके व्यवहार में विनम्रता बनी रहेगी, जिससे कर्मचारी आपसे प्रसन्न होंगे। आज आपको नौकरी में ट्रान्सफर से जुड़ी खबर मिल सकती है। आज आप महत्वपूर्ण निर्णय लेते समय किसी अनुभवी व्यक्ति की सलाह ले सकते हैं।

**कुंभ :** प आज आपका दिन कार्यक्षेत्र में तरक्की दिलाने वाला रहेगा। आज आप अपने व्यापार में विस्तार को लेकर चर्चा कर सकते हैं। आज आप कुछ समय प्रैक्टिकल और प्रभावशाली व्यक्तियों के साथ व्यतीत करे , जिससे आपके स्वभाव में भी पॉजिटिव परिवर्तन देखने को मिलेगा।

**मीन :** अ आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। आज आप किसी नए काम की शुरुआत को लेकर जीवनसाथी से बातचीत कर सकते हैं। आज आप कुछ समय एकांत या फिर आध्यात्मिक स्थल पर व्यतीत करें, जिससे आपके मन को शांति मिले। आज टूर एंड ट्रेवल्स के बिजनेस में सुधार आएगा।

**राज्यसभा में वेल में सीआईएसएफ तैनाती पर विपक्ष का विरोध**

## खड़गे ने डिप्टी चेयरमैन को पत्र लिख जताई हैरानी सरकार का भी आया बयान

**एजेंसी । नई दिल्ली**



राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने शुक्रवार को सदन के वेल में सुरक्षाकर्मियों की मौजूदगी पर कड़ी आपत्ति जताई और आरोप लगाया कि विपक्षी सांसदों को मुद्दे उठाने से रोका जा रहा है। इसको लेकर मल्लिकार्जुन खड़गे ने सदन के उपसभापति को पत्र लिखकर विपक्ष के विरोध प्रदर्शन के दौरान सदन के अंदर सीआईएसएफ कर्मियों की मौजूदगी पर चिंता जताई है। सभी विपक्षी दलों की ओर से लिखते हुए, खड़गे ने कहा, "हम इस बात से हैरान और स्तब्ध हैं कि जिस तरह से सीआईएसएफ कर्मियों को सदन के वेल में दौड़ाया जा रहा है, जबकि सदस्य विरोध के अपने लोकतांत्रिक अधिकार का प्रयोग कर रहे हैं।" खड़गे ने आगे कहा कि हमने इसे कल और आज भी देखा। क्या हमारी संसद इस स्तर तक गिर गई है? यह बेहद आपत्तिजनक है और हम इसकी स्पष्ट रूप से निंदा करते हैं। खड़गे ने आगे मांग की कि उपसभापति यह सुनिश्चित करें कि जब भी सदस्य जनहित के मुद्दे उठाएँ, सीआईएसएफ कर्मी सदन के वेल में न आएँ। वहीं, कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा कि राज्यसभा के सभापति के अचानक और अभूतपूर्व इस्तीफे के बाद, अब हम राज्य सभा के सदन पर सीआईएसएफ के जवानों का कब्ज़ा देख रहे हैं। राज्यसभा में विपक्ष के नेता ने इस चौंकाने वाले घटनाक्रम पर राज्यसभा के उपसभापति को पत्र लिखा है। वहीं, केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि संसद सदस्यों की मांग थी कि सुरक्षा बढ़ाई जाए, इसलिए सीआईएसएफ को तैनात किया गया। सदन के अंदर, सदस्यों ने कभी-कभी सत्ता पक्ष की मेज के ऊपर और वेल के पास शारीरिक रूप से खड़े होकर प्रदर्शन किया। उन्हें ऐसा करने से रोकने के लिए सुरक्षा तैनात की गई है। किसी भी सांसद को बोलने से नहीं रोका जाएगा। सदन के अंदर मार्शल और सुरक्षाकर्मी तब तक कोई कार्रवाई नहीं करेंगे जब तक सांसद कोई दुर्भावनापूर्ण कार्य नहीं करते।

## बिहार सरकार का बड़ा फैसला: शिक्षा विभाग के रसोइयों और स्कूल गार्ड की सैलरी दोगुनी

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शुक्रवार को एक और बड़ा ऐलान किया। दावा किया कि राज्य की शिक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने के लिए बड़ा फैसला लिया गया है। इस फैसले के तहत शिक्षा विभाग के अंतर्गत मध्याह्न भोजन में कार्यरत रसोइयों के मानदेय में दोगुनी वृद्धि करते हुए 1650 रूपए से 3300 रूपए करने का निर्णय लिया गया है। सीएम नीतीश ने एक्स पोस्ट में कहा, "नवंबर 2005 में सरकार बनने के बाद से ही हमलोग शिक्षा व्यवस्था में सुधार के लिए लगातार काम कर रहे हैं। वर्ष 2005 में शिक्षा का कुल बजट 4,366 करोड़ रुपए था जो अब बढ़कर 7,7690 करोड़ रुपए हो गया है। बड़ी संख्या में शिक्षकों की नियुक्ति, नए विद्यालय भवनों के निर्माण एवं आधारभूत संरचनाओं के विकास से शिक्षा व्यवस्था में व्यापक सुधार हुआ है।

**मुख्यमंत्री ने शुरू की 'दिल्ली को कूड़े से आजादी' अभियान**

## हाथ में ली झाड़ू और कर डाला सरकारी दफ्तर को साफ

**एजेंसी । नई दिल्ली**



दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने आज 'दिल्ली को कूड़े से आज़ादी' अभियान की शुरुआत करते हुए, दिल्ली के आईएसबीटी कश्मीरी गेट स्थित महिला एवं बाल विकास (डब्ल्यूसीडी) कार्यालय में स्वच्छता अभियान में हिस्सा लिया और कचरे के ढेर साफ़ किए। पत्रकारों से बात करते हुए, दिल्ली की मुख्यमंत्री ने दिल्ली में व्यवस्था सुधारने का दावा करने, लेकिन ऐसा न करने पर पिछली आप सरकार की आलोचना की। उन्होंने कहा कि मुझे इतना दर्द हो रहा है कि मैं आपको बता नहीं सकती। ये वो कार्यालय हैं जो दिल्ली की व्यवस्था सुधारने का दावा करते हैं। पिछली सरकारों की हालत देखते हुए, इन परिस्थितियों में, हमारे अधिकारी किसी का भला कैसे कर सकते हैं... पानी टपक रहा है।

रेखा गुप्ता ने आगे कहा कि इस इमारत में 2021 में आग लग गई, जबकि इस इमारत की न तो मरम्मत हुई थी और न ही इसकी सफाई। क्या इन अधिकारियों को यहाँ अपनी जान गँवाने के लिए रखा गया है? महिला एवं बाल विकास विभाग कार्यालय का अपना पहला दौरा बताते हुए उन्होंने कहा, "मैं पहली बार यहाँ आई हूँ, लेकिन ऐसी महत्वपूर्ण समितियों/विभागों की दयनीय स्थिति देखकर बहुत दुःख हुआ, जहाँ कागज़ात रखने के लिए न अलमारी है, न कुर्सी, और पता नहीं कब पंखा ऊपर से गिर जाए। सफ़ाई के आदेश एक ऐसी चीज़ है जो हम कर सकते हैं। अगर सब लोग इसमें शामिल हों तो ये पूरे हो जाएँगे। हालाँकि, अपने अधिकारियों को ऐसी ख़राब परिस्थितियों में काम करते देखना मेरे लिए वाकई बहुत दुखद है।"

**राजनिति विज्ञापन** मद्रास हाईकोर्ट ने तमिलनाडु सरकार को दिया निर्देष

# किसी नेता के नाम से न चलाई जाएं सरकारी योजनाएं

- **अदालत ने पार्टी प्रतीकों/झंडों के इस्तेमाल पर भी अस्थायी रोक लगाई**

**एजेंसी । मद्रास**

मद्रास उच्च न्यायालय ने एक अंतरिम निर्देश जारी कर तमिलनाडु सरकार को कल्याणकारी योजनाओं से संबंधित विज्ञापनों में किसी भी जीवित राजनीतिक व्यक्तित्व, पूर्व मुख्यमंत्रियों, वैचारिक नेताओं या पार्टी प्रतीकों का नाम या तस्वीर शामिल करने पर रोक लगा दी है। मुख्य न्यायाधीश एम.एम. श्रीवास्तव और न्यायमूर्ति सुंदर मोहन की प्रथम पीठ ने गुरुवार को अन्नाद्रमुक सांसद सीवी षणमुगम और अधिवक्ता इनियान द्वारा दायर एक याचिका पर अंतरिम आदेश पारित किया। याचिका में कल्याणकारी योजनाओं की राजनीतिक रंगत के साथ पुनः ब्रांडिंग को चुनौती दी गई है और सरकारी प्रचार में राजनीतिक तटस्थता सुनिश्चित करने की मांग की गई है। अदालत ने कहा कि इसलिए, हम इस आशय का अंतरिम आदेश पारित करने के लिए इच्छुक हैं कि विभिन्न विज्ञापनों के माध्यम से सरकारी कल्याणकारी योजनाओं को शुरू करने और संचालित करने के दौरान किसी भी जीवित व्यक्तित्व का नाम, किसी भी पूर्व मुख्यमंत्री/वैचारिक नेता की तस्वीर या प्रतिवादी संख्या 4 का पार्टी चिन्ह/प्रतीक/झंडा शामिल नहीं किया जाएगा। शनमुगम की याचिका में अदालत से राज्य को किसी भी कल्याणकारी योजना का नाम किसी जीवित व्यक्ति के नाम पर रखने से रोकने का अनुरोध किया गया था खासकर 19 जून, 2025 के जी.ओ. (एमएस) संख्या 390 के तहत शुरू की गई योजनाओं के संबंध में मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन के नाम के इस्तेमाल पर निशाना साधा गया था। याचिकाकर्ता ने भारत के चुनाव आयोग (ईसीआई) और सरकारी विज्ञापन में सामग्री विनियमन समिति से चुनाव चिह्न (आरक्षण और आवंटन) आदेश, 1968 के पैराग्राफ 16ए के तहत कार्रवाई करने का भी आग्रह किया था।




### कल्याण योजनाओं में राजनीतिक प्रतीकों पर अदालत की रोक

अंतरिम आदेश जारी करते हुए, न्यायालय ने स्पष्ट किया कि वह किसी भी कल्याणकारी योजना के शुभारंभ, कार्यान्वयन या संचालन पर रोक नहीं लगा रहा है। हालाँकि, उसने यह भी माना कि जीवित राजनीतिक हस्तियों के नाम पर योजनाओं का नामकरण करना या पार्टी के चिन्ह, झंडे या प्रतीक चिन्ह का उपयोग करना सर्वोच्च न्यायालय के स्थापित निर्देशों और चुनाव आयोग के दिशानिर्देशों का उल्लंघन है। पीठ ने कहा कि हालाँकि कर्नाटक बनाम कॉमन कॉज मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने विज्ञापनों में किसी मौजूदा मुख्यमंत्री की तस्वीर की अनुमति दी थी।

## गाजा में राहत सामग्री पहुंची वितरण में अब भी मुश्किलें: यूएन

**संयुक्त राष्ट्र (आईएएनएस)।** संयुक्त राष्ट्र के मानवाधिकार कार्यकर्ताओं ने कहा है कि गाजा में भुखमरी की स्थिति बिगड़ने के साथ ही सहायता सामग्री के त्वरित वितरण के प्रयासों में देरी हो रही है। इसका कारण लूटपाट और सैन्य अभियानों की वजह से होनी वाली बाधा बताया गया है। वो भी तब जब सहायता सामग्री का इजरायली चौकियों से प्रवेश जारी है। समाचार एजेंसी सिन्हुआ ने संयुक्त राष्ट्र मानवीय मामलों के समन्वय कार्यालय (ओसीएचए) के हवाले से कहा कि इस सप्ताह की शुरुआत में, इजरायली सेना द्वारा सीमा पार से गाजा में प्रवेश और वितरण स्थलों तक सुरक्षित मार्ग निर्धारित करने के बावजूद, संयुक्त राष्ट्र और उसके सहयोगियों की ओर से संचालित सहायता ट्रकों को काफी इंतजार करना पड़ रहा है, जिससे ड्राइवरों और मानवाधिकार कार्यकर्ताओं के लिए खतरा उत्पन्न हो रहा है।

## सितंबर 2023 तक 12 लाख अफगान पाकिस्तान से लौटे

**काबुल (आईएएनएस)।** संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी उच्चायुक्त (यूएनएचसीआर) की रिपोर्ट के अनुसार, सितंबर 2023 से अब तक करीब 12 लाख अफगान नागरिक पाकिस्तान से लौट चुके हैं। रिपोर्ट में यूएनएचसीआर ने कहा कि वापस लौटे कई अफगान नागरिक गंभीर परिस्थितियों का सामना कर रहे हैं और बिगड़ते मानवीय संकट को रोकने के लिए तत्काल सहायता की मांग की गई है। अब तक लौटे हुए करीब 1.56 लाख लोगों को ही मानवीय सहायता मिल पाई है, जिनमें 98,000 ऐसे लोग हैं जिनके पास पाकिस्तान में पंजीकृत शरणार्थी कार्ड थे। रिपोर्ट के अनुसार, इन सहायता प्राप्त करने वालों में लगभग आधे महिलाएं और लड़कियां हैं। सिर्फ 2025 में ही अब तक 3.15 लाख से अधिक अफगान नागरिक वापस लौटे हैं।

# उपराष्ट्रपति पद के लिए 9 सितंबर को होगा चुनाव

### 7 अगस्त को नोटिफिकेशन और 21 अगस्त तक होगा नामांकन

ब्यूरो

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने उपराष्ट्रपति के चुनाव की तारीखों की घोषणा कर दी है। चुनाव आयोग के मुताबिक, 21 अगस्त तक उपराष्ट्रपति के पद के लिए नामांकन दाखिल किए जा सकेंगे जबकि 9 सितंबर को वोट डाले जाएंगे। मालूम हो कि जगदीप धनखड़ के अचानक इस्तीफा देने की वजह से उपराष्ट्रपति का पद खाली हो गया है और अब इसे लेकर फिर से चुनाव कराया जाना जरूरी है।

धनखड़ भारत के 14वें उपराष्ट्रपति रहे और उनका कार्यकाल 10 अगस्त 2027 को समाप्त होना था। 2022 में हुए उपराष्ट्रपति चुनाव में उन्होंने एनडीए के उम्मीदवार के तौर पर जीत हासिल की थी और विपक्ष की उम्मीदवार मार्गरेट अल्वा को हराया था।उपराष्ट्रपति के कार्यालय की वेबसाइट से मिली जानकारी के मुताबिक, उपराष्ट्रपति का चुनाव निर्वाचक मंडल द्वारा किया जाता है। यह चुनाव सिंगल ट्रांसफरेबल वोट के मार्फत प्रोपोर्शनल रिप्रेजेन्टेशन के माध्यम से होता है।

### उपराष्ट्रपति बनने के लिए क्या योग्यता होनी चाहिए?

1. वह भारत का नागरिक होना चाहिए।
2. उसकी आयु कम से कम 35 वर्ष होनी चाहिए।
3. वह राज्यसभा का सदस्य चुने जाने के योग्य होना चाहिए।

### लाभ के पद पर बैठे व्यक्ति को नहीं मिल सकता उपराष्ट्रपति बनने का मौका!

यदि कोई व्यक्ति केंद्र या राज्य सरकार या किसी स्थानीय प्राधिकरण में लाभ के किसी पद पर हो तो वह उपराष्ट्रपति पद पर नहीं चुना जा सकता। संख्या बल के लिहाज से उपराष्ट्रपति के चुनाव में भाजपा व उसके सहयोगी दलों के पास विपक्ष से काफी ज्यादा सांसद हैं। अभी यह भी तय नहीं है कि विपक्ष उपराष्ट्रपति के चुनाव में उतरेगा या नहीं हालांकि उसने 2017 व 2022 के चुनाव में पूरी मजबूती के साथ चुनाव लड़ा था। उपराष्ट्रपति के निर्वाचक मंडल में केवल लोकसभा व राज्यसभा के सांसद होते हैं। भाजपा के लोकसभा में 240 व राज्यसभा में 99 सदस्य हैं। संसद के दोनों सदनों में अपने सहयोगियों के साथ मिलकर सरकार के पास 457 से ज़्यादा सदस्य हैं। कांग्रेस के लोकसभा में 99 व राज्यसभा में 27 सदस्य हैं। इंडिया ब्लॉक व इससे जुड़ी पार्टियों के दोनों सदनों में मिलाकर 300 से ज्यादा सदस्य हैं।



## बांग्लादेश में सरकार के खिलाफ धरना प्रदर्शन जारी, 'जुलाई चार्टर' की मांग

**ढाका।** बांग्लादेश की राजधानी ढाका के शाहबाग इलाके में शुक्रवार को भी धरना प्रदर्शन जारी रहा, जिससे यातायात बुरी तरह बाधित हुआ और आम जनता को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। स्थानीय मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, यह धरना गुरुवार सुबह से शुरू हुआ था और प्रदर्शनकारी लगातार "जुलाई लेकर टालमटोल नहीं चलेगा" और "जुलाई चार्टर देना होगा" जैसे नारे लगा रहे हैं। प्रदर्शनकारियों की मांग है कि 'जुलाई चार्टर' को तुरंत लागू किया जाए। एक प्रदर्शनकारी ने कहा, "जब तक हमारी मांगें पूरी नहीं होतीं, हम सड़कों से नहीं हटेंगे। शाहबाग चौराहे पर सैकड़ों प्रदर्शनकारियों के जमा होने के कारण यातायात पूरी तरह ठप हो गया। एक स्थानीय यात्री ने बताया, "मैं सुबह आधिकारिक काम से जत्राबाड़ी गया था। फिर सोशल मीडिया से शाहबाग ब्लॉकेड की जानकारी मिली, तो मैं बस से बासाबो, कमलापुर और मालिबाग के रास्ते जाने लगा, लेकिन सड़कों पर हर जगह जाम था। करवान बाजार पहुंचने में ढाई घंटे लग गए, जो सामान्यतः सवा घंटे का सफर होता है।

## 'राज्यसभा वेल में सीआईएसएफ जवानों का आना बेहद आपत्तिजनक'

### नेता विपक्ष खड़गे ने उपसभापति हरिवंश को लिखा पत्र

ब्यूरो

**नई दिल्ली।** वरिष्ठ कांग्रेस सांसद व राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने उपसभापति हरिवंश को पत्र लिखा है। जिसमें उन्होंने सदन के वेल में सीआईएसएफ जवानों के आने की घटना को 'बेहद आपत्तिजनक' बताया है और कहा है कि संसद में ऐसी घटना हैरान करने वाली है। खड़गे ने उपसभापति को लिखे पत्र में कहा, भविष्य में, जब राज्यसभा सदस्य जनहित के महत्वपूर्ण मुद्दे उठा रहे होंगे, तो सीआईएसएफ कर्मी सदन के वेल में नहीं आएंगे, उन्हें ऐसी उम्मीद है।' मालूम हो कि संसदीय नियमावली के तहत सदन की कार्यवाही चलते समय सदन के वेल में सांसदों का आना प्रतिबंधित होता है। इसे सदन में अव्यवस्था के साथ-साथ सभापति के आसन पर दबाव बनाने के प्रयास की तरह देखा जाता है। सदन के वेल में घुसने को लेकर सभापति सांसदों को आगाह करते हैं। पीठासीन सभापति के निर्देशों और अपील का उल्लंघन करने पर सांसदों को निलंबित भी किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि जिस समय राज्यसभा सदस्य जब अपने लोकतांत्रिक अधिकार का प्रयोग कर रहे हैं... उस समय सुरक्षाकर्मियों का सदन के वेल में आना बेहद आपत्तिजनक है और वे इसकी कड़ी निंदा करते हैं। खरगे ने लिखा, 'हम उम्मीद करते हैं कि भविष्य में, जब सदस्य जनहित के महत्वपूर्ण मुद्दे उठा रहे होंगे, तो सीआईएसएफ कर्मी सदन के वेल में नहीं आएंगे।' मालूम हो कि संसद की कार्यवाही संचालन के समय सभापति के आसन के ठीक सामने राज्यसभा महासचिव बैठते हैं। उनके अलावा सदन की कार्यवाही चलाने में मदद करने वाले कई अन्य पदाधिकारी भी होते हैं। सांसदों के बैठने की जगह और सभापति के आसन के बीच अर्धचंद्राकार या यू शेप वाले हिस्से को सदन का वेल कहा जाता है। इस जगह पर बिना अनुमति के आना नियमों का उल्लंघन और अनुशासनहीनता की श्रेणी में आता है।




### टैरिफ पर भारत का जवाब

## अमेरिकी एफ-35 खरीदने से इनकार के बाद पीएम मोदी का अगला कदम क्या?

एजेंसी । नई दिल्ली

भारत ने अमेरिका को उसी की भाषा में जवाब दे दिया है। एक ऐसा जवाब जो सिर्फ कूटनीतिक ही नहीं रणनीतिक भी है। एक ऐसा झटका जिससे वाशिंगटन की इंडो पैसेफिक रणनीति की जड़े हिल गई। अब भारत ने एफ 35 स्टील्थ फाइटर जेट की डील को आधिकारिक तौर पर ठुकरा दिया है। ब्लूमबर्ग ने इसका दावा भी किया है। ये वही डील थी जो अमेरिका की तरफ से कई सालों से भारत को लुभाने के लिए इस्तेमाल की जा रही थी। भारत ने साफ कर दिया कि हम अपनी सुरक्षा अमेरिका की मर्जी से तय नहीं करेंगे। ट्रंप सरकार की टैरिफ फाइट के बीच अब दिल्ली वाशिंगटन डिप्लोमेसी में नई टकराहट सामने आई है। 31 जुलाई को डोनाल्ड ट्रंप ने भारत के लिए 25 प्रतिशत तक के टैरिफ की घोषणा कर दी। ट्रंप प्रशासन के इस फैसले से भारत हैरान रह गया। फिलहाल भारत तुरंत किसी जवाबी कार्यवाही के मूड में तो नहीं है। लेकिन अमेरिकी दवाब से निपटने के लिए भारतीय अथॉरिटी ने कुछ विकल्पों पर गौर करना शुरू कर दिया है। इसमें एनर्जी यानी ऊर्जा और कम्युनिकेशन से जुड़े सेक्टर्स में इंपोर्ट बढ़ाने का प्लान शामिल है। लेकिन डिफेंस की खरीद नहीं है। रिपोर्ट्स के मुताबिक ट्रंप ने जैसे ही 25 प्रतिशत की टैरिफ के साथ पैनल्टी लगाने का ऐलान किया तो नई दिल्ली के पॉलिसी मेकर्स को बड़ा झटका लगा था। लेकिन फिर भी आनन फानन में कोई भी कदम उठाने से अथॉरिटी ने खुद को रोके रखा।



**व्यापार वार्ता में रक्षा सौदे पर कोई चर्चा नहीं :** हालांकि भारत सरकार ने तत्काल जवाबी कार्रवाई से इनकार किया है, वह अमेरिका के साथ अपने व्यापार अधिशेष को कम करने के उपायों पर सक्रिय रूप से विचार कर रही है। जिन विकल्पों पर विचार किया जा रहा है उनमें अमेरिकी प्राकृतिक गैस, सोना और संचार उपकरणों का आयात बढ़ाना शामिल है।

## संस्कृत को बातचीत का माध्यम बनाने की जरूरत : मोहन भागवत

ब्यूरो



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत ने कालीदास संस्कृत विश्वविद्यालय , नागपुर में एक भवन के उद्घाटन समारोह में कहा कि संस्कृत सभी भारतीय भाषाओं की जननी है और इसे संचार का माध्यम बनाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि संस्कृत को समझने और उसमें संवाद करने की क्षमता रखने में अंतर होता है।यह भी कहा कि संस्कृत विश्वविद्यालय को सरकारी संरक्षण मिलेगा, लेकिन जनता का संरक्षण मिलना भी जरूरी है। संघ प्रमुख ने कहा, 'मैंने यह भाषा सीखी है, लेकिन मैं इसे धाराप्रवाह नहीं बोल पाता हूं। संस्कृत को हर घर तक पहुंचाने की जरूरत है और इस भाषा में संवाद जरूरी है।' भागवत ने कहा कि 'आत्मनिर्भर' बनने की आवश्यकता पर सभी एकमत हैं, जिसके लिए हमें अपनी बुद्धि व ज्ञान का विकास करना होगा। उन्होंने कहा, 'भाषा एक भाव है। स्वत्व कोई भौतिक चीज नहीं, बल्कि व्यक्तिगत है और यह भाषा के माध्यम से अभिव्यक्त होती है। संस्कृत सभी भारतीय भाषाओं की उत्पत्ति का स्रोत है।' संस्कृत को जानना, देश को समझने के समान है।उन्होंने विश्वविद्यालय में अभिनव भारती अंतरराष्ट्रीय अकादमिक भवन का उद्घाटन किया।

## दिल के रोग, स्ट्रोक, मोटापा व मधुमेह होने में तनाव की है प्रमुख भूमिका

### नजरअंदाज करने से बिगड़ सकता है मानसिक स्वास्थ्य

ब्यूरो

**नई दिल्ली।** तनाव हमारी जिंदगी का हिस्सा बन गया है। इन दिनों हालत यह हो गई है कि जीवन के संघर्ष में , जीने के लिए लोग घर से लेकर कार्यालय तक हर ठिकाने पर तनाव में चल रहे हैं। जैसे कि तनाव उनकी परछाई की तरह साथ-साथ चल रहा है।ऐसे में यह जानना ज़रूरी है कि तनाव के लक्षण आपके शरीर, विचारों-भावनाओं व व्यवहार को प्रभावित कर सकते हैं।तनाव एक सामान्य मानसिक व शारीरिक प्रतिक्रिया है जो तब होती है जब व्यक्ति पर कोई दबाव या चुनौती होती है। कभी-कभी तनाव होना परेशानी का सबब नहीं है, लेकिन हमेशा तनाव होना और ये परेशानी लम्बे समय तक बनी रहना आपकी शारीरिक व मानसिक सेहत को बिगाड़ सकती है। तनाव को लम्बे समय तक कंट्रोल नहीं किया जाए तो ये परेशानी गंभीर क्रॉनिक बीमारियों का कारण बन सकती है। लम्बे समय तक तनाव में रहने से हाई ब्लड प्रेशर, दिल के रोग, स्ट्रोक, मोटापा व डायबिटीज का खतरा बढ़ सकता है। ये सभी क्रॉनिक बीमारियां होने में तनाव की मुख्य भूमिका होती है।

चिकित्सकों के अनुसार शरीर में तनाव बढ़ने पर जो लक्षण दिखते हैं इसमें सिर दर्द,नींद में परेशानी, अच्छा महसूस नहीं करना, काम में ध्यान नहीं लगाना जैसे लक्षण महसूस करते हैं, लेकिन आप जानते हैं कि तनाव बढ़ने पर आपका व्यवहार भी बदल जाता है। तनाव के लक्षण आपके शरीर, विचारों-भावनाओं व व्यवहार को प्रभावित कर सकते हैं। इन लक्षणों को पहचान कर आप तनाव को बेहतर तरीके से मैनेज कर सकते हैं। तनाव के कौन से लक्षण शरीर में दिखते हैं जिन्हें पहचानना जरूरी है।

1. **घबराहट :** आप तनाव में हैं तो आप हमेशा घबराहट में रहेंगे। तनाव में इंसान हर काम जल्दी-जल्दी करेगा। जब आप तनाव में रहते हैं तब हमेशा बेचैनी या घबराहट बनी रहती है। छोटी-छोटी बातों पर बेचैन होना, जल्दी-जल्दी काम करना और खुद को शांत न रख पाना तनाव के लक्षण हैं। तनाव में रहने से धड़कन तेज हो जाती है, सांस तेज चलता है, ध्यान केंद्रित करना मुश्किल होता है।

2. **तुरंत गुस्सा आना :** किसी भी बात पर तुरंत रिएक्ट करते हैं तो आप तनाव में हैं। यदि आप छोटी छोटी बात पर बड़ा रिएक्ट करते है और एग्रेसिव हो जाते हैं तो आप तनाव में हैं। जब आप तनाव में होते हैं तो हर छोटी बात पर आपको गुस्सा आ जाता है। ऐसी परिस्थितियों में आपकी सोच स्पष्ट नहीं रहती और निर्णय-शक्ति प्रभावित होती है। ये संकेत दर्शाते हैं कि आपकी बॉडी की फाइट ऑफ फ़्लाइट प्रतिक्रिया सक्रिय है, जिसे कंट्रोल करना जरूरी है।

3. **हर छोटी बात बुरा लगना :** यदि आपको किसी की भी छोटी सी भी बात बुरी लगती है तो समझ जाएं कि आप तनाव में है। ऐसे लोग तुरंत रिएक्ट करते हैं। ऐसी स्थिति में तनावग्रस्त इंसान या तो रोएगा या फिर गुस्सा करेगा।




एआई जेनरेटेड

### गलत परिणाम आने का डर होना

यदि आप भी कोई काम करते हैं और उसके पॉजिटिव परिणाम के बजाय उसके निगेटिव परिणाम दिमाग में ज्यादा दौड़ते हैं तो आप तनाव में हैं। तनाव में इंसान आज में नहीं बल्कि कल क्या होगा, यदि बुरा हुआ तो क्या होगा, इस तरह की सोच दिमाग में चलती रहती है। ये सभी लक्षण लम्बे समय तक बने रहें, तो आपकी शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य को बिगाड़ सकते हैं।


# मेरे खिलाफ दी गई थी सुपारी : मंत्री एके शर्मा


- योगी ने विभाग के अधिकारियों को लगाई थी फटकार
- आगरा में बिजली वितरण का काम टोरेंट को

संवाददाता

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के ऊर्जा मंत्री अरविंद कुमार शर्मा बीते कुछ दिनों से बिजली कटौती से लेकर लापरवाह अधिकारियों से बातचीत की कॉल रिकॉर्डिंग को लेकर चर्चा में हैं। अब अरविंद कुमार शर्मा खुद को शक्तिहीन महसूस कर रहे हैं। उन्होंने दो महीने पहले अधिकारियों पर अनदेखी किए जाने का आरोप लगाया था। वे लगातार ये आरोप लगा रहे थे और इन विवादों के बीच ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पिछले हफ्ते विभाग के अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली थी। योगी आदित्यनाथ ने बिजली विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक में बिजली कटौती को लेकर अधिकारियों को फटकार लगाई थी। उन्होंने कहा था कि वे विभाग में कमियों को दुरुस्त करके प्रदेश में बिजली आपूर्ति को सहज बनाएं। इन सबके बीच ही अब अरविंद कुमार शर्मा ने अपने एक्स हैंडल से एक पोस्ट किया है और अपनी जान को खतरा बताया है।राज्य में भाजपा के मंत्रियों-विधायकों व अधिकारियों के बीच टकराव की खबरें लगातार सामने आ रही हैं। हालांकि, एके शर्मा व उनके अधिकारियों के बीच टकराव चौंकाने वाला है, क्योंकि उनके विभाग का कर्मचारी संघ उन्हें ऊर्जा मंत्री के पद से हटाने की मांग कर रहा है।मालूम हो कि 1998 बैच के गुजरात कैडर के आईएएस अधिकारी एके शर्मा ( उप्र के मऊ जिले के हैं )को नरेंद्र मोदी के सबसे विश्वासी नौकरशाहों में से एक माना जाता है। एके शर्मा नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद संयुक्त सचिव के रूप में प्रधानमंत्री कार्यालय में शामिल हुए। वे 2020 तक प्रधानमंत्री कार्यालय में रहे फिर उन्होंने वीआरएस ले लिया। जनवरी 2021 में, वे भाजपा में शामिल हो गए और जल्द ही एमएलसी चुने गए व उप्र भाजपा के उपाध्यक्ष बनाए गए। उप्र में 2022 के विधानसभा चुनावों में भाजपा के सत्ता में लौटने के बाद एके शर्मा को मंत्री पद की शपथ दिलाई गई और उन्हें ऊर्जा व शहरी विकास जैसे दो महत्वपूर्ण विभाग दिए गए। सोमवार को मंत्री के तौर पर अरविंद कुमार शर्मा के आधिकारिक एक्स अकाउंट पर पोस्ट किए गए एक संदेश में राज्य के कई बिजली कर्मचारियों को असल में असामाजिक तत्व बताया गया, जिन्होंने उनके खिलाफ सुपारी ले रखी है। मंत्री के पोस्ट म कहा गया कि जिन लोगों ने ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा की सुपारी ली है, वे परेशान हैं , क्योंकि ऊर्जा मंत्री उनके आगे झुकते नहीं हैं। बिजली विभाग के कर्मचारी आगरा की तर्ज पर पूरे राज्य में बिजली आपूर्ति वितरण के निजीकरण की योजना का विरोध कर रहे हैं। इस निर्णय की घोषणा कुछ महीने पहले की गई थी, जिसके लिए मुख्य सचिव के नेतृत्व में एक टास्क फोर्स का गठन किया गया था। निजीकरण की स्थिति में नौकरियां जाने के डर से कर्मचारियों ने इस मुद्दे पर विरोध प्रदर्शन किया और कई हड़ताल कीं, लेकिन इस दिशा में कोई प्रगति नहीं हुई। हाल के दिनों में, राज्य भर से बिजली कटौती, ट्रिपिंग व ट्रांसफ़ॉर्मरों के खराब होने की खबरों ने शर्मा की परेशानी और बढ़ा दी है। समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव के नेतृत्व में विपक्ष इस मुद्दे पर सरकार, खासकर शर्मा की आलोचना कर रहा है। 25 जुलाई को विधानसभा सत्र के करीब आने पर सीएम योगी आदित्यनाथ ने ऊर्जा विभाग की समीक्षा बैठक की थी। इस मीटिंग में मंत्री एके शर्मा भी वर्चुअली शामिल हुए। इस दौरान अधिकारियों को बार-बार" बिजली ट्रिपिंग, अधिक बिलिंग व अनिर्धारित कटौती के बारे में चेतावनी दी गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने बिजली उत्पादन, पारेषण और वितरण को मजबूत करने के लिए रिकॉर्ड तोड़ बजट आवंटित किया है। उन्होंने कहा कि ऐसे में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। हर स्तर पर जवाबदेही तय होनी चाहिए। दूसरी ओर मंत्री शर्मा के आधिकारिक अकाउंट पर सोमवार को किए गए पोस्ट में निजीकरण की योजना को लेकर उनके खिलाफ हो रहे विरोध प्रदर्शन पर सवाल उठाया गया है। इसमें बताया गया है कि यह निर्णय मुख्य सचिव की अध्यक्षता में गठित टास्क फोर्स द्वारा और उच्च स्तरीय सरकारी मंजूरी के बाद लिया गया था। पोस्ट में कहा गया है कि कर्मचारी अच्छी तरह जानते हैं कि निजीकरण का इतना बड़ा फैसला अकेले नहीं लिया जा सकता। जब ऊर्जा मंत्री एक जेई का भी तबादला नहीं कर सकते, जब यूपीपीसीएल (उत्तर प्रदेश पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड) का कामकाज स्वतंत्र है, तो ऊर्जा मंत्री इतना बड़ा फैसला कैसे ले सकते हैं? लगता है कि एके शर्मा से जलने वाले सभी लोग एक साथ आ गए हैं लेकिन, ईश्वर और जनता एके शर्मा के साथ हैं।लगातार हो रहे विरोध प्रदर्शनों की ओर इशारा करते हुए पोस्ट में कहा गया है कि एके शर्मा के तीन साल के कार्यकाल में बिजली कर्मचारी चार बार हड़ताल पर जा चुके हैं, बाकी विभागों में हड़ताल क्यों नहीं होती? क्या वहां कोई यूनियन नहीं है? या फिर कोई समस्या ही नहीं है? पोस्ट में शर्मा के आवास के बाहर प्रदर्शन कर रहे कर्मचारियों पर अभद्र कृत्य करने और मंत्री एवं उनके परिवार के खिलाफ असभ्य भाषा का प्रयोग करने का भी आरोप लगाया गया।मंत्री के एक्स पोस्ट में आरोप लगाया गया कि मायावती सरकार के तहत आगरा के निजीकरण के कदम का कोई विरोध नहीं हुआ जबकि यूनियन के सदस्य वही थे, क्योंकि कुछ बड़े कर्मचारी यूनियन नेता विदेश पर्यटन पर चले गए थे। ऊर्जा विभाग कर्मचारी संघ के वरिष्ठ नेता शैलेंद्र दुबे का कहना है कि मंत्री इन दिनों जो कुछ भी बोल रहे हैं, उससे उनकी हताशा झलकती है क्योंकि वह निजीकरण कार्यक्रम को लागू नहीं कर पा रहे हैं, जिसके लिए उन्हें उत्तर प्रदेश भेजा गया था। 2010 में उनके द्वारा किए गए एक विदेश दौरे के आरोपों पर दुबे ने कहा कि गिरीश पांडे, ओन प्रकाश पांडे और मैं मॉरीशस के तत्कालीन प्रधानमंत्री से मिलने गए थे। भोजपुरी समाज ने इस यात्रा का आयोजन किया था, जिसका खर्च हमने उठाया था। उन्होंने शर्मा के इस दावे को भी चुनौती दी कि उन्होंने आगरा में बिजली वितरण का काम टोरेंट (गुजरात की कंपनी)द्वारा अपने हाथ में लेने पर कोई आपत्ति नहीं जताई थी। उन्होंने कहा कि इसके खिलाफ उनका विरोध तभी से जारी है।दो महीने पहले मई में अपने गृह नगर मऊ में एक जनसभा को संबोधित करते हुए एके शर्मा ने पहली बार अपने विभाग के अधिकारियों के खिलाफ आवाज़ उठाई थी और कहा था कि जो लोग उनके निर्देशों का पालन नहीं करेंगे, उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इसके बाद बिजली संबंधी समस्याओं को लेकर सोशल मीडिया पर उन पर हमले शुरू हो गए, और कुछ जिलों में प्रदर्शनकारियों ने उनका विरोध भी किया।





षष्ठम विधानसभा के मॉनसून सत्र के पहले दिन स्पीकर कक्ष में विधानसभा अध्यक्ष रबींद्र नाथ महतो का स्वागत करते मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन।





झारखंड विस में मुख्यमंत्री हेमंत का स्वागत करतीं मुख्य सचिव अलका तिवारी एवं मंत्रिमंडल सचिवालय एवं समन्वय विभाग की प्रधान सचिव वंदना दादेल।

### एसआईआर के समर्थन और विरोध के स्वर से गूंजी विधानसभा की लॉबी

# मतदाता गहन पुनरीक्षण सर्वेक्षण पर बंटे विधायक

**काजल मेहता**

**रांची।** झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र का शुक्रवार से प्रारंभ हो गया। सत्र के पहले दिन शोक प्रस्ताव के बाद सदन की कार्यवाही सोमवार तक के लिए स्थगित कर दी गई। वहीं, सदन के बाहर मतदाता गहन पुनरीक्षण सर्वेक्षण (एसआईआर) के मुद्दे पर जमकर बयानबाजी हूई। सत्र के दौरान एसआईआर, जाति जनगणना, सरना कोड और एससी/एसटी आरक्षण जैसे अहम मुद्दों पर चर्चा हुई। सत्र शुरू होने से पहले ही सदन के बाहर एसआईआर को लेकर सत्तापक्ष आक्रामक दिखा। सत्तारूढ़ झामुमो ने 4 अगस्त को सदन के भीतर और बाहर विरोध करने का ऐलान किया है।

### इंडिया गठबंधन एसआईआर का विरोध बेवजह कर रही : सतेंद्र




भाजपा विधायक सतेंद्र तिवारी ने कहा कि 'इंडिया' गठबंधन का एसआईआर का विरोध बेवजह है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि विपक्ष को चुनाव से पहले ही हार का डर सताने लगा है, इसलिए इस तरह का विरोध किया जा रहा है।

### एसआईआर से अल्पसंख्यक मतदाताओं को सूची से निकालने की साजिश : डॉ इरफान



स्वास्थ्य एवं आपदा प्रबंधन मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने एसआईआर पर तीखी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि इसके माध्यम से अल्पसंख्यक मतदाताओं में शामिल मुस्लिम, आदिवासी और दलित मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटाने की साजिश रची जा रही है। उन्होंने कहा कि बिहार हमारा है और भाजपा जानती है कि ये समुदाय उसका वोट बैंक नहीं है, इसलिए उन्हें सूची से हटाने की कोशिश हो रही है, जिसे किसी भी कीमत पर सफल नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि सदन में विरोध प्रदर्शन के साथ-साथ राज्यपाल को ज्ञापन भी सौंपेंगे। उन्होंने कहा कि एसआईआर किसी भी कीमत पर लागू नहीं होने देंगे।

### सरयू राय ने एसआईआर का किया समर्थन



जदयू विधायक सरयू राय ने कहा कि एसआईआर का विरोध बेमानी और बेतुका है। चुनाव आयोग का अधिकार है वह मतदाता सूची के पुनरीक्षण कर सकता है। उन्होंने राय दिया कि राजनीतिक दलों को बूथ लेवल एजेंट नियुक्त कर प्रक्रिया पर नजर रखनी चाहिए और यदि कोई परेशानी हो तो ड्राफ्ट के बाद सुधार भी किया जा सकेगा। उन्होंने विपक्ष के विरोध को राजनीति से प्रेरित बताया और कहा कि सभी दलों को चुनाव आयोग के इस कोशिश में सहयोग करना चाहिए, ताकि मतदाता सूची अधिक पारदर्शी हो सके।

### अटल मोहल्ला क्लीनिक का नाम बदलना राजनीतिक गुंडागर्दी : बाबूलाल मरांडी



भाजपा नेता प्रतिपक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने राज्य में चल रहे अटल मोहल्ला क्लीनिक का नाम बदल कर मदर टेरेसा के नाम पर करने को सरकार की राजनीतिक गुंडागर्दी बताया। उन्होंने कहा कि यह तुष्टिकरण की चरम सीमा है कि अटल बिहारी वाजपेयी जैसे नेता जो झारखंड के निर्माता थे उनके नाम पर चल रही एक छोटी योजना को भी राज्य की सरकार बर्दाश्त नहीं कर सकी।

### कांग्रेस बांग्लादेशी और रोहंगिया वोटर के लिए एसआईआर का मुद्दा उठा रही : नवीन



एसआईआर का झारखंड में भी कांग्रेस द्वारा विरोध के फैसले पर हटिया विधायक नवीन जायसवाल ने कहा कि कांग्रेस अपने बांग्लादेशी घुसपैठियों और रोहंगिया मुसलमान वोटरों के लिए एसआईआर का विरोध कर रही है। उन्होंने कहा कि बिहार में एसआईआर के बाद भी चुनाव आयोग ने एक महीने का समय दिया है कि जिनका नाम छूट गया है वह अपना नाम वोटर लिस्ट में जुड़वा सकते हैं।

### एसआईआर को सफल नहीं होने देंगे : दीपिका पांडे सिंह



ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडे सिंह ने एसआईआर की आलोचना करते हुए कहा कि केंद्र सरकार को विपक्ष की बात सुननी चाहिए। उन्होंने कहा अब तक राहुल गांधी ने जो कुछ भी कहा सब सच हुआ है। फिर भी केंद्र सरकार बार-बार यू-टर्न ले रही है। उन्होंने एसआईआर को 'वोट रोकने की कोशिश' करार दिया और कहा कि इसे सफल नहीं होने दिया जाएगा।

### एसआईआर होना ही चाहिए : चंपाई सोरेन



भाजपा विधायक चंपाई सोरेन ने सघन मतदाता पुनरीक्षण को सही बताया। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची का पुनरीक्षण होना ही चाहिए। उन्होंने कहा कि अटल मोहल्ला क्लीनिक का नाम बदलने का सरकार का फैसला सही नहीं है, इस मुद्दे को भाजपा सदन में उठाएगी।

### लोस चुनाव से पहले एसआईआर होता तो नहीं होता हंगामा : जय राम महतो



डुमरी विधायक जय राम महतो ने कहा कि यदि एसआईआर को लाना था तो लोकसभा चुनाव से पहले लाना चाहिए था। यदि लोकसभा चुनाव से पहले ही सघन मतदाता पुनरीक्षण किया जाता तो शायद आज इस तरह से हंगामा नहीं होता।

### चुनाव आयोग एसआईआर लागू कर भाजपा को पहुंचा रही फायदा : राजेश कच्छप



कांग्रेस विधायक राजेश कच्छप ने चुनाव आयोग व भाजपा पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि आयोग जबरन एसआईआर लागू कर भाजपा को फायदा पहुंचा रही है। उन्होंने कहा कि आधार कार्ड को वोटर कार्ड से लिंक कर देना चाहिए, क्योंकि आधार सबसे विश्वसनीय पहचान पत्र है, लेकिन आयोग उसे मान्यता नहीं दे रही।



**रांची।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को रांची से प्रस्थान के पूर्व बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर स्मृति चिह्न प्रदान करते राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार।

## आईआईटी आईएसएम के शताब्दी वर्ष पर 'माई स्टैंप' का लोकार्पण



**रांची/धनबाद।** आईआईटी आईएसएम, धनबाद के 100 वर्षों की ऐतिहासिक यात्रा और 45वें दीक्षांत समारोह के अवसर पर शुक्रवार को कस्टमाइज्ड 'माई स्टैंप' और विशेष डाक आवरण (स्पेशल कवर) का भव्य लोकार्पण किया गया। यह कार्यक्रम भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की उपस्थिति में संपन्न हुआ। उनके साथ इस विशेष अवसर पर झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार, केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, संस्थान के चेयरमैन प्रो प्रेम भरत, निदेशक प्रो सुकुमार मिश्रा, पोस्टमास्टर जनरल (मेल्स एवं बिजनेस डवलपमेंट), पश्चिम बंगाल सुप्रियो घोष, निदेशक डाक सेवाएं, झारखंड आरवी चौधरी, डीडीएम (पीएलआई) अमित कुमार, तथा सहायक निदेशक (फिलैटली), डाक निदेशालय नई दिल्ली मनीष श्रीवास्तव उपस्थित थे। इस भव्य आयोजन में लगभग 2000 अधिकारी, संकाय सदस्य, विभिन्न विभागों के प्रतिनिधि, विद्यार्थी एवं अभिभावक शामिल हुए। इस अवसर पर जारी डाक टिकट एवं विशेष आवरण न केवल संस्थान की सौ वर्षों की गौरवगाथा को अभिव्यक्त करते हैं, बल्कि तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में इसके अद्वितीय योगदान को जनमानस तक पहुंचाते हैं। यह पहल डाक विभाग की ओर से न केवल एक फिलैटेलिक सम्मान है, बल्कि यह शिक्षा व नवाचार की विरासत को सुरक्षित रखने का एक ऐतिहासिक प्रयास भी है। यह सामग्री अब देशभर के डाक संग्रहकर्ताओं एवं नागरिकों के लिए उपलब्ध रहेगी।

## राष्ट्रपति से प्रबुद्धजनों ने की शिष्टाचार भेंट



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड प्रवास के दौरान राजभवन में शहर के विभिन्न समाज और व्यापारिक संगठन के प्रबुद्धजनों ने झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स के पूर्व अध्यक्ष एवं समाजसेवी कुणाल अजमानी के नेतृत्व में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से शिष्टाचार भेंट की। प्रतिनिधिमंडल में झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष के अलावा जैन, सीए, पटेल, मारवाड़ी, पंजाबी, गुजराती, साहू समाज सहित व्यापार एवं उद्योग जगत के प्रतिनिधि शामिल हुए। राष्ट्रपति ने समाजिक विकास में समाज के विभिन्न वर्गों के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि सबकुछ सरकार नहीं कर सकती, समाज की सक्रिय भूमिका से ही व्यापक बदलाव संभव है। उन्होंने समाज द्वारा चलाए जा रहे अस्पताल, स्कूल, धर्मशालाओं जैसे कार्यों का विशेष उल्लेख किया और सुझाया कि उद्यमी और व्यापारी मिलकर एक गांव गोद लेकर उसे मॉडल गांव के रूप में विकसित करें। आवश्यकता पड़ने पर वे स्वयं इस पहल का उद्घाटन करने अवश्य आएंगी। राष्ट्रपति ने व्यापारी-उद्यमी समाज की प्रशंसा करते हुए कहा कि उद्यमी समाज रोजगार देने में बड़ी भूमिका निभाते हैं। एक व्यक्ति को रोजगार मिलने से आनेवाली कई पीढ़ियां अच्छे जीवनशैली से जुड़ती हैं। प्रतिनिधिमंडल में शामिल ब्लड मैन अतुल गेरा ने ब्लड डोनेशन के लिए स्पेशल एक्ट बनाने की आवश्यकता बताई, और कहा कि जनहित में कानून का प्रभावी किया जाना आवश्यक है जिसपर महामहिम ने उनके प्रयासों की सराहना की।



षष्ठम झारखंड विस के मॉनसून सत्र के पहले दिन झारखंड विधानसभा में विधानसभा अध्यक्ष रबींद्र नाथ महतो की अध्यक्षता में आयोजित कार्य मंत्रणा समिति की बैठक में भाग लेते मुख्यमंत्री व अन्य।

### नवजात के मौत पर बोले मंत्री इरफान अंसारी

## मामला सत्य पाया गया तो होगी कठोर कार्रवाई

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** निजी अस्पातल में नवजात के मौत पर मामले में स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि अगर यह मामला सत्य पाया गया तो उस निजी अस्पताल संचालक के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने कहा कि हॉस्पिटल नॉम्स के अनुसार इलाज के लिए किसी भी अस्पताल या नर्सिंग होम में भर्ती मरीजों से मुलाकात के लिए हर दिन सुबह-शाम का समय निर्धारित है। अगर परिजनों को मरीज से मिलने नहीं दिया जा रहा था तो इसकी शिकायत हम से करनी चाहिए थी।

### मामले में की जा रही जांच : सिटी एसपी

मामले पर सिटी एसपी ने कहा कि प्राथमिकी दर्ज किया जा चूका है। जांच की जा रही है। वहीं सिटी एसपी ने कहा कि निजी अस्पतालों के संचालकों के साथ एक बैठक आयोजित की जाएगी जिसमें कई मुद्दों पर चर्चा होगी।

## सरकार को विकास से कुछ भी लेना-देना नहीं : नवीन जायसवाल

**नवीन मेल संवाददाता**




**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी की अध्यक्षता में शुक्रवार को भाजपा विधायक दल की बैठक हुई। बैठक में कार्यकारी अध्यक्ष डॉ रवींद्र कुमार राय, संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, पूर्व सीएम चंपाई सोरेन, विधायक एवं मुख्य सचेतक नवीन जायसवाल, सचेतक नागेंद्र महतो, विधायक नीरा यादव, मनोज यादव, सत्येंद्र तिवारी, आलोक चौरसिया, देवेंद्र कुंवर, अमित यादव, रोशनलाल चौधरी, उज्ज्वल दास, प्रदीप प्रसाद, पूर्णिमा दास साहू, मंजू कुमारी उपस्थित थे। बैठक के बाद मीडिया से बात करते हुए भाजपा के मुख्य सचेतक जायसवाल ने कहा कि पार्टी के विधायक दल की बैठक में राज्य के ज्वलंत मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि सरकार को विकास से कुछ भी लेना-देना नहीं है। यह सरकार केवल नाम बदलने में विश्वास करती है। सत्ता मद में इतनी चूर है कि देश की एकता और अखंडता के लिए अपनी जान की बाजी लगाने वाले महापुरुष डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी और राज्य के निमार्ता भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के नाम पर चल रही योजनाओं आदि का नाम बदलकर उन्हें अपमानित कर रही है। उन्होंने कहा कि यह उन महापुरुषों का अपमान नहीं, बल्कि देश और राज्य का अपमान है। नवीन जायसवाल ने कहा कि राज्य सरकार मदर टेरेसा के नाम पर कोई अन्य योजना शुरू कर सकती थी, लेकिन ये सरकार तुष्टीकरण में आकंठ डूबी है। इस सरकार की विकास यात्रा की कहानी मदरसा से टेरेसा तक जारी है। उन्होंने कहा कि इस माध्यम से सरकार गांव-देहात में चंगाई सभा के साथ मदर टेरेसा क्लीनिक के माध्यम से धर्मांतरण को बढ़ावा देना चाहती है। जायसवाल ने कहा कि इसके अलावा रिम्स 2 के बहाने यह सरकार किसानों पर कहर ढाना चाहती है। आज किसान अति वृष्टि से परेशान हैं। फसलें-सब्जी बर्बाद हो रही हैं, भदाई फसलें बर्बाद हो चुकी हैं, पर सरकार निश्चिंत बैठी है। उनहोंने कहा कि सीआईडी जांच के बहाने सीजीएल परीक्षा के भ्रष्टाचार को छुपाने की कोशिश हो रही है।

**कार्यक्रम** विश्व स्तनपान दिवस पर स्तनपान सप्ताह शुरू, बोले अभियान निदेशक

# मां का दूध शिशु के लिए सर्वोत्तम व ईश्वरीय वरदान है

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** मां का दूध शिशु के लिए सर्वोत्तम आहार है। मां का दूध ईश्वरीय वरदान है। उक्त बातें राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अभियान निदेशक शशि प्रकाश झा ने नामकुम स्थित लोक स्वास्थ्य संस्थान के प्रेक्षागृह में शुक्रवार को कहीं। मौका था विश्व स्तनपान दिवस के अवसर पर राज्यस्तरीय स्तनपान सप्ताह कार्यक्रम के शुभारंभ की। श्री झा ने कहा की दुनिया के तमाम भोजन में पाए जाने वाले पोषक तत्व मां की दूध में है, इसलिए मां के दूध की तुलना किसी अन्य भोजन से नहीं किया जा सकता है।

निदेशक प्रमुख, स्वास्थ्य सेवाएं डॉ सिद्धार्थ सान्याल ने कहा कि स्वास्थ्य कार्यकर्ता गर्भावस्था के दौरान ही महिलाओं को स्तनपान के फायदों से महिलाओं को अवगत कराएं। स्तनपान कराने से महिलाओं में ब्रेस्ट कैंसर का खतरा कम हो जाता है। उन्होंने कहा कि कभी-कभी सर्दी-खासी और जुकाम जैसी समस्या होने पर माताएं स्तनपान कराना बंद कर देती है, जो गलत है।

रांची सदर अस्पताल के शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ आर के जायसवाल ने कहा कि मां के दूध का कोई विकल्प नहीं है। शिशु के जन्म से छह माह तक सिर्फ और सिर्फ मां का दूध ही दिया जाना चाहिए। इसके अलावा छह माह तक पानी, घुट्टी या मधु देना गलत परम्परा है, जिसका पुरजोर तरीके से विरोध होना चाहिए।

मातृत्व कोषांग की राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ पुष्पा ने कहा कि स्तनपान शिशु का अधिकार है। माँ के दूध से शिशु में रोग प्रतिरोधक क्षमता विकसित होता है। उन्होंने कहा कि डब्बा बंद दूध से बच्चों में कई तरह की बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। उन्होंने कहा कि माँ के साथ-साथ परिवार और समाज की भी जिम्मेदारी है कि माता को स्तनपान कराने के लिए अनुकुल वातावरण उपलब्ध कराए, जिससे वह निःसंकोच अपने वात्सल्य का प्रदर्शन कर सके।

शिशु स्वास्थ्य कोषांग के राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ एल आर पाठक ने बताया कि एक से सात अगस्त 2025 तक स्तनपान सप्ताह के रूप में मनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि शिशु को छः माह तक स्तनपान करायें जाने की परंपरा में 33 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, लेकिन जन्म के एक घण्टे के अन्दर गाढ़ा पीला दूध पिलाने की परम्परा घट कर 21 प्रतिशत हो गया है, जो चिन्ता का विषय है।

जीवीआई अधीक्षक डॉ जेसीना ने कहा कि स्तनपान से शिशु और माँ के बीच भावनात्मक लगाव बढ़ता है। स्तनपान माता के मानसिक तनाव को कम करता है।

आईईसी के राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ लाल माझी ने कहा कि स्तनपान को बढ़ावा देने के उद्देश्य से इस वर्ष का थीम स्तनपान में निवेश-स्वस्थ राष्ट्र का संदेश है। श्री माझी ने स्तनपान कार्यक्रम को बढ़ावा देने के लिए प्रचार प्रसार की भूमिका पर भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम में डॉ कमलेश, डॉ अश्विनी, डॉ प्रदीप सहित अन्य वक्ताओं ने भी अपने अपने विचार रखें। कार्यक्रम का संचालन शिशु एवं पोषण परामर्शी रजनी ने किया। कार्यक्रम में लोक कलाकारों द्वारा स्तनपान विषय पर क्षेत्रीय भाषा नागपुरी में एक नुक्कड़ नाटक का मंचन किया गया। कार्यक्रम मे कांके और नामकुम की सहिया ने स्तनपान जागरूकता में आने वाली परेशानियों, प्रश्नों और सुझावों के बारे में चर्चा की। कार्यक्रम में राज्य कार्यक्रम समन्वयक अकय मिंज, प्रशिक्षण परामर्शी सहित काफी संख्या में एनएचएम के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद थे।

## पृष्ठ एक के शेष

**2047 के विकसित भारत के लक्ष्य में...**

में कुल 1880 छात्रों को विभिन्न पाठ्यक्रमों में डिग्री प्रदान की गई। उत्कृष्ट अकादमिक प्रदर्शन के लिए 94 विद्यार्थियों को गोल्ड, सिल्वर और ब्रांज मेडल से नवाजा गया। राष्ट्रपति ने डिग्री हासिल करने वाले छात्रों से कहा कि 100 वर्षों के गौरवपूर्ण इतिहास वाले आईआईटी-आईएसएम जैसे विश्वस्तरीय संस्थान से शिक्षा प्राप्त करना गर्व का विषय है। यह दीक्षांत केवल शिक्षा की पूर्णता नहीं, बल्कि एक नई यात्रा की शुरुआत है, जो नौकरी, उच्च शिक्षा या नवाचार की दिशा में हो सकती है। शिक्षा में मानवीय मूल्यों के महत्व को रेखांकित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा, आप भविष्य में जो कुछ भी करें, उसमें बुद्धिमत्ता के साथ नैतिकता और करुणा भी होनी चाहिए। आपका ज्ञान केवल व्यक्तिगत उन्नति का साधन न बने, बल्कि वह समाज और राष्ट्र के निर्माण का माध्यम हो। यही शिक्षा का सार है। अपने ज्ञान से जटिल समस्याओं का रचनात्मक समाधान निकालें और ग्रीन इंडिया और न्यायपूर्ण भारत के निर्माण में योगदान दें। राष्ट्रपति ने संस्थान द्वारा तैयार किए गए शैक्षणिक और नवाचार इको-सिस्टम की सराहना की, जिसका उद्देश्य लोगों की जरूरतों और आकांक्षाओं से शिक्षा को जोड़ना है। उन्होंने कहा कि 100 वर्षों के गौरवशाली इतिहास के साथ यह संस्थान आज शिक्षा और अनुसंधान का अग्रणी केंद्र बन चुका है। जनजातीय समाज के लिए यहां संचालित 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि कि यह केंद्र कौशल विकास और प्रशिक्षण के माध्यम से न केवल जनजातीय युवाओं को, बल्कि वंचित महिलाओं को भी सशक्त बना रहा है। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रयास सामाजिक समावेशिता और समग्र विकास की दिशा में सराहनीय हैं। इस मौके पर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और राज्य के नगर विकास एवं उच्च शिक्षा मंत्री सुदिव्य सोनू विशिष्ट अतिथि के तौर पर उपस्थित थे। संस्थान के चेयरमैन प्रेम बराट ने वर्ष 1926 लेकर अब तक संस्थान की विकास यात्रा पर प्रकाश डाला। आईआईटी आईएसएम के निदेशक प्रो सुकुमार मिश्रा ने दीक्षांत समारोह में संस्थान का रिपोर्ट कार्ड पेश किया।

**राष्ट्रपति की उपस्थिति से प्रेरणादायक बना...**

कहा कि एक साधारण ग्रामीण पृष्ठभूमि से निकलकर आपने जिस प्रकार विषम परिस्थितियों में शिक्षा प्राप्त की और अपने गांव की पहली कॉलेज जाने वाली बेटी बनीं, वह संपूर्ण देश के लिए प्रेरणा का विषय है। राज्यपाल ने आईआईटी आईएसएम, धनबाद की सराहना करते हुए कहा कि यह संस्थान खनन, ऊर्जा, अनुसंधान एवं नवाचार के क्षेत्र में राष्ट्र को दिशा देता आया है। वर्ष 1926 में स्थापित यह संस्थान आज वैश्विक स्तर पर अपनी सशक्त पहचान बना चुका है। राज्यपाल संतोष गंगवार ने इस अवसर पर उपाधि प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों, उनके अभिभावकों एवं शिक्षकों को बधाई दी। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि वे अपने ज्ञान का उपयोग समाज और राष्ट्र के कल्याण में करें। अपने संबोधन में राज्यपाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की तेजी से उभरती अर्थव्यवस्था, 'डिजिटल इंडिया' अभियान, तकनीकी नवाचार तथा ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता जैसे विषयों का उल्लेख करते हुए युवाओं को राष्ट्र निर्माण में भागीदारी के लिए आह्वान किया। राज्यपाल गंगवार ने झारखंड की खनिज संपदा का उल्लेख करते हुए कहा कि आईआईटी आईएसएम, धनबाद जैसे संस्थान राज्य के सतत एवं समावेशी विकास में अनुसंधान व नवाचार के माध्यम से महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने सभी उपाधिधारकों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

**मातृत्व को सशक्त बनाने का प्रयास...**

के साथ 'पोषण ट्रैकर' जैसे डिजिटल उपकरण माताओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक बना रहे हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) और यूनिसेफ के अनुसार, स्तनपान शिशुओं को कुपोषण, दस्त और निमोनिया जैसी बीमारियों से बचाता है, साथ ही माताओं में स्तन कैंसर, डिंबग्रंथि कैंसर और टाइप-2 मधुमेह का खतरा कम करता है। स्तन के दूध में मौजूद एंटीबॉडी शिशुओं को बीमारियों से सुरक्षा देते हैं। आंकड़े बताते हैं कि स्तनपान दरों में सुधार से हर साल 8,20,000 बच्चों की जान बचाई जा सकती है। हालांकि, वैश्विक स्तर पर केवल 48 प्रतिशत शिशुओं को ही छह महीने तक पूर्ण स्तनपान कराया जाता है।

**सदन को स्वस्थ बहस, रचनात्मक आलोचना...**

सदन ने धनबाद के पूर्व सांसद चंद्रशेखर सिंह, कोडरमा के पूर्व सांसद तिलकधारी सिंह, पूर्व विधायक ओमीलाल आजाद, ज्योतिंद्र प्रसाद, युगल किशोर पांडेय, इसरो के पूर्व अध्यक्ष डॉ के. कस्तूरीरंगन, चिकित्सक डॉ शोभा चक्रवर्ती और हॉकी कोच प्रतिमा बरवा सहित अन्य दिवंगतों को श्रद्धांजलि दी। अहमदाबाद विमान हादसे में यात्रियों और पहलगाम में आतंकी हमले में पर्यटकों के निधन पर भी शोक व्यक्त किया गया। सदन में दो मिनट का मौन रखकर सभी दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि दी गई। सदन के नेता हेमंत सोरेन, नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी एवं अन्य ने इन विभूतियों के योगदान की चर्चा की। इसके बाद सदन की कार्यवाही सोमवार सुबह 11:00 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई।

# इंग्लैंड के खिलाफ 5वें टेस्ट में नहीं खेल रहे स्टार गेंदबाज बुमराह

## कोच डोशेट ने बताई वजह

लंदन (आईएएनएस)

भारत के सहायक कोच रयान टेन डोशेट ने बुमराह के पांच दिवसीय टेस्ट मैच से बाहर होने की वजह बताई है। उन्होंने कहा कि टीम प्रबंधन ने बुमराह की इच्छा का सम्मान किया। प्रबंधन ने माना कि बुमराह को सिर्फ तीन मैच खेलने का मौका देना सही था क्योंकि इस खिलाड़ी का भविष्य एक टेस्ट मैच से कहीं ज्यादा अहम है। जसप्रीत बुमराह ने मैनचेस्टर टेस्ट में अपनी तीन मैचों की निर्धारित भागीदारी पूरी की। भारतीय टीम प्रबंधन ने पांचवें और अंतिम टेस्ट मैच में इस स्टार तेज गेंदबाज के साथ कोई जोखिम न लेने का फैसला किया। रयान टेन डोशेट ने पांचवें टेस्ट के पहले दिन का खेल समाप्त होने के बाद पत्रकारों से कहा कि जसप्रीत बुमराह का मामला जटिल है। उन्होंने बताया कि टीम उन्हें शामिल करना चाहती थी, लेकिन उनके स्वास्थ्य को प्राथमिकता देते हुए, प्रबंधन ने उन्हें अंतिम टेस्ट में न खिलाने का निर्णय लिया। उन्होंने कहा कि जसप्रीत बुमराह ने तीन टेस्ट में काफी ओवर गेंदबाजी की, भले ही मैनचेस्टर में उन्होंने केवल एक पारी में गेंद फेंकी। उन्होंने बताया कि बुमराह ने दौरे से पहले तीन मैचों की उपलब्धता की बात कही थी, और टीम ने उनके फैसले का सम्मान करते हुए उनके वर्कलोड को ध्यान में रखकर पांचवें टेस्ट में उन्हें शामिल न करने का निर्णय लिया।

पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला में जसप्रीत बुमराह को किन मैचों में आराम देना है, इसका फैसला लेते समय कोई सटीक वैज्ञानिक आधार नहीं अपनाया गया। उन्होंने कहा कि जब जसप्रीत बुमराह को 5वें टेस्ट में न खिलाने का फैसला खिलाड़ियों के लिए आश्चर्यजनक था। उन्होंने बताया कि ओवल में उछाल होने के बावजूद यह बल्लेबाजी के लिए अच्छा विकेट माना जाता है। टीम ने जोखिम लेने का निर्णय लिया और सोचा कि अगर टॉस जीता तो पहले गेंदबाजी की जाएगी।




**बुमराह को न खिलाने का फैसला खिलाड़ियों के लिए चौंकाने वाला था**
- 5वें टेस्ट में उनके बाहर रहने से टीम हैरान हुई।

**ओवल की पिच में उछाल के बावजूद बल्लेबाजी के लिए उपयुक्त थी**
- बल्लेबाजों के लिए अच्छी स्थिति मानी गई।

**टीम ने जोखिम लेने का निर्णय लिया**
- चयन और रणनीति में साहसिक रुख अपनाया।

**टॉस जीतने पर पहले गेंदबाजी की योजना थी।**
- हालात के अनुसार गेंदबाजी को प्राथमिकता दी जाती।

## वोक्स की चोट के बाद पूर्व तेज गेंदबाज स्टुअर्ट ब्रॉड ने की इंजरी रिप्लेसमेंट नियम की वकालत...

नई दिल्ली (आईएएनएस)। इंग्लैंड टेस्ट टीम के तेज गेंदबाज क्रिस वोक्स की कंधे की चोट ने टेस्ट क्रिकेट में इंजरी रिप्लेसमेंट्स नियमों पर बहस को फिर से हवा दी है। पूर्व तेज गेंदबाज स्टुअर्ट ब्रॉड ने रिप्लेसमेंट नियम की वकालत की है। पूर्व खिलाड़ी ने सुझाव दिया है कि इससे क्रिकेट की गुणवत्ता में सुधार होगा। ओवल में भारत के खिलाफ पांचवें और अंतिम टेस्ट के पहले दिन फील्डिंग करते हुए वोक्स चोटिल हो गए थे। इससे पहले भारत और इंग्लैंड के बीच खेले गए मैनचेस्टर टेस्ट के पहले दिन भारतीय विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत चोटिल हो गए थे। पंत दूसरे दिन साहस दिखाते हुए मैदान पर लौटे। हालांकि, उन्होंने सिर्फ बल्लेबाजी की। विकेटकीपर के तौर पर भारत ने पंत की जगह ध्रुव जुरेल को विकेट के पीछे उतारा, लेकिन आईसीसी के नियमों के कारण पंत दूसरी पारी में बल्लेबाजी के लिए उपलब्ध नहीं थे। स्टुअर्ट ब्रॉड ने स्काई स्पोर्ट्स पर क्रिकेट में 11-11 खिलाड़ियों के अनुपात को बनाए रखने के पक्ष में तर्क दिया, खासकर जब चोटें असामान्य हों। उनका कहना है कि इससे मैच की गुणवत्ता और स्तर में सुधार होगा।



# 'कश्मीर सुपर लीग-2025' देखने पहुंचे उपराज्यपाल मनोज सिन्हा

श्रीनगर (आईएएनएस)

जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा श्रीनगर में चल रही कश्मीर सुपर लीग-2025 के क्वालीफायर 2 मैच देखने पहुंचे। इस दौरान उन्होंने खिलाड़ियों और अधिकारियों से बातचीत की और जम्मू-कश्मीर खेल परिषद और कश्मीर सुपर लीग के प्रायोजकों को बधाई दी। मनोज सिन्हा ने कहा, "कश्मीर सुपर लीग को जम्मू-कश्मीर के फुटबॉल इतिहास में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर माना जाएगा। मुझे उम्मीद है कि कश्मीर सुपर लीग की सफलता कश्मीर के फुटबॉल खिलाड़ियों के लिए राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने के लिए एक आधारशिला का काम करेगी। कश्मीर सुपर लीग का क्वालीफायर 2 मैच एक्वा कश्मीर एवेंजर्स एफसी और आर्को यूनाइटेड एफसी के बीच खेला गया। कश्मीर सुपर लीग 2025 का उद्देश्य युवाओं को प्रेरित करना, स्थानीय क्षमता का निर्माण करना, दीर्घकालिक खेल करियर के रास्ते बनाना, स्थानीय फुटबॉल प्रतिभाओं को अपना कौशल दिखाने के लिए एक पेशेवर मंच प्रदान करना और उभरते और पेशेवर फुटबॉलरों के लिए एक प्रतिस्पर्धी मंच सुनिश्चित करना है।

इस लीग में विभिन्न क्लबों और कॉर्पोरेट फुटबॉल टीमों का प्रतिनिधित्व करने वाली टीमों की उत्साहजनक भागीदारी देखी जा रही है, और यह खेलों में युवा प्रतिभाओं की पहचान और पोषण के लिए एक मंच के रूप में कार्य करती है। इस लीग में सामुदायिक आउटरीच कार्यक्रम भी शामिल हैं, जैसे स्कूल दौरे, फुटबॉल क्लीनिक और प्रशंसक जुड़ाव गतिविधियां। सरमद हफीज, आयुक्त सचिव समाज कल्याण, अक्षय लाबरू, उपायुक्त श्रीनगर, नुजहत गुल, सचिव, जम्मू-कश्मीर खेल परिषद; नागरिक और पुलिस प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी, प्रमुख खेल हस्तियां, युवा और बड़ी संख्या में फुटबॉल प्रेमी उपस्थित थे। उपराज्यपाल ने इस ऐतिहासिक फुटबॉल टूर्नामेंट में भाग लेने वाली सभी छह टीमों के मालिकों को सम्मानित किया।



## दलीप ट्रॉफी : पश्चिम क्षेत्र की कप्तानी करेंगे शार्दुल ठाकुर

मुंबई (आईएएनएस)

ऑलराउंडर शार्दुल ठाकुर 28 अगस्त से बेंगलुरु में शुरू हो रही दलीप ट्रॉफी में पश्चिम क्षेत्र की कप्तानी करते नजर आएंगे। शुक्रवार को बीकेसी स्थित एमसीए शरद पवार इंडोर क्रिकेट अकादमी एवं मनोरंजन केंद्र में हुई बैठक में क्षेत्रीय चयन समिति द्वारा चुनी गई टीम में यशस्वी जायसवाल, श्रेयस अय्यर, सरफराज खान और रुतुराज गायकवाड़ को भी शामिल किया गया है। शार्दुल ठाकुर, तनुश कोटियन और शम्स मुलानी के साथ घरेलू क्रिकेट में मुंबई के लिए एक महत्वपूर्ण ऑलराउंडर खिलाड़ी रहे हैं। तेज गेंदबाज तुषार देशपांडे को भी दलीप ट्रॉफी के लिए टीम में जगह मिली है। अय्यर वर्तमान में भारतीय टेस्ट टीम से बाहर हैं। उन्होंने भारत के लिए 14 टेस्ट मैच खेले हैं, जिसमें एक शतक और पांच अर्धशतक लगाए हैं। इंग्लैंड के खिलाफ 2024 की घरेलू सीरीज के दूसरे टेस्ट के बाद उन्हें टीम से बाहर कर दिया गया था। दूसरी ओर, सरफराज इस साल की शुरुआत में ऑस्ट्रेलिया में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के पूरे दौरे में बेंच पर बैठे रहे और उन्हें इंग्लैंड के मौजूदा टेस्ट दौरे के लिए जगह नहीं मिल।



## डब्ल्यूसीएल 2025

## पाकिस्तान के चैंपियंस बनने में मुश्किल पैदा करेगा द. अफ्रीका

मुंबई (आईएएनएस)

बर्मिंघम, 1 अगस्त (आईएएनएस)। वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स 2025 (डब्ल्यूसीएल) अपने अंतिम मुकाबले के लिए पूरी तरह तैयार है। एबी डिविलियर्स की अगुवाई में साउथ अफ्रीका चैंपियंस शनिवार को ग्रैंड फिनाले में पाकिस्तान चैंपियंस के खिलाफ आमने-सामने होगी। डब्ल्यूसीएल में इस साल एबी डिविलियर्स फाइनल का ताज पहनने और साउथ अफ्रीका के लिए खिताब पक्का करने को तैयार हैं। हाशिम अमला, इमरान ताहिर, वेन पार्नेल और क्रिस मॉरिस जैसे शानदार खिलाड़ियों की बदौलत, साउथ अफ्रीका चैंपियंस टीम ने सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया चैंपियंस टीम पर शानदार जीत के साथ फाइनल में जगह बनाई। वहीं, पाकिस्तान चैंपियंस टीम पूरे टूर्नामेंट में अजेय रही है। मोहम्मद हफीज, शोएब मलिक, शरजील खान, और सईद अजमल जैसे खिलाड़ियों के दम पर टीम काफी मजबूत दिखाई दे रही है। फाइनल में भी टीम अच्छा प्रदर्शन करने के इरादे से उतरेगी।

## चहल बोले-धनश्री से तलाक के समय सुसाइड का ख्याल आया

# सिर्फ 2 ही घंटे सोता था, मैदान पर मेरा दिमाग पूरी तरह से काम नहीं कर रहा था

नई दिल्ली । एजेंसी

भारतीय क्रिकेटर युजवेंद्र चहल ने हाल ही में राज शमानी के पॉडकास्ट में अपनी पूर्व पत्नी, कोरियोग्राफर और इन्फ्लुएंसर धनश्री वर्मा से तलाक के बाद के मानसिक तनाव का खुलासा किया। उन्होंने बताया कि तलाक की प्रक्रिया के दौरान वह एक महीने तक केवल दो घंटे ही सो पाए और उनके मन में आत्महत्या के विचार आए। चहल ने कहा, 'मैंने अपने दोस्तों से यह बात साझा की। मुझे क्रिकेट से ब्रेक चाहिए था। मैदान पर भी मेरा दिमाग काम नहीं कर रहा था। चहल और धनश्री के तलाक को 20 मार्च 2025 को मुंबई की फैमिली कोर्ट ने मंजूरी दी थी। दोनों ने 11 दिसंबर 2020 को शादी की थी। वहीं, चहल ने बताया कि उनका तलाक अचानक नहीं हुआ, बल्कि यह एक लंबी और निजी प्रक्रिया थी। उन्होंने सोशल मीडिया पर अपनी परेशानियों को छिपाकर सामान्य जोड़े की तरह दिखने की कोशिश की।




चहल ने कहा, 'हमने फैसला किया था कि जब तक अंतिम निर्णय नहीं हो जाता, हम कुछ नहीं कहेंगे। सोशल मीडिया पर हम सामान्य जोड़े की तरह दिखते थे, लेकिन मैं दिखावा कर रहा था।

**महत्वाकांक्षी जिंदगियों में तालमेल की कमी :** चहल ने बताया कि उनकी और धनश्री की महत्वाकांक्षी जिंदगियों के कारण उनके बीच तालमेल नहीं बैठ पाया। उन्होंने कहा, 'रिश्ते में समझौता जरूरी है। अगर एक गुस्से में हो, तो दूसरे को सुनना पड़ता है।

## एमवी श्रीधर : शानदार बल्लेबाज, जिन्हें भारतीय क्रिकेट टीम में कभी नहीं मिल पाई जगह

नई दिल्ली (आईएएनएस)

क्रिकेट में करियर देख रहे हर युवा का सपना होता है कि एक न एक दिन वह भी अपने देश का प्रतिनिधित्व करेगा। कुछ को सफलता मिलती है तो कुछ को निराशा। कुछ अपने राज्य के रणजी स्तर तक पहुंचते हैं, लेकिन इसके बाद राष्ट्रीय टीम तक का सफर काफी कठिन होता है। प्रथम श्रेणी खेलने वाले कई क्रिकेटर ऐसे हैं, जिन्हें कभी राष्ट्रीय टीम के लिए नहीं चुना गया। एम.वी. श्रीधर भी एक ऐसे ही क्रिकेटर थे। एक सफल दाएं हाथ के बल्लेबाज, श्रीधर ने 1988-89 और 1999-2000 के बीच अपने करियर में 21 प्रथम श्रेणी शतक लगाए। श्रीधर हैदराबाद के उन तीन बल्लेबाजों में से एक थे जिन्होंने प्रथम श्रेणी में तिहरा शतक लगाया था, वीवीएस लक्ष्मण और अब्दुल अजीम भी ऐसे ही बल्लेबाज थे। 1994 में आंध्र प्रदेश के खिलाफ उनकी 366 रनों की पारी, रणजी ट्रॉफी में तीसरा सबसे बड़ा व्यक्तिगत स्कोर है, जो भाऊसाहेब निंबालकर के नाबाद 443 और संजय मांजरेकर के 377 रनों के बाद दूसरे स्थान पर है।

# एशिया कप से पहले टी20 त्रिकोणीय सीरीज की मेजबानी करेगा यूएई...

दुबई (आईएएनएस)

संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) 29 अगस्त से ऐतिहासिक शारजाह क्रिकेट स्टेडियम में सात मैचों की टी20 त्रिकोणीय श्रृंखला में पाकिस्तान और अफगानिस्तान की मेजबानी करेगा। ग्रुप चरण में प्रत्येक टीम दो-दो बार एक-दूसरे से खेलेगी, जिसके बाद शीर्ष दो टीमें 7 सितंबर को फाइनल में जगह बनाएंगी। अफगानिस्तान 29 अगस्त को टूर्नामेंट के पहले मैच में पाकिस्तान से भिड़ेगा। मेजबान यूएई अपने अभियान की शुरुआत 30 अगस्त को पाकिस्तान के खिलाफ करेगा। इसके बाद अफगानिस्तान का मुकाबला 1 सितंबर को यूएई से और दूसरा ग्रुप-स्टेज मैच 2 सितंबर को पाकिस्तान से होगा। पाकिस्तान और यूएई का दूसरा ग्रुप-स्टेज मैच 4 सितंबर को खेला जाएगा, जिसके बाद अफगानिस्तान-यूएई मैच 5 सितंबर को होगा। यह टूर्नामेंट तीनों टीमों को 9 सितंबर से यूएई में खेले जाने वाले आठ टीमों के एशिया कप 2025 से पहले तैयारी करने के लिए एक सटीक अवसर प्रदान करेगा। आईसीसी के फ्यूचर टूर्स प्रोग्राम के अनुसार, पाकिस्तान को शुरू में तीन मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के लिए अफगानिस्तान की मेजबानी करनी थी। त्रिकोणीय सीरीज में भाग लेने वाली तीन टीमों में, पाकिस्तान आईसीसी टी-20 रैंकिंग में आठवें स्थान पर है, उसके बाद अफगानिस्तान नौवें और संयुक्त अरब अमीरात 14वें स्थान पर है। पाकिस्तान वर्तमान में वेस्टइंडीज के खिलाफ टी-20 सीरीज खेल रहा है। पाकिस्तान ने अपना पहला मैच जीत लिया है। उनका एशिया कप अभियान 12 सितंबर को ओमान के खिलाफ शुरू होगा। अफगानिस्तान ने आखिरी बार पिछले साल के अंत में जिम्बाब्वे में टी-20 श्रृंखला खेली थी।




# व्यापार/लाइफ व साइंस

# एईएसएल ने स्कॉलरशिप और एडमिशन के लिए 'आकाश इनविक्टस ऐस टेस्ट' लॉन्च किया है




नवीन मेल संवाददाता

- **एंथे परीक्षा इस साल 4 से 12 अक्टूबर 2025 के बीच ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों मोड में आयोजित होगी**

**रांची ।** छात्रों के सपनों को कामयाबी में बदलते हुए 16 सफल साल पूरे करने पर, आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (AESL) – जो टेस्ट प्रिपरेशन में देश की अग्रणी संस्था है – ने अपने प्रमुख इनिशिएटिव एंथे 2025 (आकाश नेशनल टैलेंट हंट एग्ज़ाम) की शुरुआत का ऐलान किया है। भारत के एकेडमिक कैलेंडर में हर साल का सबसे बहुप्रतीक्षित इवेंट माने जाने वाले एंथे 2025 का मकसद, कक्षा 5वीं से 12वीं तक के छात्रों को चुनौतियों से लड़ने और असली प्रॉब्लम सॉल्वर बनने के लिए प्रेरित और सशक्त बनाना है।

गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को सभी तक पहुँचाने के अपने मिशन को आगे बढ़ाते हुए, एंथे 2025 में स्टूडेंट्स को 250 करोड़ तक की स्कॉलरशिप (100% तक) दी जा रही है, जो क्लासरूम, आकाश डिजिटल और इन्विक्टस कोर्सेस पर लागू होगी। इसके साथ ही 2.5 करोड़ तक के कैश अवॉर्ड्स भी दिए जा रहे हैं, जो मेडिकल या इंजीनियरिंग में सक्सेसफुल करियर का सपना देखने वाले स्टूडेंट्स के लिए मददगार साबित होंगे। यह एग्जाम स्टूडेंट्स के लिए NEET, JEE, State CETs, NTSE और Olympiads जैसे कॉम्पिटिटिव एग्जाम्स की बेस्ट कोचिंग पाने का रास्ता खोलता है, जो आकाश के एक्सपर्ट फैकल्टी द्वारा दी जाती है। आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड के सीईओ और एमडी, श्री दीपक मेहरोत्रा ने कहा, "एंथे अब देशभर के छात्रों के लिए एक उम्मीद की पहचान बन चुका है। पिछले 16 वर्षों में हमने मेधावी छात्रों को उनके सपनों को पूरा करने का मौका दिया है, चाहे उनकी आर्थिक स्थिति या लोकेशन कुछ भी हो। आकाश में हमारा मानना है कि हर छात्र में क्रिटिकल थिंकिंग, समस्याएं हल करने और बदलाव लाने की क्षमता होती है। एंथे 2025 इस सोच को आगे बढ़ाते हुए छात्रों को सही संसाधन, सहयोग और मोटिवेशन देगा ताकि वे आगे बढ़ें और चमकें। हमारी वाइड नेटवर्क और हाइब्रिड लर्निंग मॉडल से हम क्वालिटी एजुकेशन को हर छात्र के लिए सुलभ और परिणाम केंद्रित बना रहे हैं।

## भारत का कपड़ा निर्यात 2024-25 में 37.75 अरब डॉलर के पार : पबित्रा मार्गेरिटा

नई दिल्ली (आईएएनएस)



भारत का कपड़ा और परिधान का कुल निर्यात 2024-25 में बढ़कर 37.75 अरब डॉलर के पार हो गया, जो पिछले वित्त वर्ष के 35.87 अरब डॉलर के इसी आंकड़े से 5 प्रतिशत अधिक है। यह जानकारी शुक्रवार को संसद को दी गई। कपड़ा राज्य मंत्री पबित्रा मार्गेरिटा ने राज्यसभा में एक लिखित उत्तर में कहा कि सरकार कपड़ा क्षेत्र में निवेश बढ़ाने, रोजगार के अवसर पैदा करने और निर्यात को बढ़ावा देने के लिए कई योजनाएं लागू कर रही है। सरकार ने पीएम मित्र पार्क स्थापित करने के लिए सात स्थलों को मंजूरी दी है, जिनमें गुजरात, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, तमिलनाडु, तेलंगाना और उत्तर प्रदेश में एक-एक पार्क शामिल हैं। राज्य मंत्री ने बताया कि पार्क के गेट तक एक्सटर्नल इंफ्रास्ट्रक्चर उपलब्ध करवाने के लिए विभिन्न राज्य सरकारों द्वारा 1,197.33 करोड़ रुपए के इंफ्रास्ट्रक्चर कार्य शुरू किए गए हैं।

# भारत-अमेरिका साझेदारी चुनौतियों के बाद और मजबूत : विदेश मंत्रालय

नई दिल्ली (आईएएनएस)

भारत और अमेरिका के बीच एक व्यापक वैश्विक रणनीतिक साझेदारी है, जो साझा हितों, लोकतांत्रिक मूल्यों और मजबूत जनसंपर्क आधारित रिश्तों पर आधारित है। यह साझेदारी समय-समय पर हुए अनेक बदलावों और चुनौतियों का सामना करते हुए भी मजबूत बनी रही है, ऐसा बयान विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को जारी किया।र विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रंधीर जायसवाल ने साप्ताहिक मीडिया ब्रीफिंग के दौरान कहा, "भारत और अमेरिका के बीच साझा हितों, लोकतांत्रिक मूल्यों और मजबूत जनसंपर्क पर आधारित एक व्यापक वैश्विक रणनीतिक साझेदारी है। यह साझेदारी कई बदलावों और चुनौतियों से गुजर चुकी है। दोनों देश अपने ठोस एजेंडे पर केंद्रित हैं और हमें विश्वास है कि यह संबंध आगे भी प्रगति करेगा।

यह बयान ऐसे समय आया है जब अमेरिका ने भारत पर नए शुल्क (टैरिफ) लगाने की घोषणा की है। दरअसल, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने घोषणा की कि भारत से आने वाले सामानों पर 25 प्रतिशत का 'पारस्परिक शुल्क' लगाया जाएगा और रूस से ऊर्जा खरीद को लेकर एक अलग दंडात्मक शुल्क भी लगाया जाएगा, जो 1 अगस्त से प्रभावी होगा। ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'ट्रुथ सोशल' पर लिखा, "भारत 1 अगस्त से 25 प्रतिशत शुल्क देगा।" साथ ही उन्होंने यह कहा कि भारत को रूस से ऊर्जा खरीदने पर अतिरिक्त दंड भी भुगतना होगा।

ट्रंप ने कहा कि रूस-यूक्रेन युद्ध में जब तक रूस युद्धविराम नहीं करता, तब तक जो देश रूस से ऊर्जा खरीदते रहेंगे, उन पर अमेरिका की ओर से 100 प्रतिशत तक का 'सेकेंडरी टैरिफ' लगाया जाएगा। ट्रंप के इस कदम को विशेषज्ञों ने एक रणनीतिक दबाव के रूप में देखा है ताकि भारत को किसी समझौते के लिए प्रेरित किया जा सके, खासकर तब जब अमेरिका के वाणिज्य सचिव हॉवर्ड लटनिक जैसे अधिकारी यह संकेत दे चुके हैं कि भारत जल्द ही कोई व्यापारिक समझौता कर सकता है।

ट्रंप ने अपने पोस्ट में लिखा, "याद रखिए, भारत हमारा मित्र है, लेकिन हमने वर्षों से उनके साथ अपेक्षाकृत बहुत कम व्यापार किया है, क्योंकि उनके टैरिफ विश्व में सबसे अधिक हैं। उन्होंने कहा, "भारत ने हमेशा अपनी अधिकांश सैन्य खरीद रूस से की है और वह रूस से ऊर्जा खरीदने वाला सबसे बड़ा खरीदार है। वह भी ऐसे समय में जब पूरी दुनिया चाहती है कि रूस यूक्रेन में नरसंहार बंद करे।




**ट्रंप का बयान: भारत मित्र है, लेकिन व्यापार असंतुलित रहा है**
- भारत के ऊंचे टैरिफ को मुख्य कारण बताया

**भारत की सैन्य खरीद में रूस की अहम भूमिका रही है**
- भारत रूस से सबसे ज्यादा ऊर्जा भी खरीदता है

**ट्रंप ने रूस-यूक्रेन युद्ध पर भारत की स्थिति को भी इंगित किया**
- पूरी दुनिया रूस पर दबाव बना रही, भारत फिर भी खरीद जारी रखे हुए है

## सेंसेक्स 585 अंक फिसलकर बंद, फार्मा इंडेक्स 3 प्रतिशत से अधिक गिरा

मुंबई (आईएएनएस)



अमेरिकी ट्रेड टैरिफ के कारण भारतीय शेयर बाजार शुक्रवार के कारोबारी सत्र में लाल निशान में बंद हुआ। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 585.67 अंक या 0.72 प्रतिशत की गिरावट के साथ 80,599.91 और निफ्टी 203 अंक या 0.82 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 24,565.35 पर था। लार्जकैप के साथ मिडकैप और स्मॉलकैप में भी बड़ी गिरावट देखी गई। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 763.40 अंक या 1.33 प्रतिशत की गिरावट के साथ 56,637.15 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 298.65 अंक या 1.66 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 17,668.20 पर था। बाजार में गिरावट के नेतृत्व फार्मा शेयरों ने किया। निफ्टी फार्मा इंडेक्स 3.33 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुआ। आईटी, पीएसयू बैंक, मेटल, इन्फ्रा और कमोडिटी इंडेक्स 2 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुए। केवल एफएमसीजी इंडेक्स ही 0.69 प्रतिशत की तेजी के बंद हुआ।